नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार, 27 जून 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 41 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1967 : विश्व का पहला एटीएम लंदन के एनफील्ड में स्थापित किया गया।

1967 : भारत में निर्मित प्रथम यात्री विमान एचएस 748 को इंडियन एयरलाइंस को सौंपा गया।

2002 : जी-8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर सहमत हुआ।

2003 : समलैंगिकता पर अमेरिका में प्रतिबंध रद्द हुआ।

संक्षिप्त समाचार

जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी ढ़ेर

जम्मू(नबिटा ब्यूरो)। उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। सेना ने एक आतंकी को मार गिराया है जबकि तीन के घिरे होने की खबर है। दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है। मुठभेड़ में मारा गया आतंकी जैश-ए-मोहम्मद का है।

हाथी ने मजदूर को कुचला, मौत

बोकारो(नबिटा ब्यूरो)। जिले के गोमिया प्रखंड स्थित धर्मपुर गांव में जंगली हाथी ने एक मजदूर की जान ले ली। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के कुल्टी निवासी कलाम अंसारी के रूप में हुई है। वह स्थानीय निर्माणाधीन क्रेशर में काम करता था। क्रेशर साइट पर पांच मजदूर सो रहे थे। इसी दौरान एक जंगली हाथी ने परिसर में प्रवेश किया। नाइट वॉचमैन समेत चार मजदूर भागकर बच गए पर कलाम अंसारी हाथी की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

मिनी अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

रांची(नबिटा ब्यूरो)। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रांची के सिकिदरी इलाके से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। रांची के सिकिदरी में उत्पाद विभाग की टीम ने मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली शराब का निर्माण किया जा रहा था। उत्पाद आयुक्त राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई छापेमारी में 600 पेटी शराब के साथ साथ 500 लीटर कच्चा शराब बरामद किया गया है। इस मौके से पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

जोड़िया में डूबने से किशोर की मौत

धनबाद(नबिटा ब्यूरो)। जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र के बाघमारा आमटांड में एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। गुरुवार को हुई इस घटना में आमटांड निवासी देवीलाल गोराई का 14 वर्षीय पुत्र आशीष गोराई की जान चली गई। आशीष अपने पिता के साथ घर के पास स्थित जोड़िया में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तुरंत उसे पानी से बाहर निकाल धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लेकर गये। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया।

सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत

बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)। परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मई पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को स्कूल जा रहे एक छात्र को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कुचल दिया। मृतक की पहचान मई गांव निवासी नीतीश यादव के 10 वर्षीय पुत्र जौसब कुमार के रूप में की गई है।

किसानों के तकनीकी सशक्तिकरण का केंद्र बने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय : कृषि मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को झारखंड के किसानों के सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी सुदृढ़ीकरण का केंद्र बनना चाहिए। उनका दुख-दर्द कम करने की दिशा में भी काम करना चाहिए। बीएयू कृषि और संबद्ध विषयों में स्नातक और परास्नातक तैयार करने वाला कारखाना मात्र नहीं है। कृषि मंत्री गुरुवार 26 जून को बीएयू के 45वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की समस्याओं के समाधान के लिए उनका विभाग प्रयासरत है। विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों, राज्य सरकार और राजभवन को मिलकर समर्पित प्रयास करना होगा। प्रौद्योगिकी प्रसार के लिए वैज्ञानिकों को नियमित रूप से गांव का भ्रमण करना चाहिए, क्योंकि उनकी प्रवृत्ति के अनुरूप ही छात्र-छात्राओं में भी सोच विकसित होगी। उन्होंने कई विद्यार्थियों से पूछा कि वह कृषि, पशुपालन जैसे विषय पढ़ने के लिए क्यों आये हैं। मंत्री ने सलाह दी कि जब वे नौकरी में आ जायें, तो अपने समय और संसाधन का कुछ अंश समाज के लिए भी अर्पित करें। इसके पूर्व मंत्री ने कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के भवन का उद्घाटन किया। बीएयू की वार्षिक रिपोर्ट का लोकार्पण किया और राज्य के विभिन्न जिलों से आये 5 नवोन्मेषी किसानों को सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि क्लाइमेट रेसिलियंट और बायो फोर्टीफाइड फसल प्रभेदों का विकास तथा कृषि पद्धति में बागवानी और पशुपालन का समावेश करते हुए उसे वैविध्यपूर्ण बनाना विश्वविद्यालय का प्रमुख भावी कार्यक्रम है। उन्होंने विश्वविद्यालय में शिक्षकों, वैज्ञानिकों तथा अन्य कर्मियों के बड़ी संख्या में रिक्त पदों तथा शिक्षकेतर कर्मियों के लिए एसीपी/ एमएसीपी लागू करने की ओर भी मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। 84 वर्ष से अधिक उम्र के 6 अवकाशप्राप्त कर्मियों को संस्थान के प्रति उनके लाइफटाइम योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें पशु पोषण विभाग के अध्यक्ष डॉ ज्योतींद्र प्रसाद श्रीवास्तव, मिट्टी विज्ञान विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ कृष्णा प्रसाद सिंह एवं डॉ रामदेव प्रसाद गुप्त तथा शिक्षकेतर कर्मी बिनोद बिहारी सिन्हा, रामानंदी प्रसाद सिंह तथा कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव शामिल हैं। शिक्षकों के लिए 'नयी शिक्षा नीति' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में वेटरनरी कॉलेज की डॉ नंदनी कुमारी को प्रथम तथा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की वंदना चौबे को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

रिश्वत लेते पकड़ा गया कंप्यूटर ऑपरेटर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

धनबाद। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार को डीसीएलआर कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। अनीश कुमार ने वीर बहादुर सिंह से जमीन म्यूटेशन की फाइल आगे बढ़ाने के लिए 15 हजार रुपए की मांग की थी। वीर बहादुर सिंह का जमीन म्यूटेशन का आवेदन अंचल कार्यालय से खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने डीसीएलआर कार्यालय में अपील की। कंप्यूटर ऑपरेटर ने फाइल को आगे बढ़ाने और आदेश पास कराने के लिए रिश्वत मांगी। एसीबी के एएसपी बिनोद कुमार के अनुसार शिकायत मिलने के बाद मामले का सत्यापन किया गया। आरोप सही पाए जाने पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप ऑपरेशन चलाया और आरोपी को कार्यालय में ही पकड़ लिया।

कमीशन लेने के आरोप में सेंट्रल जेल के चार सुरक्षाकर्मियों से मांगा जवाब

मेदिनीनगर(पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो । सेंट्रल जेल के कैदियों को परिजनों से मिलने वाले पैसों में 10 प्रतिशत कमीशन वसूलने की बात सामने आई है। मामला सामने आने के बाद सेंट्रल जेल प्रबंधन ने पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है। सेंट्रल जेल में तैनात सुरक्षा कर्मियों को शोकॉज किया गया है और उनसे जवाब मांगा गया है। जांच रिपोर्ट के बाद सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। दरअसल पैसों की वसूली को लेकर जानकारी सामने आई थी, जिसमें सुरक्षाकर्मी द्वारा कहा जा रहा था कि जेल के अंदर कैदी को अगर 500 रुपये जाते हैं तो 50 रुपये और 100 रुपये जाता है तो 10 रुपये बतौर कमीशन के रूप में काट लिए जाते हैं। जेल में तैनात एक सीनियर सुरक्षाकर्मी के निर्देश पर वसूली की बात सामने आई थी। जानकारी के मुताबिक कई सुरक्षा जांच के बाद कैदियों को पैसे एवं परिजनों द्वारा भेजे गए सामान को दिया जाता है। दरअसल पलामू सेंट्रल जेल में 1000 के करीब सजायाफ्ता एवं विचाराधीन कैदी बंद हैं। इससे पहले भी पलामू सेंट्रल जेल पर कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को भी कई सुविधा देने की बात सामने आई थी।

राष्ट्रपति ने जाना शिबू सोरेन का हाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक सह राज्य सभा सांसद शिबू सोरेन का इलाज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में चल रहा है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनका हाल जानने अस्पताल पहुंची। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से उनके स्वास्थ्य को लेकर बात की। गौरतलब हो कि तबीयत बिगड़ने के बाद शिबू सोरेन को गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति बनने से पहले द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल थी। तब से उनका सोरेन परिवार से विशेष लगाव रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन उनको बुआ कहकर पुकारते हैं। कल झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार भी गुरुजी का हाल जानने अस्पताल गये थे और उनसे मुलाकात कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की थी। पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य भी दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुजी को रेगुलर चेकअप के लिए अस्पताल ले जाया गया था लेकिन अस्पताल में ही तबीयत खराब होने की वजह से भर्ती कराना पड़ा। उनके किडनी में इंफेक्शन है। उनको ब्रोंकाइटिस भी डिटेक्ट हुआ है। डॉक्टरों की टीम इलाज कर रही है। फिलहाल उनका स्वास्थ्य स्थिर है। गुरुजी की बड़ी बहू सीता सोरेन ने बताया कि अभी वो रांची से बाहर है लेकिन बहुत जल्द दिल्ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि परिवार के सभी लोग दिल्ली में मौजूद हैं। दिशोम गुरु के सबसे छोटे पुत्र बसंत सोरेन भी दिल्ली में हैं। झामुमो के कार्यकर्ताओं ने गुरुजी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

लेखा लिपिक गिरफ्तार

लोहरदगा(नबिटा ब्यूरो)। जिले में एसीबी ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के लेखा लिपिक को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के लेखा लिपिक वरुण कुमार को 5000 रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है। इसके बाद लेखा लिपिक को एसीबी की टीम रांची ले गई। गिरफ्तारी के संबंध में एसीबी रांची ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गिरफ्तारी और पूरे मामले की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक, सदर थाना क्षेत्र के जुरिया गांव निवासी अजीज अंसारी के पुत्र सफ़ेजुल अंसारी ने एसीबी रांची को एक शिकायत पत्र सौंपा था। प्रस्तुत परिवाद पत्र में कहा गया कि लोहरदगा प्रखंड के अरकोसा नवाटोली में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का जीर्णोद्धार एवं दीवार पेंटिंग का कार्य कराया गया था। जब सफ़ेजुल से राशि का भुगतान करने को कहा गया तो लेखा लिपिक वरुण कुमार ने पांच हजार रुपए की मांग की। सफ़ेजुल ने इसकी शिकायत एसीबी रांची से की थी।

पत्नी की हत्या कर भाग रहे पति को ससुराल वालों ने मार डाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गिरिडीह। पत्नी की हत्या कर भाग रहे पति को ससुराल वालों ने पीटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लुकईया की है। इसके बाद दोहरे हत्याकांड की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और इंस्पेक्टर सह मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो के साथ अवर निरीक्षक संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन की। पहले पुलिस ने उस कमरे की तलाशी ली जहां पर मीणा हांसदा की हत्या हुई थी। छानबीन में पुलिस ने उस चाकू को बरामद किया है जिसके कारण मीणा पर हमला करके उसकी हत्या की गई थी। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की। मृतक के पिता चंदलाल मुर्मू ने बताया कि उसका दामाद, मीणा को अपने घर ले जाने की जीद कर रहा था। मैंने कहा कि तुम अपने माता-पिता को ले आओ, विदाई दे देंगे। इस बात को लेकर बेटी और दामाद में कहासुनी हुई। थोड़ी देर दोनों फिर से घर के आंगन में लड़ने लगे। तभी मैं, आंगन से थोड़ी दूरी पर फोन से बात कर रहा था इस बीच अचानक बेटी की चीख सुनी और जब मैं आंगन की तरफ गया तो देखा कि मेरी बेटी के पेट से खून बह रहा था। इसी दौरान बेटी को चाकू मारने के बाद दामाद भागने लगा लेकिन कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया। उन्होंने यह भी बताया कि उनका दामाद चाकू कहां से लाया था? इस बात की जानकारी उन्हें नहीं है। चंदलाल मुर्मू ने बताया कि बेटी और दामाद की छह साल की बेटी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के बाद मृतक मीणा के पिता चंदलाल मुर्मू, मां शांति देवी समेत कुछ ग्रामीणों को थाना लाया है। यहां पर मामले से सबंधित पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे की असल वजह क्या है, इसके लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी है। गिरिडीह सदर के एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने बताया कि पत्नी की हत्या करने के बाद मौके से भाग रहे पति को ससुरालियों ने मौत के घाट उतार दिया है। पुलिस इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है। आगे की कार्रवाई जारी है।

बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार : संतोष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



देवघर। बिहार सरकार के श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने गुरुवार को झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में उन्होंने विधिवत पूजा कर बिहार सहित पूरे देश की सुख-शांति की कामना की। स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति ने उनका स्वागत किया। पूजा के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि बाबा के दर्शन से आत्मिक शांति मिली। उन्होंने मंदिर की व्यवस्था और साफ-सफाई की सराहना की। बिहार विधानसभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। मंत्री ने कहा कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार जनता की भलाई के लिए लगातार काम कर रही है। गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए चलाई गई योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। मंत्री ने श्रद्धालुओं से आस्था और स्वच्छता को एक साथ निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

झारखंड में 78% बच्चे हुए कुपोषण मुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध झारखंड में कुपोषण एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। राज्य बनने के 24 वर्षों बाद भी झारखंड कुपोषण के जाल से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाया है। सरायकेला खरसावां, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, रांची, गिरिडीह, पश्चिमी सिंहभूम, गोड्डा, दुमका और लोहरदगा जैसे कई जिलों में बच्चों में कुपोषण की दर चिंताजनक स्तर पर है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार, राज्य में पांच वर्ष से कम उम्र के हर पांच बच्चों में से एक बच्चा दुर्बलता का शिकार है, जबकि अति गंभीर कुपोषण से प्रभावित बच्चों की संख्या करीब 4.2 लाख है। राज्य सरकार ने कुपोषण की इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय पोषण संस्थान, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-एसएएम रांची और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से एक विशेष पोषक रेसिपी 'शिशु शक्ति' विकसित की। पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर प्रखंड में अति गंभीर कुपोषित बच्चों को यह पोषाहार दिया गया। रांची के रिम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने इसकी प्रभावशीलता पर अध्ययन किया, जिसमें 78% बच्चे कुपोषण मुक्त हो गए। यह परिणाम इसलिए उत्साहजनक है, क्योंकि मौजूदा पोषाहार से कुपोषण मुक्ति की दर केवल 40% है। रिम्स और महिला एवं बाल विकास विभाग ने जनवरी से मई 2025 तक चक्रधरपुर में 'शिशु शक्ति' पोषाहार का फील्ड ट्रायल किया। इस अध्ययन में 1.5 वर्ष से कम उम्र के बिना चिकित्सीय जटिलता वाले अति गंभीर कुपोषित बच्चों को शामिल किया गया। अध्ययन का उद्देश्य आयु के अनुसार उपयुक्त संवर्धित पोषाहार की भूमिका को समझना था। रिम्स में स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एसएएम की नोडल अधिकारी डॉ. आशा किरण के अनुसार, 'शिशु शक्ति' एक विशेष रेसिपी है, जिसमें रागी, गेहूं, चना, मूंगफली, सोया ऑयल, मिल्क पाउडर और सोया फ्लोर का उपयोग किया गया है। रिम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने राज्य सरकार से सिफारिश की है कि सामान्य टेक होम राशन की जगह 'शिशु शक्ति' संवर्धित पोषाहार को प्राथमिकता दी जाए। इससे अति गंभीर कुपोषित बच्चों की रिकवरी तेजी से हो सकेगी। गोड्डा, पश्चिमी सिंहभूम और पलामू जिलों ने इसे जिला स्तर पर जल्द लागू करने की इच्छा जताई है। रिम्स के प्रिवेंशन एंड सोशल मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. शालिनी सुंदरम ने बताया कि कुपोषण को जड़ से खत्म करने के लिए माताओं का स्वस्थ होना जरूरी है। स्वस्थ मां से स्वस्थ बच्चे का जन्म होगा। इसलिए, रिम्स अब एनीमिक और कुपोषित महिलाओं पर अध्ययन की योजना बना रहा है।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

गैस एजेंसियों से ग्राहकों के जबरन ट्रांसफर पर हाईकोर्ट की रोक, सुनवाई 29 जुलाई को



रांची, एजेंसी। झारखंड हाईकोर्ट ने गैस एजेंसियों के ग्राहकों को बिना सहमति दूसरी एजेंसी में स्थानांतरित करने के फैसले पर अस्थायी रोक लगा दी है। यह आदेश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने बुधवार को देवी गैस एजेंसी सहित 12 गैस वितरकों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और बीपीसीएल से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 29 जुलाई को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रूपेश सिंह ने अदालत को बताया कि गैस कंपनी इंडेन और बीपीसीएल ने 21 फरवरी 2025 को एकतरफा संकल्प जारी करते हुए कई एजेंसियों के ग्राहकों को अन्य एजेंसियों में ट्रांसफर करना शुरू कर दिया है। कंपनियों का तर्क है कि जहां ग्राहकों की संख्या अधिक है, वहां से ग्राहकों को कमजोर और नई एजेंसियों में शिफ्ट किया जाएगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरे।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का प्रशिक्षण शिविर शुरू

जमशेदपुर, एजेंसी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से आगामी घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण एवं राष्ट्रीय घरेलू यात्रा सर्वेक्षण को लेकर चार दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सप्तऋषि सेवा भवन रांची में किया गया है। यह शिविर 27 जून तक चलेगा। उप महानिदेशक डॉ. विनीत कुमार ने बताया कि डीटीईएस का उद्देश्य घरेलू पर्यटन पर व्यय की जानकारी एकत्र करना है, जबकि एनएचटीएस भारत में लोगों की यात्रा प्रवृत्तियों को समझने पर केंद्रित होगा।

आपूर्ति विभाग ने निकाला दाल-भात केन्द्रों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का टेंडर

जमशेदपुर, एजेंसी। आपूर्ति विभाग ने जिले में संचालित 17 मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्रों को देने के लिए खाद्यान्न सामग्रियों की आपूर्ति का टेंडर निकाला है। इनमें से छह शहर जबकि 11 केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं। चयनित आपूर्तिकर्ता को हर महीने 276 क्विंटल चावल, 9.89 क्विंटल चना और 7.36 क्विंटल सोयाबीन बड़ी की आपूर्ति करनी होगी। हर महीने की पहली से तीन तारीख के बीच सामान दे देना है। इस टेंडर में भाग लेने वाला आपूर्ति विभाग का डोर स्टेप डिलीवरी का ठेकेदार नहीं हो सकता। उसे किसी सरकारी या गैर सरकारी उपक्रम में आपूर्तिकर्ता के रूप में काम करने का अनुभव होना चाहिए और किसी सरकारी विभाग या प्रतिष्ठान से ब्लैक लिस्टेड या किसी कोर्ट से दोषी करार नहीं होना चाहिए।उसे 36 रुपए किलो की दर से चावल, 77 रुपए किलो चना और 96 रुपए प्रति किला सोयाबड़ी मध्यम की दर से आपूर्ति करनी होगी। इसमें जीएसटी भी शामिल होगा। निविदा दाता को दो हजार रुपए का बैंक ड्राफ्ट लगाना होगा जो वापस नहीं किया जाएगा।

जिलास्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 28 को

जमशेदपुर, एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में 28 को जिलास्तरीय जूनियर और सीनियर के लिए खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रारंभिक रूप से यह प्रतियोगिता टेल्को स्थित एसके पब्लिक स्कूल में होनी थी, लेकिन प्रतिभागी संस्थाओं और विद्यालयों के आग्रह पर अब इसे एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस संबंध में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के कार्यकारिणी सदस्यों और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। बैठक में संघ के सचिव विक्टर विजय, संयुक्त सचिव दयाल सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष बलदेव सिंह मेहरा, कोषाध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा, राजकुमार सिंह, धीरज कुमार, ललन यादव, डब्लू रहमान, उषा बाखला, वीरेंद्र मिश्रा, एम अरशद, प्रशिक्षक श्रीकांत कुमार, आकांक्षा कुमारी और आशा कुमारी समेत कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

पति ने की पत्नी की चाकू मार कर हत्या, गुस्साए परिजनों ने आरोपी को पीटकर मार डाला

गिरिडीह, एजेंसी। गिरिडीह जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लुकईया गांव में बुधवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पारिवारिक विवाद में एक युवक ने अपनी पत्नी की चाकू से हत्या कर दी। इसके बाद मृतका के गुस्साए परिजनों ने आरोपी पति को पकड़कर पीट-पीटकर मार डाला। इस दोहरी हत्या से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, मृतका मीणा मुर्मू अपने मायके लुकईया गांव में रह रही थी। उसका पति छोटेलाल हांसदा भी कुछ दिनों से ससुराल आया हुआ था। बुधवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर छोटेलाल ने मीणा पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से मीणा की मौके पर ही मौत हो गई।



हत्या के बाद भागने की कोशिश की : पत्नी की हत्या के बाद छोटेलाल मौके से भागने की कोशिश करने लगा। इस बीच शोर-शराबा सुनकर मीणा के परिजन वहां पहुंच गए। उन्होंने छोटेलाल को पकड़ लिया और गुस्से में आकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल छोटेलाल ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है।

आठ साल पहले हुई थी शादी : पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मीणा और छोटेलाल की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी। कुछ समय से दोनों के बीच रिश्ते ठीक नहीं थे, जिस कारण मीणा मायके में रह रही थी। पुलिस को आशंका है कि पुरानी रंजिश या आपसी कलह ही इस घटना की वजह बनी।

एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि पति ने पहले पत्नी की हत्या की और उसके बाद गुस्साए परिजनों ने आरोपी की जान ले ली। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग मारपीट और हत्या की इस घटना में शामिल हैं, उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

घर ले जाने की जिद पर दोनों के बीच विवाद : इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की. मृतक के पिता चंदलाल मुर्मू ने बताया कि उसका दामाद, मीणा को अपने घर ले जाने की जीद कर रहा था. मैंने कहा कि तुम अपने माता-पिता को ले आओ विदाई दे देंगे. इस बात को लेकर बेटी और दामाद में कहासुनी हुई. थोड़ी देर दोनों फिर से घर के आंगन में लड़ने लगे।

लड़ते-लड़ते हुई बेटी की हत्या : चंदलाल मुर्मू : तभी मैं, आंगन से थोड़ी दूरी पर फोन से बात कर रहा था इस बीच अचानक बेटी की चीख सुनी और जब मैं आंगन की तरफ गया तो देखा कि मेरी बेटी के पेट से खून बह रहा था. इसी दौरान बेटी को चाकू मारने के बाद दामाद भागने लगा लेकिन कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया. उन्होंने यह भी बताया कि उनका दामाद चाकू कहां से लाया था? इस बात की जानकारी उन्हें नहीं है. चंदलाल मुर्मू ने बताया कि बेटी और दामाद की छह साल की बेटी है।

पत्नी के मायके वालों से पुलिस कर रही पूछताछ : मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के बाद मृतक मीणा के पिता चंदलाल मुर्मू, मां शांति देवी समेत कुछ ग्रामीणों को थाना लाया गया. यहां पर मामले से सबंधित पूछताछ की जा रही है. घटना के पीछे की असल वजह क्या है? इसके लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

अपहरण मामले में लापरवाही पर हाईकोर्ट सख्त : 30 को एसएसपी रांची व तुपुदाना ओपी प्रभारी को पेश होने का आदेश



रांची, एजेंसी। झारखंड हाईकोर्ट ने तुपुदाना थाना क्षेत्र में अपहरण के एक मामले में पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाते हुए रांची के एसएसपी और तुपुदाना ओपी प्रभारी को 30 जून को सुबह 10 : 30 बजे अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

यह आदेश जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने सूरजमणि उरांव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। मामले में याचिकाकर्ता ने बताया कि उनके बेटे का अपहरण हुआ था, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। हालांकि, बाद में पुलिस ने बच्चे को बरामद कर लिया, लेकिन इसके बाद याचिकाकर्ता पर कोई भी कार्रवाई नहीं करने के लिए दबाव बनाया गया और एक लिखित पत्र भी लिया गया। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सूरज वर्मा ने दलील दी कि प्राथमिकी दर्ज नहीं करना संज्ञेय अपराध है और यह पुलिस की लापरवाही को दर्शाता है।

वहीं पुलिस की ओर से यह कहा गया कि उन्होंने ही लड़के को बरामद किया, लेकिन यह नहीं बताया गया कि उन्होंने कार्रवाई की शुरुआत किस आधार पर की। इस पर नाराजगी जताते हुए न्यायालय ने पूछा कि जब संज्ञेय अपराध की सूचना मिली थी, तो प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की गई। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि प्रार्थी को भविष्य में किसी प्रकार की धमकी मिलती है, तो संबंधित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पाकुड़ में विस्फोटक बरामद : मालपहाड़ी में 1148 जिलेटिन जब्त

पाकुड़, एजेंसी। पाकुड़ जिले के मालपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के दो व्यक्ति विस्फोटक सामग्री ला रहे हैं। सूचना के अनुसार, पश्चिम बंगाल के संतोषपुर निवासी नबीरुल शेख और वीरभूम जिले के राजग्राम निवासी गुथा शेख, आसनसोल के इमरान शेख से विस्फोटक खरीद कर ला रहे थे। वे इसे गोपालपुर-बिशनपुर गांव होते हुए मालपहाड़ी पत्थर औद्योगिक क्षेत्र में लाने वाले थे।



पुलिस ने घेराबंदी कर की कार्रवाई

थाना प्रभारी अंशु उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस ने रास्ते में घेराबंदी की। जांच के दौरान दो संदिग्ध विस्फोटक छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने मौके से 1148 जिलेटिन बरामद किए। इस मामले को मालपहाड़ी कांड संख्या 182/25 के तहत दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। इस क्षेत्र में पत्थर उत्खनन के लिए विस्फोटक का उपयोग किया जाता है। अक्सर पश्चिम बंगाल से अवैध रूप से विस्फोटक मंगाए जाते हैं। हाल ही में पाकुड़िया थाना क्षेत्र में भी विस्फोटक का एक बड़ा जखीरा पकड़ा गया था।

झारखंड में पीएम आवास योजना 2.0 की शुरुआत

रांची, एजेंसी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन के 10 साल बुधवार को पूरे हो गए। इस उपलब्धि में राज्य के सभी नगर निकायों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। योजना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगरीय प्रशासन निदेशालय की निदेशक नैंसी सहाय ने सभी लाभार्थियों और नगर निकायों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि राज्य में शहरी आवास विहीनों एवं वंचितों के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत पात्र लाभुक अपने नगर निकाय अथवा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इन दस वर्षों में राज्य के नगर निकायों के हजारों शहरी बेघरों के पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है। गरीब लाभुकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के चतुर्थ घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निमार्ण के क्रियान्वयन में झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में से एक है।

4498 आवासों का निर्माण कार्य पूरा : बता दें कि पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत केंद्र सरकार द्वारा चतुर्थ घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) के तहत 1,78,309 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें से 1,31,232 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है ढ्ढ वहीं, तृतीय घटक किफायती आवास परियोजनाओं (एएचपी) के तहत 32,701 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें से 4,498 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।




नगर निकायों में कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन : निदेशालय द्वारा जारी प्रेस बयान में बताया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्य के सभी नगर निकायों में विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जैसे कि लाभार्थी सम्मेलन, लाभुकों के जीवन में आए बदलाव की स्टोरी, फोटोग्राफ्स एवं वीडियो का प्रचार-प्रसार, महिला लाभुकों का सम्मान, निर्मित आवासों में लाभुकों का गृह प्रवेश इत्यादि।

सोशल ऑडिट करने वाले झारखंड देश का पहला राज्य : घटक 4 बीएलसी के लाभुकों के आवासों पर राज्य की स्थानीय संस्कृति को चित्रकला के माध्यम से दर्शाया गया है। इसमें स्थानीय कलाकारों एवं स्थानीय कला का प्रचार-प्रसार हुआ है। पूरे देश में झारखंड के इस प्रयास को सराहा गया और कई राज्यों द्वारा इसका अनुसरण भी किया गया है। देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) कराने वाला झारखंड पहला राज्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के आवासों के आवेदन महिलाओं के नाम से भरे जाते हैं, जिससे कि आवासों का स्वामित्व महिलाओं के नाम से दिया जाता है। इस कदम से समाज में महिलाओं का आत्मसम्मान एवं मनोबल बढ़ा है।

व्हाट्सएप ग्रुप की जांच में पुलिस को पूरा सहयोग देंगे : कुलविंदर

जमशेदपुर, एजेंसी। कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय द्वारा संगत सर्वोपरि व्हाट्सएप ग्रुप की पुलिस जांच के आदेश का स्वागत किया है। अधिवक्ता ने कहा कि वह और सभी एडमिन पुलिस को जांच में सहयोग देंगे और कानून अपना काम करेगा। लेकिन व्हाट्सएप ग्रुप के गठन के औचित्य पर भी जानकारी देंगे। कुलविंदर सिंह के अनुसार सीजीपीसी के कुछ पदाधिकारी की आपराधिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ राष्ट्र विरोधी चरित्र की भी जांच जरूरी है। साकची स्थित सीजीपीसी मुख्यालय में विरोधी विचारधारा को कुचलना, दबाना और नहीं मानने पर पिटाई करना जैसा काम होता रहा है।

सीजीपीसी मुख्यालय में बैठकर अपने लोगों को लोकल गुरुद्वारा में प्रधान बनाने की साजिश रचना, जिससे अगला चुनाव आसानी से जीत सके और कोई चुनौती सामने नहीं आए। साल 2022 का चुनाव सरदार भगवान सिंह ने किस तरीके से जीता था, पूरा शहर



जानता है। और वही प्रक्रिया उन्होंने रविवार को साकची में दोहराई।गत शनिवार को लोकल गुरुद्वारा के कई प्रधान के सामने भगवान सिंह व शैलेंद्र सिंह के उपस्थिति में जसबीर सिंह छिरे, सुखविंदर सिंह राजू, अजीत सिंह गंभीर ने किसके घर पर हमला करने की बात कह कर ललकारा था और सभी को चलने को कहा था। भगवान सिंह क्यों खामोश रहे। मुझ पर उनके कार्यालय में दो बार हमला हुआ, वह क्यों खामोश रहे? कुलविंदर सिंह का दावा है कि भगवान सिंह और शैलेंद्र सिंह का दोहरा चरित्र सामने लाने में वे सफल रहे हैं। एक तरफ इनका प्रतिनिधिमंडल डीसी, एसएसपी, एसपी, एसडीओ, मंत्री विधायक से मिलकर आग्रह करता है कि समाज के किसी तरह के मामले को सीजीपीसी को भेज दिया जाए, वहां आपसी सद्भाव से मामला सुलझाया जाता है। जबकि उनका कथन पूरी तरह बकवास है। वहां फैसला सामने वाले की हैसियत, ताकत, जनबल के आधार पर होता है। यदि कमजोर पक्ष उनके फैसले से सहमत नहीं होता है तो उसकी पिटाई दफ्तर में की जाती है और मामले को दबाने के लिए प्रेस में मनगढ़ंत बयान दिए जाते हैं। कुलविंदर सिंह के अनुसार उन पर हिंदूवादी होने का आरोप लगाकर संगत को भड़काया गया और हटवाया गया और हमला किया गया।

मिड-डे मील के 50 क्विंटल चावल की कालाबाजारी का भंडाफोड़

पाकुड़, एजेंसी। पाकुड़ जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इशहाकपुर शैतानखाना गांव में एक बड़ा मामला सामने आया है। गुप्त सूचना के आधार पर अधिकारियों ने परिवहन अभिकर्ता के घर से मिड-डे मील का लगभग 50 क्विंटल चावल जब्त किया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमित कुमार मिश्रा के अनुसार, अभिकर्ता अबुल कासिम के घर के सामने एक ट्रैक्टर में 100 बोरा चावल मिला। यह चावल पाकुड़ के अनाज गोदाम से तीन विद्यालयों के लिए आवंटित किया गया था। पूछताछ में अभिकर्ता ने बताया कि एक विद्यालय में अनाज पहुंचा दिया गया था। शेष दो विद्यालयों का अनाज रात होने के कारण उसने अपने घर के सामने रख दिया। हालांकि, इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी गई।



एफसीआई का टैग भी बरामद

जांच में अभिकर्ता के घर से 5 बोरा चावल, 37 खाली बोरे और एफसीआई का टैग भी बरामद हुआ है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कालाबाजारी की आशंका जताई है। मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव झा ने बताया कि जब्त किए गए चावल को थाना लाया गया है। लिखित शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच की जाएगी। छापेमारी में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, थाना प्रभारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शामिल थे।

रांची से रेस्क्यू बाघ को पलामू टाइगर रिजर्व में छोड़ा

पलामू, एजेंसी। रांची के सिल्ली के मारदू गांव से रेस्क्यू हुए बाघ को पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में छोड़ दिया गया है। बुधवार देर रात बाघ रांची से चलकर पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में पहुंचा था और गुरुवार की सुबह 7 : 00 बजे के करीब पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में छोड़ दिया गया है। सुरक्षा कारणों से जिस इलाके में बाघ को छोड़ा गया है उसका लोकेशन जारी नहीं किया जा रहा है।

बाघ को लेकर पलामू टाइगर रिजर्व ने पहले से ही तैयारी कर रखी थी। पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकान्त जेना के नेतृत्व में बाघ को जंगल मे छोड़ा गया है। दरअसल रांची के सिल्ली के मारदू गांव में पुरंदर महतो के घर से बुधवार को वन विभाग टीम ने बाघ का रेस्क्यू किया था। बाद में डॉक्टरों की टीम ने बाघ की स्वास्थ्य जांच किया था। इसके बाद उसे पलामू टाइगर रिजर्व लाया गया था।



पलामू किला के नाम पर रखा है बाघ का नाम

सिल्ली से रेस्क्यू हुआ बाघ पलामू टाइगर रिजर्व का है। यह बाघ 2023 में पलामू टाइगर रिजर्व के पलामू किला के इलाके में देखा गया था। जिस कारण इस बाघ का नाम किला बाघ रखा गया था। 2023 के बाद यह हजारीबाग, चतरा के बाद गुमला होते हुए बंगाल सीमा तक पुरुलिया में गया था। वापस लौट के दौरान यह काफी दिनों तक खूंटी के इलाके में रहा था। खूंटी के बाद पलामू टाइगर रिजर्व के रास्ते में आबादी के कारण यह सिल्ली के तरफ चला गया था। सिल्ली में यह एक घर मे घुस गया था जिसके बाद रेस्क्यू किया गया।

पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना ने बताया कि रांची के सिल्ली में रेस्क्यू हुए बाघ को पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में छोड़ा गया है। यह बात किला बाघ है जो पलामू टाइगर किला के आसपास देखा गया था। बाघ की उम्र साढ़े चार वर्ष है। बाघ नर प्रजाति का है और व्यस्क है। बाघ के मूवमेंट पर निगरानी रखी जा रही है।

बाघ ने एमपी बांधवगढ़ से लेकर बंगाल कॉरिडोर को किया था एक्टिव

किला बाघ ने मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लेकर पश्चिम बंगाल के पुरुलिया तक के कॉरिडोर को एक्टिव किया है। कई दशकों के बाद इस कॉरिडोर बाघ की मूवमेंट मौजूद है। मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ से बंगाल के पुरुलिया तक का करीब 800 किलोमीटर तक बाग का कॉरिडोर है। किला बाघ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलकर पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में 2023 में दाखिल हुआ था।

श्रावणी मेला 2025 की तैयारी शुरू बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर जोर

देवघर, एजेंसी। देवघर के सर्किट हाउस में श्रावणी मेला 2025 को लेकर मंगलवार को अंतरराज्यीय समन्वय बैठक हुई। बैठक में झारखंड और बिहार के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी शामिल हुए। देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और संथाल परगना आयुक्त लाल सिंह चांडिल ने संयुक्त रूप से बैठक की अध्यक्षता की। बिहार के मुंगेर, भागलपुर और बांका जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे।हर साल लाखों कांवरिया बाबाधाम में जलार्पण के लिए आते हैं। दोनों राज्यों के प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। जलार्पण मार्ग पर यातायात, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, साफ-सफाई और ठहरने की व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सहमति बनी।डीसी प्रियेश लकड़ा ने बताया कि देवघर प्रशासन मेले की तैयारी में जुटा है। आईजी चांडिल ने कहा कि विशेष बलों की तैनाती की जाएगी।

पलायन, भ्रष्टाचार व बाढ़ पर सरकार विफल : सुरेन्द्र यादव

डॉ रणजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से दूसरी बार सांसद बने डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद यादव ने नवबिहार टाइम्स को दिए विशेष साक्षात्कार में राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बिहार में गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा के कारण भारी पैमाने पर पलायन हो रहा है, लेकिन राज्य सरकार को इस दिशा में कोई दिलचस्पी नहीं है। डॉ. यादव ने दावा किया कि अगर कोई नेता इस समस्या पर गंभीरता से सोच रहा है, तो वे तेजस्वी यादव हैं। भ्रष्टाचार के सवाल पर उन्होंने कहा कि कुछ गिने-चुने अफसरों के पास अकूत संपत्ति है, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, क्योंकि उन्हें सत्ताशक्ति का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और कहा कि चौकसी मोदी, विजय माल्या, हर्षद मेहता जैसे घोटालेबाजों को इसी शासनकाल में देश को लूटने का मौका मिला। पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के मुद्दे पर डॉ. यादव ने कहा कि विपक्ष ने उस समय सरकार



को समर्थन दिया था, लेकिन केंद्र सरकार अमेरिकी दबाव में आकर सैन्य कार्रवाई को बीच में रोक दी, जो देश की संप्रभुता के साथ समझौता था। कृषि रोडमैप और किसानों की आय दुगनी करने की योजना को उन्होंने 'सिर्फ दिखावा' बताया। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री सिर्फ अपने गृह जिला नालंदा पर ध्यान देते हैं, जबकि बाकी राज्य उपेक्षित रह जाता है। उन्होंने तेजस्वी यादव को किसानों के लिए सबसे उपयुक्त नेता बताया और वादा किया कि उनकी सरकार आने पर वैश्विक कृषि मॉडल को बिहार में लाया जाएगा। बाढ़ और सुखाड़ के स्थायी समाधान पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि नदियों को जोड़ने की परियोजना पर वर्तमान सरकारें सिर्फ राजनीति करती हैं। उन्होंने वादा किया कि फल्गु और पुनपुन जैसी नदियों को छोटी नदियों से जोड़कर सिंचाई की उन्नत व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। जहानाबाद के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि वे कृषि आधारित उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास पर कार्य कर रहे हैं। शराबबंदी को लेकर उन्होंने सुझाव दिया कि गुजरात मॉडल की तर्ज पर नीति को नियंत्रण के साथ लागू किया जाए जिससे राजस्व भी मिले और युवाओं को सुरक्षित रखा जा सके। बेलागंज विधानसभा से अपनी संभावित दावेदारी पर उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र उनके दिल से जुड़ा है और वे शीर्ष नेतृत्व से अनुरोध करेंगे कि उन्हें एक बार फिर क्षेत्र की सेवा का अवसर दिया जाए। राज्य की कानून व्यवस्था पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि मौजूदा शासन में अपराध नियंत्रण की कोई ठोस नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लचरता और राजनीतिक संरक्षण के कारण अपराधी बेखौफ हैं और आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी की सरकार आने पर कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जहानाबाद संसदीय क्षेत्र की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। क्षेत्र में नए विद्यालयों, महाविद्यालयों और अस्पतालों की स्थापना उनकी प्राथमिकता है, जिससे लोगों को बुनियादी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले भी संसद में इन मुद्दों को जोरशोर से उठाया है और आगे भी उठाते रहेंगे। बेलागंज विधानसभा सीट को लेकर उन्होंने कहा कि यह उनका कर्मभूमि रहा है और यहां की जनता से उन्हें अपार स्नेह मिला है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व ने अनुमति दी तो वे पुनः इस क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़कर अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता उन्हें फिर से सेवा का अवसर देगी।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर, मोतिहारी में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी द्वारा 100 से अधिक एनसीसी और स्काउट-गाइड कैडेट्स को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाकर की गई। इसके बाद समाहरणालय परिसर से गांधी समाहरणालय तक प्रभात फ़ेरी और जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान स्काउट, गाइड एवं एनसीसी कैडेट्स ने नशा मुक्ति के संदेश से संबंधित नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। नारों में ड्रनशा छोड़ो, बोतल तोड़ो, घर को जोड़ो, ड्रनशा मुक्ति से आए खुशहाली, दूर होगी सबकी बदहाली जैसे संदेश गूंजते रहे।



कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में शपथ ग्रहण, कार्यशाला और पौधारोपण जैसे आयोजन किए जाएंगे, ताकि जिले को नशा मुक्त बनाने का संकल्प साकार किया जा सके। इसके साथ ही प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर फ्लैक्स और बैनर भी लगाए जा रहे हैं।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे एकजुट होकर नशा मुक्त पूर्वी चंपारण के निर्माण में भागीदार बनें। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, स्काउट एवं गाइड के जिला आयुक्त, जिला समन्वयक (सोशल), सहायक प्रशासी पदाधिकारी सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

तंबाकू, शराब और मादक पदार्थों से होता है कैंसर : जिला जज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार ने नशे के दुष्परिणामों पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि तंबाकू, शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। ये न केवल व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर करते हैं, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण भी बन



सकते हैं। नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने युवाओं से आह्वान किया कि वे खुद नशे से दूर रहें और समाज में भी इसके खिलाफ जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ने से न केवल व्यक्ति भविष्य सुधरेगा, बल्कि इससे पूरे समाज और राष्ट्र को इससे लाभ होगा। इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, पारा लीगल वॉलंटियर्स और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

लूटकांड में शामिल दो आरोपितों को भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के मिश्रा बीघा मोड़ के समीप पूर्व में हुए लूटकांड का पुलिस ने उद्भेदन किया है। मामले में दो आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। इस आशय कि जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व टेहटा थाना की पुलिस को सूचना मिली थी की घोसी थाना क्षेत्र के सुजीत कुमार अपनी बहन का तिलक चढ़ाने पांडाबिगहा जा रहे थे। इसी बीच मिश्रबिगहा मोड़ के समय 5 से 6 की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने उनसे 50 हजार रुपये नकद, सोने का चैन सहित अन्य सामान छीन लिया है। जिसमें टेहटा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान किया, मामले में पुलिस ने पूर्व में भी एक आरोपित को गिरफ्तार किया था, पुलिस ने उसी के निशानदेही पर घोसी थाना क्षेत्र के रहने वाले अमरजीत कुमार एवं राजकमल कुमार की गिरफ्तारी की है। मामले में थाना अध्यक्ष ने बताया कि बाकी लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

आर्द्रा नक्षत्र में खीर, दाल-पूरी और आम खाने की परंपरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। बिहार समेत पूरे उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्द्रा नक्षत्र के आगमन पर खीर, दाल-पूरी और आम खाने की विशेष परंपरा रही है। यह परंपरा महज खान-पान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक मान्यता जुड़ी हुई है। आर्द्रा नक्षत्र के दौरान इन पारंपरिक व्यंजनों का सेवन शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है। आर्द्रा नक्षत्र को वर्षा ऋतु की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इस



नक्षत्र के साथ ही भारी वर्षा का सिलसिला शुरू हो जाता है, जिससे कृषि कार्य–विशेषकर धान की रोपाई–की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। इसी कारण, नक्षत्र के पहले दिन अधिकांश परिवारों में खीर बनाना एक परंपरा बन गई है। इस अवसर पर बाजारों में दूध और आम की मांग में भी अचानक इजाफा हो जाता है। आमतौर पर इस मौसम में आम की कीमत भी अपेक्षाकृत कम रहती है, जिससे हर वर्ग के लोग इसका आनंद ले पाते हैं। आचार्य शैलेन्द्र शर्मा बताते हैं कि आर्द्रा नक्षत्र के आते-आते प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा शुरू हो जाती है, जिससे चारों ओर हरियाली फैल जाती है। चारा अधिक मिलने से दूध का उत्पादन भी बढ़ जाता है। ऐसे में दूध, आम और अन्य खाद्य पदार्थों की सहज उपलब्धता इस नक्षत्र को विशेष बना देती है। कुल मिलाकर, आर्द्रा नक्षत्र ग्रामीण जीवन के धार्मिक, सांस्कृतिक और कृषि पक्ष को एक साथ जोड़ने वाला पर्व बन गया है, जिसे लोग श्रद्धा, उल्लास और परंपरा के साथ मनाते हैं।

भारत-नेपाल सीमा पर मैत्री पुल के नीचे मिला जिंदा हैंड ग्रेनेड, बम निरोधक दस्ते ने किया डिफ्यूज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल के नीचे गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब बच्चों को खेल के दौरान एक जिंदा हैंड ग्रेनेड मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एसएसबी की टीम मौके पर पहुंच गई। तुरंत सतर्कता बरतते हुए ग्रेनेड को डिफ्यूज करने के लिए मुजफ्फरपुर से बम निरोधक दस्ता बुलाया गया। बम स्क्वॉड टीम ने ग्रेनेड को रक्सौल एयरपोर्ट क्षेत्र में नियंत्रित विस्फोट कर निष्क्रिय किया। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास का इलाका थर्रा उठा। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं। प्रशासन ने मैत्री पुल



पर बम स्कैनिंग, स्कैनर बैगेज मशीन और डॉग स्क्वॉड टीम की तैनाती कर दी है।

हरैया थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीमा पर मिली इस संदिग्ध वस्तु के बाद से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और पुल व आसपास के इलाकों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

भाजपा ने किया मॉक पार्लियामेंट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। मोतिहारी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, स्थानीय सांसद व पूर्व कृषि कल्याण मंत्री भारत सरकार राधामोहन सिंह, विधायक मोतिहारी एवं सूबे के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार जिला महामंत्री भाजपा मार्तण्ड नारायण सिंह, महामंत्री निखिल सिंह सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध चिकित्सक, चीनी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष कुमार ने पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र दे कर उन्हे सम्मानित किया और चंपारण की भूमि पर उनका स्वागत किया। इस दौरान अनुराग



ठाकुर और डॉ.संतोष कुमार के बीच गुफ्तगू भी हुई, जिसमें केन्द्रीय मंत्री श्री ठाकुर डॉ. संतोष कुमार के चिकित्सा के तौर तरीके से काफ़ी प्रभावित दिखे। डॉ. संतोष कुमार का क्लीनिक और हॉस्पिटल उत्तम डायबिटीज़ केयर के नाम से बजरंगपूरी, गायघाट पटना मे है, इसके अलावा मोतिहारी के पंच मंदिर चौक, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, फारबिसगंज (अररिया), पूर्णिया, भागालपुर

उत्तरप्रदेश के कुशीनगर, तमकोई राज, गोरखपुर के अपने क्लीनिक में मरीजों को चिकित्सीय सेवा देते हैं। बता दें कि डॉ. संतोष कुमार के इलाज के दौरान मरीजों को कोई परहेज की आवश्यकता नहीं पड़ती।

बच्चों को पांच साल में सात बार लगता है टीका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चकिया। स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित सभा भवन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंदन कुमार के अध्यक्षता में नव नियुक्त एएनएम एवं अन्य को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान नियमित टीकाकरण के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उन्होंने नियमित टीकाकरण से होने वाले फायदे सहित अन्य जानकारी दी। बताया गया टीकाकरण से दर्जनों बीमारियों से बचा जा सकता है। बच्चे को 5 साल में 7 बार टीका लगता है जिससे दर्जनों बीमारियों से बचाने हेतु बच्चों के शरीर में इम्यूनिटी बढ़ता है सहित अन्य बाते बताई गई। इस दौरान सभी एएनएम को सत प्रतिशत बच्चों को टिका दिलवाने हेतु बताया गया।

पैक्स अध्यक्ष का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। कवैया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष कुंदन कुमार की गुरुवार सुबह करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। 40 वर्षीय कुंदन कुमार झरौखर थाना क्षेत्र के कवैया गांव के निवासी थे और वर्तमान में पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद पर कार्यरत थे। उनकी अचानक मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों के रोने-बिलखने से माहौल गमगीन हो गया। कुंदन कुमार सामाजिक और सहकारी कार्यों में सक्रिय रहते थे, जिससे क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता थी। उनके निधन पर कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक संवेदना व्यक्त करने




वालों में सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद आनंद मोहन, विधायक पवन जायसवाल, पूर्व विधायक फैसल रहमान, कोऑपरेटिव बैंक के जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि दीपालाल कुशवाहा, पंचायत मुखिया निरंजन प्रकाश, सरपंच दिनेश कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष रमेश साह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष विश्वनाथ यादव, पूर्व मुखिया विपिन कुशवाहा और मंटू सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

जहानाबाद ने लिया नशामुक्ति का संकल्प, नुक्कड़ नाटक से शुरू हुआ जनजागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले में नशा मुक्त भारत अभियान की नई कड़ी की शुरुआत जोरदार ढंग से की गई। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा आयोजित इस अभियान की औपचारिक शुरुआत एडीएम ब्रजेश कुमार ने की। उन्होंने नुक्कड़ नाटक की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं को नशामुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रही नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति, जिसमें कलाकारों ने नशे की लत से होने वाली पारिवारिक विघटन,



मानसिक तनाव और शारीरिक क्षति को मार्मिक ढंग से मंचित किया। युवाओं ने पूरे जोश के साथ 'नशामुक्त जहानाबाद' के निर्माण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर एडीएम ब्रजेश कुमार ने कहा कि नशा आज के समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। इसे जड़ से खत्म करने के लिए केवल कानून नहीं, बल्कि जनजागरूकता जरूरी है। युवाओं को नकारात्मकता से निकालकर उन्हें रचनात्मक दिशा देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

अभियान के तहत आगामी दिनों में जिले भर में पोस्टर अभियान, जनसभा, शपथ कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में कई स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन, शिक्षाविद और जागरूक नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्राण वायु की रक्षा के लिए लगाएं पौधा : डॉ. सत्य प्रकाश


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोटवा (पूर्वी चंपारण)। पौधे हमारे प्राणों के रक्षक हैं, बदलते मौसम पर नियंत्रण रखने का काम यही करते हैं। ये जीवन भर साथ देते हैं और अंत समय में भी साथ नहीं छोड़ते। ऐसे में अधिक से अधिक पौधारोपण आज की महती आवश्यकता है। यह प्रेरणास्पद बातें पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश ने कोटवा प्रखंड के भोपतपुर पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, भोपतपुर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कहीं। गोपालगंज निवासी डॉ. सत्य प्रकाश ने विद्यालय परिसर में पौधा लगाते हुए शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और उनसे संकल्प भी कराया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, विवाह समारोह या किसी महापुरुष की पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर हम सबको कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पौधा दस पुत्रों के समान माना गया है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपने-अपने नाम से फलदार, छायादार एवं दीर्घायु पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। वहीं विद्यालय से स्थानांतरित हो रही शिक्षिकाओं–रत्ना कुमारी, पल्लवी श्रीवास्तव और नीलम कुमारी ने विद्यालय छोड़ने से पूर्व परिसर में पौधारोपण कर भावनात्मक विदाई ली।

एसएसबी और नेपाल एपीएफ का संयुक्त गश्ती अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकियों के नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश की आशंका के मद्देनजर एसएसबी, नेपाल एपीएफ और स्थानीय थाना पुलिस ने संयुक्त गश्ती और तलाशी अभियान तेज कर दिया है। नो-मैंस लैंड, सुनसान ग्रामीण पगडंडियों और घने कंटीले रास्तों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सीमावर्ती इलाके घोड़ासहन सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में 24 घंटे निगरानी बढ़ा दी गई है।



एसएसबी जवानों द्वारा क्रॉस चेकिंग की जा रही है, जबकि डॉग स्क्वॉड की मदद से संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

एसएसबी की 71वीं बटालियन के कमांडेंट प्रफुल कुमार ने बताया कि नेपाल के रास्ते आतंकी घुसपैठ की सूचना मिलने के बाद सीमा पर चौकसी कड़ी कर दी गई है। दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां समन्वय के साथ सतर्कता बरत रही हैं और सीमावर्ती इलाकों में आवाजाही पर विशेष नजर रखी जा रही है।

बॉर्डर पर लगातार गश्ती और तलाशी से सुरक्षा एजेंसियों का मकसद आतंकियों की हर संभावित साजिश को नाकाम करना है।

दस सूत्री मांगों को लेकर कार्यालय सहायकों का आंदोलन शुरू, टिफिन अवधि में नारेबाजी और काला बिल्ला लगाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तुरकौलिया (पूर्वी चंपारण)। बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (महासंघ-गोप गुट) के बैनर तले समाहरणालय और प्रखंड कार्यालयों के लिपिकीय संवर्ग के कर्मियों ने अपनी दस सूत्री मांगों को लेकर तीन दिवसीय आंदोलन शुरू कर दिया है। 25 से 27 जून तक टिफिन अवधि में नारेबाजी और काला बिल्ला लगाकर कर्मी सरकार के खिलाफ विरोध जता रहे हैं। तुरकौलिया प्रखंड-अंचल कार्यालय पर आयोजित आंदोलन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर चौधरी, मनीष कुमार, विकास महतो व प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया।



संघ की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली, पदोन्नति की व्यवस्था, ग्रेड वेतन पुनर्निर्धारण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति की 75% राशि का अग्रिम भुगतान, गृह जिला में स्थानांतरण और सभी कर्मियों के लिए निःशुल्क आवास की व्यवस्था शामिल हैं। आंदोलनकारियों ने घोषणा की कि 9 जुलाई को राज्यभर में जिलाधिकारियों के समक्ष प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि सरकार ने मांगों पर निर्णय नहीं लिया, तो 22 जुलाई को छपरा में होने वाले राज्य सम्मेलन में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी

अलग- अलग मामले में दो गिरफ्तार, भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने दो अलग अलग जगहो पर छापेमारी कर दो लोगो को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि पहली छापेमारी कोयली गांव में की गई, जिसमें मारपीट के आरोपित विकास मांझी को गिरफ्तार किया गया। दूसरी छापेमारी मकरपुर गांव में की गई जहां से पूर्व के केस में फरार चल रहे वारंटी निरंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है।

छात्र युवा संसद में भाग लेने पटना रवाना हुए जहानाबाद के छात्र राजद कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। पटना स्थित बापू सभागार में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के छात्र युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मंगलवार को छात्र राजद जहानाबाद इकाई के सैकड़ों कार्यकर्ता पटना के लिए रवाना हुए। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व छात्र राजद जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार यादव कर रहे हैं। रवाना होने से पहले कार्यकर्ता स्थानीय राजद कार्यालय में एकत्र हुए और एकता व जोश का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस दौरान शैलेश यादव ने कहा कि ड्रराजद हमेशा छात्रों और युवाओं की आवाज़ को मजबूती से



उठाता रहा है। छात्र युवा संसद युवाओं के लिए राजनीति, सामाजिक न्याय और जन सरोकारों को समझने का एक बेहतरीन मंच है। यह कार्यक्रम तेजस्वी यादव के नेतृत्व में युवाओं को सामाजिक न्याय की विचारधारा से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने आगे कहा कि राजद की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। आज पूरे बिहार के युवा तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर भरोसा कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव ही बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। सरकार बनते ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि होगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे छात्र संसद के मंच से जिले का मान बढ़ाएंगे और राजद की नीतियों को मजबूती से आगे ले जाएंगे।

धारदार हथियार से एक वृद्ध की निर्मम हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पिपरा (पूर्वी चम्पारण)। क्षेत्र के पिपरा चौक के समीप अज्ञात लोगों द्वारा तेज धार हथियार से 70 वर्षीय वृद्ध की निर्मम हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार चांप टोला गांव निवासी हरी गिरी है। जो पिपरा चौक स्थित मंदिर में पूजा पाठ व देखरेख का काम करता था। प्रथम दृश्या मामला जमीन विवाद का है। हालांकि पिपरा पुलिस स्वान दस्ता व टेक्निकल टीम के द्वारा मामले की गहन जांच कर रही है। इस बाबत थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले में मृतक के परिजन के तरफ से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 26-06-2025 21:29 Page 1

मिथिला एक्सप्रेस के सिग्नल ओवरशूट मामले में जांच का आदेश

चालक-उपचालक पर हो सकती है निलंबन की कार्रवाई

टला बड़ा हादसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। 13022 रक्सौल से हावड़ा जाने वाली मिथिला एक्सप्रेस के मोतिहारी में होम सिग्नल के पास लाल सिग्रल में ओवरशूट होने के मामले में समस्तीपुर डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने जांच का आदेश दिया है। इस बात से सारे रेल अधिकारी चकित भी हैं कि दिन में समय में ऐसा हो भी कैसे सकता है। हालांकि बाद में मोतिहारी जंक्शन पर ट्रेन लाने के बाद चालक मो. निजामुद्दीन और उपचालक कौशल किशोर को उतार लिया गया और दूसरे चालक और उपचालक लेकर ट्रेन को मुजफ्फरपुर के लिए रवाना किया गया।

क्रू चेंज होने में एक घंटे का समय लग गया। इसको लेकर पूरे रेल महकमे में खलबली मच गई, लेकिन ट्रेन मैनेजर मोतिहारी निवासी एके चौबे मिथिला एक्सप्रेस लेकर गए।



बता दें कि मोतिहारी स्टेशन के पहले होम सिग्नल के पास एक रेल समपार फाटक है। ट्रेन आने की घोषणा पर फाटक बंद नहीं हुई। इसके कारण सिग्नल लाल थी। इसी बीच ट्रेन लाल सिग्नल में घुस गई।

नियम के अनुसार रेल फाटक बंद होने के बाद ही रेल फाटक पर ग्रिन सिग्रल होती और गाड़ी गुजरती है, लेकिन लाल सिग्नल में ही गाड़ी आगे बढ़ गई, जब चालक की नजर गुमटी खुली देखा तो गाड़ी रोक दी, लेकिन समस्तीपुर मंडल स्तरीय पदाधिकारियों की ओर से जांच शुरू हो गई है। चालक-उपचालक पर निलंबन की कार्रवाई हो सकती है। इधर, चालक निजामुद्दीन ने रेल अधिकारी को पत्र लिखकर रेल लाइन पर जानवर आ जाने की कही है। पत्र में कहा है कि गाय को बचाने के लिए इमरजेंसी ब्रेक मारा लेकिन सीपीओ हो गया और गाड़ी होम सिग्नल के पास खड़ी हो गई। उसके बाद लाइन नंबर एक में सुरक्षित गाड़ी खड़ी हो गई।

पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पारू थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह मुठभेड़ में पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाशों में नीरज ठाकुर और सूरज कुमार शामिल है। दोनों के पैर में गोली लगी है।

पुलिस अभिरक्षा में दोनों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कई बदमाश इलाके में सक्रिय है। सूचना पर पुलिस टीम इलाके में घेराबंदी की।

इसी क्रम में पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस पर पुलिस की ओर से समर्पण करने को कहा गया। फिर भी वे फायरिंग करते रहे। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षार्थ पुलिस की ओर से फायरिंग की गई। इसमें दोनों बदमाश के पैर में गोली लगी। इसके बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस का कहना है कि नीरज ठाकुर और सूरज कुमार के खिलाफ 10 से अधिक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें लूट, हत्या और रंगदारी जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

बालू लदा हाइवा ने स्कूटी सवार को रौंदा

चालक फरार, लोगों ने हाइवा को फूंका, जाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। गया-बोधगया तटीय मार्ग पर विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघरीटांड बाईपास पर एक धार्मिक स्थान के पास बालू लदा हाईवा ने पीछे से स्कूटी सवार 30 वर्षीय प्रकाश कुमार को रौंद दिया। जहां उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई। मृतक गयाजी नगर निगम के वार्ड 46 के जमादार था। वह ड्यूटी कर अपने घर माड़नपुर लौट रहा था। इसी क्रम में बोधगया की ओर से आ रही हाईवा ने रौंद दिया।

घटना के बाद चालक हाईवा को लेकर मानपुर की ओर भागने लगा। लेकिन घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने हल्ला किया। हल्ला और भीड़ के हुजूम को देखते हुए घटनास्थल से 200 मीटर की दूरी पर हाईवा को खड़ा कर चालक फरार हो गया। आक्रोशित लोगों ने ज्वलनशील पदार्थ से हाईवा में आग लगा दी। भीषण और उमस भरी गर्मी में हाईवा लगी आग की लपेटा काफी तेजी थी, आसपास कई पेड़ और गुमटी भी उस आगजनी के चपेट में आ गया।

साथ ही घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण गया-राजगीर, माड़नपुर से चांदचौरा, बोधगया से माड़नपुर, ओटीए से घुघरीटांड तक वाहनों की लंबी कतार लग गई।

इधर, घटना की सूचना पर डायल 112 पहुंचा। लेकिन उग्र भीड़ के तेवर देखकर वापस लौट गया। डायल 112 पर आक्रोशित लोगों ने पत्थर फेंका। वैसे स्थिति में तब विष्णुपद थाना एवं अन्य थाना की पुलिस सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। हंगामा कर रहे लोगों को शांत करने का प्रयास किया।

घटना की सूचना पर अग्निशमन की गाड़ी पहुंची। अग्निशमन गाड़ी पर पदाधिकारी व कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए निरंतर प्रयास किया। लेकिन आग की लपट इतनी तेज थी कि काबू पाने में 30 मिनट से अधिक समय लगा।

डीडीसी ने बैठक में की योजनाओं की समीक्षा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अररिया रोजी कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद अररिया में चल रही जनोपयोगी योजनाओं में प्रगति लाने हेतु समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निदेश दिये गये, ताकी महत्वाकांक्षी योजनाएं ससमय पूर्ण हो। उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अररिया द्वारा जिले में चल रही योजनाओं को जल्द पूर्ण किये जाने का निर्देश संबंधितों को दिया गया।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, जिला अंकेक्षक प्रबंधक डीआरडीए, आंतरिक अंकेक्षक, कनीय अभियंता, तकनीकी सहायक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

ब्रांडेड शराब की किल्लत होगी दूर

रांची। राज्य में शराब की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उत्पाद आयुक्त आईएएस रवि शंकर शुक्ला ने बुधवार को बैठक की। बैठक में सभी शराब आपूर्ति कंपनियों से उनके बकाया की जानकारी ली गई और नियमानुसार भुगतान पर सहमति बनी।

बैठक में यह सहमति बनी है कि शराब कंपनियों के बकाया की 75 प्रतिशत राशि का भुगतान जल्द हो जाएगा। शराब आपूर्ति करने वाली कंपनियों से कहा गया है कि कई ऐसे ब्रांड हैं, जो दुकानों में पड़े हुए हैं और उनकी बिक्री नहीं हो रही है। इस पर कहा गया कि जैसे-जैसे शराब की बिक्री होगी, उन्हें उसका भुगतान कर दिया जाएगा। शराब आपूर्ति कंपनियों की बकाया राशि भुगतान मामले में बैठक के दौरान राज्य की खुदरा शराब दुकानों से ब्रांडेड शराब के गायब होने के बिंदु पर भी विचार-विमर्श हुआ। कंपनियों को उनकी आपूर्ति के एवज में भुगतान फंसने की चिंता सता रही थी, जिसके चलते इन कंपनियों ने दुकानों में शराब की आपूर्ति रोक दी थी। शराब आपूर्ति कंपनियों का राज्य सरकार पर करीब 500 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसके चलते आपूर्ति रोक दी थी।

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान तल्ख हुए उपायुक्त

बच्चियों संग किया संवाद, वार्डेन को दी चेतावनी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस गुरुवार को लेस्लीगंज के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डन से आवासीय विद्यालय में रह रही बच्चियों की जानकारी ली। साथ ही विभिन्न वर्ग के छात्राओं संग अलग- अलग विषयों पर सवाल-जवाब किए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं के बीच वितरण किये जाने वाले अभ्यास पुस्तिका, प्रश्न बैंक व विभिन्न पुस्तकें नहीं पाई गई। उन्होंने वार्डेन को उपरोक्त सभी सामग्रियों को ससमय छात्राओं के बीच वितरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में विज्ञान प्रयोगशाला अस्त-व्यस्त पाया गया। आईसीटी लैब व कंप्यूटर कक्ष भी संचालित नहीं होने के प्रमाण मिले। उपायुक्त ने वार्डेन को कार्यप्रणाली में सुधार लाने अथवा कार्रवाई के लिये तैयार रहने की चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान डीसी व सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल ने बच्चियों संग सीधा संवाद स्थापित कर पठन-पाठन में आ रही समस्याओं से रूबरू हुए। बच्चियों को इंग्लिश ग्रामर, सामान्य ज्ञान आदि से जुड़े विषयों पर सवाल किया। इसी तरह उपायुक्त ने नामांकन के विरुद्ध छात्राओं की कम उपस्थिति पर चिंता जाहिर की। उन्होंने वार्डेन को लंबे समय से अनुपस्थित छात्राओं के अभिभावकों संग संवाद स्थापित करने व बच्चियों का विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थिती बढ़ाने की दिशा में सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने व खूब मेहनत से पढ़ाई करने की बात कही। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला शिक्षा अधीक्षक व वार्डेन समेत अन्य मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान डीसी समीरा एस ने नीलांबर-पीतांबरपुर के कोटखास पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत बनाये गये बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलकर हेतु कोट खास पंचायत में आयोजित वीडब्लूएससी की बैठक में भाग लिया। विभिन्न समिति के सभी सदस्यों को प्रत्येक माह जलकर वसूली करने के निर्देश दिए। साथ ही वीडब्लूएससी की नियमित बैठक करने व पंचायतों को दिए गये कचरा उठाओ वाहन का परिचालन 15वें वित्त से करने के निर्देश दिए। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का भी अवलोकन किया। इस दौरान प्लास्टिक कचरा प्रबंधन का संचालन कर रहे ऐजेंसी को सभी पंचायतों में लगे प्लास्टिक संग्रहण केंद्र में एकत्र हो रहे प्लास्टिक का उठाव ससमय करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सहायक समाहर्ता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक आदि उपस्थित थे।

पिस्तौल की नोक पर मुंशी से सरेआम लाखों की लूट

दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवकों ने दिया घटना को अंजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। मुख्यमंत्री के गृह जिले में अपराधियों के बढ़ते हौसले का एक और मामला सामने आया है। नूरसराय थाना क्षेत्र के मकनपुर पुल के पास गुरुवार को दिनदहाड़े गल्ला मंडी के एक मुंशी से 3.32 लाख रुपये की लूट कर ली गई। चार अज्ञात अपराधियों ने दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर इस वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, बिहार शरीफ बाजार समिति के अंतर्गत ऋषभ कुमार की गल्ला मंडी में मुंशी के रूप में कार्यरत 59 वर्षीय संजय कुमार गुरुवार को बकाया राशि संग्रह कर घर से निकले थे। परवलपुर थाना क्षेत्र के निवासी संजय कुमार के पास 3,32,640 रुपये नकद थे। जब वे परवलपुर बाजार से वापस लौट रहे थे, तो मकनपुर पुल के पास दो मोटर साइकिल पर सवार चार युवकों ने उन्हें घेर लिया। अपराधियों ने पहले यह कहकर उन्हें रोका कि उनकी मोटरसाइकिल का लाइसेंस फेल है और कागजात दिखाने होंगे।

पीड़ित संजय कुमार ने बताया कि जब उन्होंने पूछा कि आप कौन हैं जो उनके वाहन के कागजात देखना चाहते हैं, तो अपराधियों ने उन्हें चार-पांच थप्पड़ मारे। इसके बाद एक व्यक्ति ने पिस्तौल निकालकर उन्हें धमकाया। अपराधियों ने जबरदस्ती उनकी मोटरसाइकिल की चाबी छीनकर डिक्की तोड़ दी। संजय कुमार के विरोध करने पर भी बदमाशों ने पैसों से भरा झोला लेकर बिहार शरीफ की दिशा में फरार हो गए। पीड़ित ने उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे भागने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि अपराधियों की पहचान हो सके। पीड़ित के अनुसार, अपराधियों की उम्र 20 से 28 साल के बीच थी। उनमें से एक पल्सर 220 मोटरसाइकिल चला रहा था।

कार्यशाला का आयोजन

अररिया। मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मास्टर वालिंटियर तथा छात्रों का एकदिवसीय प्रशिक्षण- सह - संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित परमान सभागार अररिया में किया गया।

कार्यशाला में मास्टर वालिंटियर के साथ साथ विभिन्न विद्यालय के बच्चों, गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि, सदर अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र के साइकोलॉजीस्ट आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन अररिया डॉ के-के कश्यप, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग नितेश कुमार पाठक, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई शम्भू कुमार राजक, डीपीएम स्वास्थ्य अररिया संतोष कुमार सहित गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि, नशा मुक्ति केंद्र सदर अस्पताल के साइकोलॉजीस्ट एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने नशा के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

हनी ट्रैप में हरियाणा के युवक की जमुई में हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमुई। जमुई की एक लड़की ने पहले हरियाणा के युवक को हनी ट्रैप में फंसाया, फिर उससे पांच लाख रुपये ठग लिए। जब युवक द्वारा पैसों की मांग की जाने लगी तो युवक को मुंगेर बुलाकर उसकी हत्या कर दी गई। करीब छह महीने बाद पुलिस को इसमें बड़ी कामयाबी मिली है। हरियाणा एसटीएफ और जमुई पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए इस मामले में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही अन्य आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने बताया कि उक्त मामले को लेकर हरियाणा पुलिस द्वारा जमुई पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद एसडीपीओ सतीश सुमन के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र के अगहरा गांव से सुमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी ने बताया कि हरियाणा के हंसी जिला के नरौंद थाना क्षेत्र निवासी प्रवीण उर्फ प्रीत टंडन की हत्या मामले में सुमित को गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल, हरियाणा राज्य के हंसी जिले के नरौंद थाना क्षेत्र निवासी कारोबारी प्रवीण उर्फ प्रीत टंडन को जमुई नगर थाना क्षेत्र के बोधवन तालाब की रहने वाली प्रिया भारती नामक एक युवती ने हनी ट्रैप में फंसाया और उससे पांच लाख रुपए ठग लिए। इंटरनेट मीडिया के जरिए प्रिया भारती और प्रवीण उर्फ प्रीत टंडन की मुलाकात हुई थी। जिसके बाद प्रिया ने उसे अपने झांसे में लिया, फिर उससे मिलने हरियाणा चली गई। इस दौरान दोनों के बीच अवैध संबंध भी बने। इसी बीच झांसा देकर प्रिया ने प्रीत टंडन उर्फ प्रवीण से पांच लाख की ठगी कर ली।

डीएम के आदेश पर शहर में चला बुलडोजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सुपौल। अतिक्रमण के खिलाफ एक बार फिर प्रशासन सख्ती में आ गया है। एक सप्ताह से रुके हुए अतिक्रमण अभियान को सुचारू करते हुए नगर के हटिया चौक से दशकों से जमे अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जों को हटाया गया। बुधवार सुबह 9:30 बजे से शुरू यह अभियान दोपहर 3:30 बजे तक चला, जिसमें करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद कुल 10 दुकानों को बुलडोजर की सहायता से जमींदोज कर दिया गया।

नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शशिकांत के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों और प्रशासनिक टीम के बीच तनातनी भी देखने को मिली। कुछ दुकानदारों ने विरोध किया और टीम के सदस्यों के साथ झड़प की, लेकिन प्रशासन के सख्त रवैये के चलते कार्रवाई निर्बाध रूप से चलती रही। देखते ही देखते आधा दर्जन से अधिक अवैध दुकानें ध्वस्त कर दी गईं।

उन्होंने एसडीएम से एक सप्ताह की मोहलत मांगी थी और वादा किया था कि स्वयं अतिक्रमण हटा लेंगे, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी किसी प्रकार की पहल नहीं किए जाने पर नगर प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा।

विधवा के साथ हेडमास्टर धराये, लोगों ने करा दी शादी

दोनों के हैं पांच-पांच बच्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सहरसा। काशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़रिया गांव स्थित मध्य विद्यालय पड़रिया के प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर पासवान को मैना गांव में एक विधवा महिला के साथ ग्रामीणों ने संदिग्ध अवस्था में कमरे में पकड़ा। ग्रामीणों ने हेडमास्टर की पिटाई के बाद विधवा से उनकी शादी करा दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को लेकर थाना पहुंची, लेकिन किसी तरह की शिकायत नहीं मिलने पर थाने से छोड़ दिया गया।

जानकारी के अनुसार, पड़रिया गांव स्थित मध्य विद्यालय पड़रिया के प्रधानाध्यापक सासाराम निवासी भुवनेश्वर पासवान पूर्व में मैना मध्य विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उक्त विद्यालय में ही महिला के पति भी शिक्षक थे। जिनकी मौत दो साल पूर्व चुनाव ड्यूटी के दौरान हृदयाघात से हो गई थी।

भुवनेश्वर पासवान मैना गांव स्थित उक्त शिक्षक के घर के निकट ही किराए के मकान में रहते थे। जिस कारण शिक्षक के परिवार से नजदीकी बढ़ गयी थी। इस सब के बीच शिक्षक भुवनेश्वर पासवान का स्थानांतरण मध्य विद्यालय पड़रिया में हो गया।

शिक्षक मृत्यु के बाद भी प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर की शिक्षक की विधवा से नजदीकियां बढ़ती चली गई। नजदीकी प्यार में बदल गया और सारे बंदिशों को तोड़कर बुधवार रात दोनों प्रेमालाप करते संदिग्ध अवस्था में एक साथ पकड़े गए। ग्रामीणों ने पहले प्रधानाध्यापक की जमकर पिटाई की। सूचना मिलते ही काशनगर पुलिस पहुंची, लेकिन ग्रामीणों की मौजूदगी में तबतक दोनों की शादी करवा दी गई। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ पुलिस ने कड़ी मशक्कत बाद शिक्षक और महिला को हिरासत में लेकर थाना पहुंची।

किसी तरह की लिखित शिकायत नही मिलने पर दोनों को थाना से छोड़ दिया गया। बताते चलें कि दोनों को पूर्व से पांच-पांच बच्चे हैं। थानाध्यक्ष विक्की रविदास ने बताया कि किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं आने पर दोनों को थाने से छोड़ दिया गया।

बेटियां हर क्षेत्र में कर रही उत्कृष्ट प्रदर्शन : थाना प्रभारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। युवतियां हर एक क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या फिर खेल का। राजनीति का क्षेत्र हो या फिर परिवार कर को जोड़ कर रखने का। उक्त बातें सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने कही।

वे गुरुवार को मेदिनीनगर सदर प्रखंड के चियांकी स्थित उत्क्रमित राजकीय कृत बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं को 2025 की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त करने पर सम्मानित कर रहे थे। थाना प्रभारी ने कहा कि छात्राएं पूरी तन्मयता के साथ अध्ययन कर रही है।

यही कारण है कि मैट्रिक की परीक्षा में इन छात्राओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे निकल रही हैं। समाज के लोगों को इस तरह की छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए मदद करना होगा। कहां की स्कूल प्रबंधन ने इन्हें सम्मानित करने का फैसला किया है। इससे इन्हें आगे बढ़ने का जज्बा पैदा होगा। इसके पूर्व विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार तिवारी व सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय में प्रथम स्थान पर माया कुमारी, द्वितीय सपना कुमारी, तृतीय रिंशी कुमारी, बबीता कुमारी, इशिका प्रवीण, रंजीता कुमारी, अंजिता मिंज, कुमकुम कुमारी, सोहानी कुमारी, सोनी कुमारी टॉप टेन में अपना स्थान बनाया था, जिसे सम्मानित किया गया।



मौके पर सदर थाना प्रभारी गुप्ता ने सभी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर शुभकामनाओं के साथ विदाई दी व उज्जवल भविष्य की भी कामना की। मौके पर विद्यालय की शिक्षिका मुन्नी कुमारी, रश्मि कुमारी, पूजा प्रसाद, चंद्रकांती कुमारी, प्रमिला कुमारी, शिक्षक रविंद्र नाथ सिंह, संजीव तिवारी, दिनेश कुमार सिंह सहित बीआरपी सतेन्द्र पाठक, चियांकी मुखिया विंको उरांव सहित अभिभावक मौजूद थे।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: एडीएल-एमईसीएच-डीएम-वाटर-प्लांट, दिनांक: 24.06.2025। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीजल), पूर्व रेलवे, अंडाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **केस संख्या: एडीएल-एमईसीएच-डीएम-वाटर-प्लांट। कार्य का नाम:** खुली निविदा के आधार पर डीजल शेड, अंडाल में संग्रह एवं डिस्पेंसिंग प्रणाली सहित 1200 एलपीएच की क्षमता वाले डबल आरओ आधारित डीएम वाटर प्लांट की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत। **निविदा मूल्य:** ₹ 27,17,250। **बयाना राशि:** ₹ 54,400। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 04 महीना। **निविदा बंद होने तथा खुलने की तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को सुबह 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-97/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/20 दिनांक: 25.06.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार अधिकार का ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटेलॉग संख्या: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-20। नीलामी शुरू होने की तारीख और समय: 09.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू.संख्या; लॉट संख्या** एवं **विवरण** निम्नानुसार हैं: **1** ; एए/1; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-119-24-1** (एडवरटाइजिंग-ऑन स्टेशन प्रेमिस-डिजिटल) एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर-1 (लिलुआ, बेलुड़, बाली, डानकुनी, कोन्नगर, रिसड़ा एवं श्रीरामपुर) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान सहित पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों तथा अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान। **2**; एए/2; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-ओएसडी-120-24-1** (एडवरटाइजिंग-ऑन स्टेशन प्रेमिस-डिजिटल) एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर-2 (सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चन्दन नगर, चुंचुड़ा एवं तारकेश्वर) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान सहित पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों तथा अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान। **3**; एए/3; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-ओएसडी-121-24-1** (एडवरटाइजिंग-ऑन स्टेशन प्रेमिस-डिजिटल) एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर-3 (**बैंडेल, नवद्वीप धाम एवं कटवा**) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान सहित पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों तथा अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान। **4** ; एए/4; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-ओएसडी-122-24-1** (एडवरटाइजिंग-ऑन स्टेशन प्रेमिस-डिजिटल) एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर-4 (पांडुआ, मेमारी, बर्द्धमान, बोलपुर शांतिनिकेतन एवं रामपुरहाट) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान सहित पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों तथा अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर डुअल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान। **5**; एबी/1; **एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीपीईई-ओएसडी-26-25-1** (एडवरटाइजिंग-ऑन स्टेशन प्रेमिस-नॉन-डिजिटल) एवं तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के बेगमपुर स्टेशन के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन।

(HWH-161/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

अगमकुआं में 30 करोड़ की लागत से बनेगा नया हाईटेक भवन : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय तथा विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने आज अगमकुआं, पटना स्थित बिहार संयुक्त खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला में नव-अधिष्ठापित औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला अत्याधुनिक मशीन/ उपकरण अनुभाग का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंगल पाण्डेय ने कहा कि यह 14 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इसमें 28 प्रकार के आधुनिक जांच उपकरण स्थापित किए गए हैं। आज जिस प्रकार से ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री की स्थापना की गई, उसी प्रकार से तीन माह पूर्व फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी की भी स्थापना 16 करोड़ की लागत से की गई है। इस प्रकार ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी और फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी के लिए तीन माह में 30 करोड़ की लागत से इस संस्थान में ये सारी व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने यह भी ऐलान किया कि बिहार संयुक्त खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला परिसर में 30 करोड़ रुपए की लागत से नया भवन बनाया जाएगा जिसका डीपीआर तैयार कर लिया गया है। यह नया भवन जी प्लस 5 फ्लोर का होगा जिसमें मीटिंग रूम, कांफ्रेंस हॉल, रिकॉर्ड रूम, सैंपल कलेक्शन रूम, फैकल्टी रूम, लाइब्रेरी, किचन के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। श्री पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि बिहार ने 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड में से 3.10 करोड़ आयुष्मान कार्ड पिछले 1 साल 3 महीने में ही बनाए गए हैं। इसमें 3 लाख वय वंदना कार्ड बनाए गए हैं। बिहार आयुष्मान कार्ड बनाने में देश में तीसरे नम्बर पर पहुंच गया हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। विभाग का लक्ष्य न केवल गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना है, बल्कि औषधियों की गुणवत्ता की जांच और निगरानी को भी विश्वसनीय एवं वैज्ञानिक आधार देना है। उन्होंने कहा कि 28 प्रकार के उपकरण जो यहां लगाए गए हैं उन उपकरणों का अब पूरे तरीके से इस्तेमाल किया जाएगा। यह प्रयोगशाला केवल एक भवन के अंदर रखे उपकरण ही नहीं है, बल्कि अब यह भवन बिहार के 13 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा और भविष्य की गारंटी भी है। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि बिहार के गरीबों को बेहतर चिकित्सा सेवा मिल रही है। आज मुझे बहुत खुशी है स्वास्थ्य विभाग गरीबों को इस प्रकार की सेवा देने में सफल हो रहा है। यहां यह ड्रग लेबोरेटरी में 28 उपकरणों की मदद से गुणवत्तापूर्ण दवाइयां देने में सफल होंगे। नव-स्थापित आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों से युक्त यह अनुभाग दवाओं की गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया को और अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी बनाएगा।

विधायक सिद्धार्थ पटेल के पिता विपिन बिहारी पटेल के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वैशाली जिला के नगवा ग्राम जाकर वैशाली के विधायक सिद्धार्थ पटेल के पिता स्व. विपिन बिहारी पटेल के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व. विपिन बिहारी पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद एवं जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, विधायक सिद्धार्थ पटेल एवं उनके परिजन, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संवेदना और मर्यादा ही भारतीय शिक्षा संस्कृति की आत्मा : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। हमारी समस्याएं इसीलिए उत्पन्न होती हैं क्योंकि हमने दो शब्द भुला दिए हैं-संवेदना और मर्यादा। हमें विविधता का सम्मान करना चाहिए और इसके पीछे की एकात्मता को पहचानना चाहिए। भारत की संस्कृति मूलतः ज्ञान की संस्कृति है जिसमें महत्वाकांक्षा को मर्यादा से बांधा गया है। बिहार के विश्वविद्यालय ऐसे आदर्श संस्थान बनें जिन्हें किसी सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता ही न रहे। यह बात बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के 28वें महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा। श्री अरविन्द महिला महाविद्यालय, पटना में 26 जून 2025 को बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के 28वें महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. गणेश महतो, बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारीगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, छात्राएं एवं प्रतिनिधि सहित लगभग 1000 गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल के आगमन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। उसके पहले महर्षि अरविन्द घोष की प्रतिमा तथा डॉ. ए. के. सेन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। स्वागत भाषण में श्री अरविन्द महिला महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने कहा-यह मंच उन कर्मयोगियों को समर्पित है, जो दीखते नहीं, पर होते हैं जो प्रशासकीय व्यवस्था के गूढ़ तंतुओं में निरंतर गतिशील रहते हैं और हमारे शिक्षण संस्थानों को भीतर से सशक्त बनाते हैं।

खाद आपूर्ति में आ रही समस्याओं पर सहकारिता मंत्री ने की समीक्षा बैठक

पैक्सों को राहत देने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। राज्य में किसानों को खाद एवं उर्वरक की आपूर्ति में आ रही कठिनाइयों को लेकर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इफको और कृभको के पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में उन प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया, जो खाद व्यवसाय से जुड़े हैं। बैठक के दौरान पैक्स प्रतिनिधियों ने बताया कि इफको से वांछित मात्रा में खाद समय पर नहीं मिल पा रहा है। कई बार रेक के विलंब से आने के कारण खाद की आपूर्ति बाधित होती है। साथ ही, नैनो खाद की उपलब्धता तो है, लेकिन उसका उपयोग हमेशा संभव नहीं हो पाता। कुछ पैक्सों ने यह भी कहा कि रेक से खाद लाकर समितियों तक पहुंचाने में प्रति बोरी लागत इतनी बढ़ जाती है कि वह बिक्री मूल्य से अधिक हो जाती है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इफको पदाधिकारियों ने बताया कि उन्हें केंद्र से मिला खाद आवंटन घट गया है, जिससे वे सभी पैक्सों को मांग के अनुरूप खाद नहीं दे पा रहे हैं। नैनो खाद की उपलब्धता को लेकर उन्होंने उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण देने की बात कही। समीक्षा के दौरान मंत्री ने निर्देश दिया कि पैक्सों को नैनो खाद के सही उपयोग के लिए प्रशिक्षण दिया जाए और ड्रोन के माध्यम से छिड़काव की सुविधा भी मुहैया कराई जाए। खाद की ढुलाई की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने इफको और कृभको से विगत तीन वर्षों का खाद आवंटन और राज्य में कुल मांग का ब्योरा जल्द उपलब्ध कराने को कहा। सहकारिता मंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य की वास्तविक जरूरतों के अनुसार केंद्र सरकार से खाद का समुचित आवंटन सुनिश्चित करने का प्रयास होगा। साथ ही निजी कंपनियों से भी सहयोग समितियों को एक निर्धारित मात्रा में खाद देने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। बैठक में सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, इफको और कृभको के क्षेत्रीय प्रबंधक, विभाग के नोडल पदाधिकारी भरत कुमार सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

श्रावणी मेला पर पटना और आसनसोल के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा मोकामा-झाझा-जसीडीह के रास्ते पटना और आसनसोल के मध्य 03512/03511 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 09.08.2025 तक सप्ताह में पांच दिन शुक्रवार, शनिवार, सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को आसनसोल से 17.00 बजे खुलकर 18.32 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए देर रात्रि 01.30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03512 पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 12.07.2025 से 10.08.2025 तक सप्ताह में पांच दिन- शनिवार, रविवार, मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को पटना से 02.50 बजे खुलकर 07.23 बजे जसीडीह रुकते हुए 10.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी।

लालू जी का 13वीं बार अध्यक्ष बनना बिहार के लिए आपदा : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि लालू जी का अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल का 13 वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना बिहार के लिए आपदा है। कोर्ट द्वारा आदतन भ्रष्टाचार के आरोपित व सजायाफ्ता लालू जी के लिए बिहार के विकास की बात सोचना भी उनकी कल्पना से परे है। 28 वर्षों से अपने दल के स्वयम्भू अध्यक्ष रहने वाले लालू जी प्रवृति से विकास विरोधी रहे हैं। उनका पूरा कार्यकाल बिहार के पिछड़ेपन, अविकास, अपराध, अपहरण व अराजकता का प्रतीक रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि राजद के होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों से लालू जी की तस्वीरों को हटा देने मात्र से राजद उनके कारनामों की काली छाया से मुक्त नहीं हो सकता है जब पार्टी के सारे बड़े नीतिगत निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्तर पर ही होंगे तो फिर पार्टी लालू जी की मूल भावना व सोच से अलग कैसे हट सकती है? लालू जी का आज भी भय व दहशत के जरिए उन्मादी व तिकड़मी राजनीति में भरोसा है। रैला, रैली, लाठी में तेल पिलावन व जातीय गोलबंदी तथा तुष्टिकरण उनकी राजनीति की यूएसपी रही हैं। लालू जी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते राजद के सिद्धांत व कार्यशैली में बदलाव पर भला कौन विश्वास करेगा?

कमला कुमारी मांझी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में मुसहर समाज के झुग्गी झोपड़ी में विगत 15 वर्षों से नालंदा, खगड़िया और गया जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता कमला कुमारी मांझी और बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं अन्य कई संगठनों के अध्यक्ष रह चुके समस्तीपुर निवासी डॉ. मोहम्मद यूनुस हुसैन हकीम ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कराने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों नेताओं और उनके समर्थकों का कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कमला कुमारी मांझी और डॉ मोहम्मद यूनुस हुसैन हकीम ने लगातार समाज के सबसे निचले वर्ग के बेहतरी के लिए काम किया है। कांग्रेस ने हमेशा वंचित समाज की लड़ाई लड़ी है और आगे भी हम उनके हक हुकूक को लेकर गंभीर हैं और उनकी हिस्सेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता कमला कुमारी मांझी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा दल है जो सामाजिक न्याय की लड़ाई को जीवंत और हकीकत में लेकर चल रहा है। राहुल गांधी के बिहार में दौरों ने मुझे प्रभावित किया और कांग्रेस के सामाजिक न्याय के संघर्ष को मैंने अपनाते हुए अपने समाज के बेहतरी के लिए कांग्रेस का हाथ थामा क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा संगठन है जो वंचित समाज को मुख्यधारा में जोड़ने का काम कर सकती है। मुसहर समाज की स्थिति सुधर सकें उसके लिए कांग्रेस के प्रति हमारा समाज आशा भरी निगाहों से देख रहा है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद डॉ. मोहम्मद यूनुस हुसैन हकीम ने कहा कि अल्पसंख्यक नीतीश भाजपा राज में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

चन्द्रप्रभु की आभा से आलोकित होगा पटना

तीन दिवसीय लघु पंचकल्याणक महोत्सव 30 जून से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के अंतर्गत राजधानी पटना के श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन चैत्यालय के मूलनायक भगवान श्री चन्द्रप्रभु सहित जिनमंदिर में विराजमान समस्त जिनप्रतिमाओं का शुद्धि-संस्कार, सौंदर्य-वर्धन और लघु पंचकल्याणक के बाद उन्हें नव प्रतिष्ठित वेदी पर विराजमान कराया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कमिटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि इस पवित्र आयोजन में पटना सहित पूरे बिहार से सैकड़ों की संख्या में जैन श्रद्धालुओं का आगमन होगा। यह केवल मूर्तियों का पुनर्स्थापन नहीं बल्कि श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों के नव संचार का उत्सव है। पराग जैन ने बताया कि यह पुण्य कार्य प.पू. सराक केशरी मुनि श्री विशल्य सागर जी महाराज संघ के सान्निध्य में 30 जून से दो जुलाई तक होगा। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कराने के लिए यह तीन दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव भव्यता और श्रद्धा के साथ होने जा रहा है। यह अवसर न केवल मंदिर परिसर के सौंदर्य और शुद्धि का पर्व है बल्कि जैन समाज के आत्मबल और अध्यात्मिक उत्कर्ष का दर्शन कराएगा। समाज के सभी श्रद्धालुजन इस पुण्य आयोजन में उत्साह के साथ भागीदारी करेंगे।

पांच महिलाओं को गौरव राय ने दिया सिलाई मशीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिग्रहपुर में पांच महिलाओं को स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीनें वितरित की गईं। मुजफ्फरपुर की मंजू देवी, शिवानी देवी, मणि कुमारी, कविता कुमारी और पटना की रहनेवाली कामिनी देवी को सिलाई मशीनें दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में गौरव राय के द्वारा संजय किशोर, प्रिंस कुमार और रंजन ऋतुराज को अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। संजय किशोर ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यहां आकर अच्छा लगता है और उनकी भी कोशिश है ऐसे जरूरतमंदों की मदद बड़े पैमाने पर हो। दलान ब्लॉग के रंजन ऋतुराज ने कहा कि आज मैं पहली बार आया हूं और यहां आकर अच्छा लगा। गौरव राय के द्वारा भूमिहार महिला समाज की फाउंडर प्रीति प्रिया को और रंजन ऋतुराज को उनके द्वारा समाज में अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गौरव राय ने बताया कि एक सिलाई मशीन राजीव कुमार, एक मशीन प्रतीक अभय, एक पारिवारिक मित्र के द्वारा और दो मशीनों का इंतजाम उनके द्वारा किया गया। बिना एनजीओ हम आपस में मिल आसपास के लोगों के जीवन में बदलाव लाने की मुहिम में लगे हैं और अब लोगों का सहयोग भी मिलने लगा है। गौरव राय के अनुसार आज तक 231 सिलाई मशीनों का वितरण किया जा चुका है बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में। इसके अलावा 301 जरूरतमंदों को साइकिल और 135 विद्यालयों और कॉलेजों में सैनेट्री पैड वेंडिंग मशीनों को लगवाया जा चुका है। हमारा उद्देश्य एक है अपने आसपास के जरूरतमंदों को चिन्हित कर उनके जीवन में मुस्कान लाई जाए।

यशवंतपुर- गया- यशवंतपुर स्पेशल का परिचालन विस्तार धनबाद जं. तक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा एवं उनके सुगम आवागमन के मद्देनजर यशवंतपुर- गया के बीच चलायी जा रही गाड़ी संख्या 06563/ 06564 यशवंतपुर- गया- यशवंतपुर स्पेशल का परिचालन विस्तार 28.06.25 से 26.07.25 तक (प्रत्येक सोमवार को) धनबाद जं. तक किया गया है। यशवंतपुर- गया के मध्य उपरोक्त स्पेशल ट्रेन का समय और ठहराव वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 06563/ 06564 यशवंतपुर- गया- यशवंतपुर स्पेशल के मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा। गया- धनबाद के मध्य इस स्पेशल का समय सारणी इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 06563 यशवंतपुर- धनबाद स्पेशल 07.10 बजे गया जं. पहुंचेगी और यहां से 07.15 बजे प्रस्थान कर 08.30 बजे कोडरमा, 09.00 बजे हजारीबाग रोड, 09.18 बजे पारसनाथ एवं 09.35 बजे गोमो रूकते हुए 11.00 बजे धनबाद पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 06564 यशवंतपुर- धनबाद स्पेशल 20.45 बजे धनबाद से प्रस्थान कर 21.15 बजे गोमो, 21.30 बजे पारसनाथ, 21.51 बजे हजारीबाग रोड, 22.20 बजे कोडरमा रूकते हुए 23.40 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से 23.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

सेवा और पर्यावरण संरक्षण की दोहरी पहल, दीघा घाट पर शीतल जल सेवा शुरू

एल सिटी घाट पर एक हजार पौधे लगाए गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम और बीइंग हेल्पर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पटना में समाज सेवा की दिशा में दो प्रेरणादायक कार्य संपन्न हुए। एक ओर दीघा घाट पर शोक संतप्त परिवारों और कर्मचारियों की सुविधा हेतु शीतल पेयजल कूलर की स्थापना की गई तो वहीं दूसरी ओर एल सिटी घाट (जेपी गंगा पथ गोलंबर) पर वर्ष भर चलाए गए वृक्षारोपण अभियान का सफल समापन किया गया। इस वर्ष लगभग 1,000 पौधे लगाए गए जिनका रख-रखाव बीइंग हेल्पर फाउंडेशन द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पटना स्मार्ट सिटी परियोजना के वरिष्ठ वित्त पदाधिकारी प्रविंद कुमार सिंह ने किया। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्ष सोनल जैन ने इस पहल को क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया और कहा कि सेवा ही हमारा ध्येय है और ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन चिंतन जैन ने इस कार्यक्रम की निरंतरता और दीर्घकालिक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा यह पहल केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा की दीर्घकालिक सोच का परिणाम है। कार्यक्रम में रोटेरियन रौशन धंडानिया, रोटेरियन राजीव अग्रवाल, रोटेरियन सोनू बांका, रोटेरियन अजय मोरे तथा रोटेरियन अमन कमालिया की भी सक्रिय सहभागिता रही।

वोटर लिस्ट अपडेट करने के नाम पर वंचित समाज के मताधिकार को छिनना चाहता है चुनाव आयोग : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। चुनाव आयोग के द्वारा बिहार में विधानसभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची के अपडेट करने की कवायद को लेकर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने आयोग को आड़े हाथों लेते हुए दलित, अल्पसंख्यक और गरीबों के मताधिकार और हिस्सेदारी को मिटाने की साजिश करार देते हुए अल्प समय में मतदाता सूची को अपडेट करने की कवायद की खिलाफत की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि मतदाता सूची अपडेट करने का कार्यक्रम आनन-फानन में चलाया जा रहा है और इससे युवा, दलित, गरीब और अल्पसंख्यकों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की साजिश चल रही है। अपडेट के नाम पर उन्हें आगामी चुनाव में मताधिकार के प्रयोग से वंचित रखने की साजिश चुनाव आयोग कर रही है। यह कदम कांग्रेस और महागठबंधन के मतदाताओं को सुनियोजित तरीके से लक्षित करके संचालित की गई है। उन्होंने कहा कि जिन कागजातों की मांग इस प्रक्रिया के तहत की जा रही है वो मेहनतकश परिवार और समाज के पिछड़े वर्ग से आने वाले लोगों के पास इतने कम समय में प्रस्तुत कर पाने में असमर्थता को दरकिनार किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने चुनाव आयोग को भाजपा के साजिशों में गिरफ्त बताते हुए कहा कि पिछले चुनावों में पांच राज्यों में भी चुनाव आयोग ने इसी प्रक्रिया के तहत लाखों युवाओं, वंचित समाज, दलितों और अल्पसंख्यकों का नाम वोटर लिस्ट से काट दिया था।

शाहू जी महाराज और बाबा साहब के सपनों को साकार करेगी बसपा : आकाश आनन्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बहुजन समाज पार्टी बिहार प्रदेश द्वारा आज राजधानी पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में आरक्षण के जनक कहे जाने वाले छत्रपति शाहू जी महाराज की भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को सिक्कों से तौलकर पारंपरिक सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के केन्द्रीय प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने की। वहीं राज्यसभा सांसद एवं नेशनल कोऑर्डिनेटर ई. रामजी गौतम, अधिवक्ता सुरेश राव, उमा शंकर गौतम, और बिहार प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो सहित हजारों बहुजन समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में मंच से संबोधित करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज ने समाज में व्याप्त जातिवाद, अंधविश्वास और स्त्री-विरोधी मानसिकता के विरुद्ध मजबूत लड़ाई लड़ी। वे पहले ऐसे राजा थे जिन्होंने अपने राज्य में 50% आरक्षण लागू कर दलितों और पिछड़े वर्गों को सामाजिक सम्मान और सरकारी सेवाओं में अवसर प्रदान किया। उन्होंने बताया कि शाहू जी महाराज ने महिलाओं की शिक्षा और अधिकार को खुलकर समर्थन दिया और सत्यशोधक समाज को आगे बढ़ाया। आकाश आनंद ने शाहू जी महाराज की शिक्षा-नीति का ज़िक्र करते हुए बताया कि उन्होंने डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की उच्च शिक्षा का खर्च वहन किया। यह केवल एक राजा का कार्य नहीं, बल्कि समाज सुधारक और सामाजिक क्रांतिकारी का दृष्टिकोण था। उन्होंने कहा कि आज बिहार को एक बार फिर शाहू जी महाराज जैसे नेतृत्व की जरूरत है, जो बहुजनों को ऊपर उठाने का साहस रखता हो। कार्यक्रम में आकाश आनंद ने कहा कि बहन मायावती ने उत्तर प्रदेश में चार बार बहुजन समाज की सरकार बनाकर सामाजिक न्याय और विकास का नया अध्याय लिखा। शिक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में उनके शासनकाल को 'बहुजन गवर्नेंस मॉडल' के रूप में आज भी याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी यदि बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनती है, तो वही सुशासन और सामाजिक बदलाव की तस्वीर उभरेगी।

संपादकीय

इजराइल-ईरान युद्ध में क्या हुआ हासिल?

इजराइल-ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के कूदने से दुनिया के सामने विकट स्थितियां पैदा हो गई हैं। ईरान ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि अगर अमेरिका ने इस जंग में दखल दिया, तो न केवल उसको, बल्कि पूरी दुनिया को इसके खतरनाक नतीजे भुगतने पड़ेंगे। यमन के हूती विद्रोहियों ने भी कह दिया था कि वे लाल सागर में हमले तेज कर देंगे। शुरू में अमेरिका की कोशिश थी कि किसी तरह यह युद्ध रुक जाए, पर अब उसने खुद इजराइल की तरफ से ईरान पर हमला कर दिया है। उसने अपने बंकरभेदी बमवर्षकों से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बम बरसाए। इससे ईरान ने जवाबी कार्रवाइयां करनी शुरू कर दी हैं। यह युद्ध क्या शक्ल अख्तियार करेगा, यह देखने की बात है। पर ईरान ने तत्काल होर्मुज जलडमरुमध्य को बंद करने का फैसला किया है, उसी से दुनिया के अनेक देशों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस जलडमरुमध्य के रास्ते दुनिया के करीब तीस फीसद कच्चे तेल का आयात होता है। जाहिर है, यह रास्ता बंद हो जाने से तेल के जहाजों को दूसरे लंबे रास्तों से होकर गुजरना पड़ेगा, जिसका असर कच्चे तेल की कीमत पर पड़ेगा। इससे महंगाई और बढ़ जाएगी। ईरान के इस फैसले से भारत की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है कि यह अपनी ऊर्जा जरूरतों का करीब सत्तर फीसद तेल आयात करता है। इसके अलावा, होर्मुज जलडमरुमध्य के रास्ते पश्चिम एशियाई देशों के साथ बड़ी मात्रा में इसका आयात-निर्यात होता है। इन देशों के साथ भारत का निर्यात कुल 8.6 अरब डालर का और आयात 33.1 अरब डालर का होता है। इस रास्ते के बंद होने से इस व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हमले के चलते भारतीय व्यापारियों को पहले ही आयात-निर्यात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, अमेरिकी हमले के विरोध में हूती हमलों में तेजी आई, तो यह संकट और गहरा हो जाएगा। भारत पहले ही अपना निर्यात बढ़ाने को लेकर चिंतित है। तमाम कोशिशों के बावजूद महंगाई पर काबू पाना चुनौती है। विनिर्माण क्षेत्र और देश के आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र मंदी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अगर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होती है और मध्य पश्चिमी देशों के साथ व्यापार में अवरोध पैदा होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को बड़ी चोट पहुंच सकती है। अमेरिकी हमले के बाद अभी दुनिया दम साधे इंतजार कर रही है कि ईरान इसका जवाब किस रूप में देता है। ईरान किसी भी रूप में झुकने को तैयार नहीं है। रूस सहित दुनिया के कई देशों ने ईरान पर अमेरिकी हमले की निंदा की है। खुद अमेरिका में इसे लेकर विरोध शुरू हो गया है, इसलिए कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस हमले में तय प्रक्रिया और नियम-कायदों का पालन नहीं किया। फिर यह भी कि अमेरिका या इजराइल के पास इस बात के पुख्ता सबूत नहीं हैं कि ईरान ने परमाणु हथियार बनाने की तैयारी में था। अमेरिका की खुफिया एजंसी ने भी साफ कह दिया था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा था। इस स्थिति में अगर कुछ देश ईरान के समर्थन में खुले रूप में आगे आते हैं, तो युद्ध और विकराल रूप ले सकता है। वैसी स्थिति में दुनिया के सामने खड़ी होने वाली आर्थिक चुनौतियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

अंग्रेजों से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ गई थी। 25 जून 1975 की आधी रात में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं। बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए।

आपातकाल विस्मृत न हो

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं।

अंग्रेजों से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ गई थी। 25 जून 1975 की आधी रात में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं।

बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। संयोगवश, इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने एक दिन पूर्व 24 जून को सदस्य के रूप में शपथ लेते समय संविधान की प्रतियां उठाई थीं।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? क्या कांग्रेस कांग्रेस चाहती है कि आपातकाल पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। लेकिन आपातकाल के भुगतभोगी आम लोगों और नेताओं का मानना है कि अतीत की भूलों को विस्मृत करने से उनके दोहराए जाने का खतरा बढ़ जाता है।

वास्तव में कांग्रेस और उसके नेता आपातकाल की गलती को स्वीकार नहीं करते। अगर वह अपनी गलती स्वीकार करते तो वह यह कहने की हिम्मत जुटाते कि 49 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से देश पर आपातकाल थोपने और राजनीतिक विरोधियों, मीडिया एवं जनता के खिलाफ दमन का चक्र चलाना एक भूल थी।

कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि पिछले कुछ समय से वह संविधान के खतरे में होने का फर्जी हौवा खड़ा कर उसके प्रति प्रतिबद्धता जताने में लगी हुई है। यह ठीक है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का संख्या बल बढ़ा है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह दबे-छिपे स्वर में आपातकाल को सही ठहराने की कोशिश करती दिखने लगे। उसकी यह कोशिश तो आपातकाल के स्मरण को और अधिक आवश्यक ठहराती है।

यदि वह संविधान के प्रति इतनी ही अधिक प्रतिबद्ध है तो फिर यह क्यों नहीं स्वीकार करना चाहती कि इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता खारिज किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए आपातकाल का सहारा लिया और इस क्रम में इसी संविधान को कुचला और उसकी प्रस्तावना को मनमाने तरीके से बदल दिया।



नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं। आपातकाल के दौरान पूरा देश कारागार में परिवर्तित हो गया था। विपक्ष के सभी नेताओं को रात में ही जगा कर नज़दीकी जेल में ज़बरन उन्हें डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस और जमात-ए-इस्लामी सहित 26 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल के मुखर आलोचक रहे फिल्मी कलाकारों को भी इसका दंश झेलना पड़ा। किशोर कुमार के गानों को रेडियो और दूरदर्शन पर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देव आनंद को भी अनौपचारिक प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था।

आपातकाल की कहानी को बार-बार दोहराना इसलिए भी जरूरी है कि आज की युवा पीढ़ी कम से कम यह जान ले कि जो आजादी और स्वतंत्रता उसे अनायास मिली है, सहज सुलभ है, वह दरअसल कितने बलिदानों से मिली है और उसे कायम रखने के लिए कितनी लड़ाइयां हुई हैं! लोगों को पता चलना चाहिए कि संविधान की हत्या किसे कहते हैं।

पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के शब्दों में, आपातकाल की घोषणा ने देश की लोकतांत्रिक संरचना को हिला कर रख दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था के कमज़ोर पक्षों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ और देश ने दोबारा कभी भी इसे नहीं लगाए जाने का प्रण किया। यह प्रतिज्ञा तभी बनी रहेगी जब देश बार बार उस आपातकाल से मिलने वाले सबक को याद करता रहेगा। ख़ास कर, युवाओं को आज़ाद भारत के उस काले अध्याय की जानकारी और उससे मिले सबक को जानना होगा।

देश में आपातकाल लागू होने के बाद कई त्रासद घटनाएं हुईं। दिल्ली का तुर्कमान गेट कांड भी इनमें एक था। मुस्लिम बहुल उस इलाके को संजय गांधी ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर खाली करा दिया। यह काम लोगों की सहमति से नहीं, बल्कि जबरन किया गया गया। बुल्डोजर से लोगों के घर ढहाए गए। जिन्होंने विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। विरोध के दौरान पुलिस ने लाठियां बरसाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने गोलियां भी चलाईं। चार लोगों की जान चली गई।

संजय गांधी ने तब तक परिवार नियोजन का अभियान छेड़ दिया था। सड़क से भिखारियों, झोपड़पट्टी के लोगों और राहगीरों को पकड़ कर जबरन नसबंदी के टार्गेट पूरे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 18 अक्टूबर 1976 को नसबंदी अभियान का विरोध कर रहे आंदोलकारियों पर पुलिस ने सीधी फायरिंग कर दी थी। जिसमें 42 बेगुनाहों की मौत हो गई थी। मृतकों की स्मृति में यहां शहीद चौक बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान देशभर में 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी।

तत्कालीन अटार्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। यदि स्टेट आज किसी की जान भी ले ले तो भी उसके खिलाफ कोई व्यक्ति कोर्ट की में नहीं जा सकता। ऐसे मामलों को सुनने के कोर्ट के अधिकार खत्म कर दिए गए हैं। ऐसा तो अंग्रेजों के राज में भी नहीं था। विलायती शासन में भी कम से कम जनता को कोर्ट में जाने की छूट तो मिली हुई थी।

आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के दुरुपयोग, कदाचार और ज्यादतियों के विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेसी शाह की अध्यक्षता में शाह आयोग का गठन किया था। आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि आपातकाल के दौरान एक लाख से ज्यादा लोगों को निवारक हिरासत कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

24 जून 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र करते हुए कहा- जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा को समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है।

इमरजेंसी के विरोध में केंद्र की बीजेपी सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। असल में, संविधान हत्या दिवस मनाने का मकसद संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को परिचित कराना है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, जब भी मैं निराशा होता हूं, तब इतिहास के पन्नों को पलटकर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं। इतिहास के पन्नों पर आतातायी और हत्यारे भी रहे हैं और कुछ पल के लिए वो अजेय भी दिखे लेकिन यह ख़ास ख़याल रखें कि अंत में उनका खात्मा हुआ है। जीत हमेशा सत्य की हुई है। हमें अपने कटु अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है, ताकि न्यू इंडिया के सपने को साकार कर सकें। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

ईरान-इस्राइल संघर्ष में अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र अपनी जिम्मेदारियों को समझें

सुनील कुमार महला

ईरान-इस्राइल के बीच युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में संकट के बादल मंडरा रहे हैं और विश्व तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा नजर आ रहा है। ईरान-इजरायल के बीच जारी युद्ध के बीच हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान की तर्ज पर एकाएक दोनों देशों के बीच अलसुबह सीजफायर की घोषणा कर सभी को एक बार फिर चौंका दिया, लेकिन स्थिति ढाक के तीन पात वाली रही और दोपहर बाद से ही दोनों पक्षों की तरफ से उसके उल्लंघन की खबरें भी आने लगीं। कहना ग़लत नहीं होगा कि इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम(सीजफायर) पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है, क्यों कि किसी भी युद्ध को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता है, जैसा कि युद्ध तबाही, विनाश को तो जन्म देते ही हैं, साथ ही साथ युद्ध से किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ता है और वह देश विशेष जो युद्ध में शामिल होते हैं, बरसों तक आर्थिक रूप से उबर नहीं पाते हैं। कुल मिलाकर किसी भी युद्ध से मानवता बहुत ही बुरी तरह से पीड़ित और त्रस्त होती है और युद्ध से पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। हाल फिलहाल ईरान इजरायल युद्ध के कारण पश्चिम एशिया लगातार अस्थिरता का सामना कर रहा है और यदि इसी प्रकार से दोनों देशों के बीच युद्ध लंबे समय तक जारी रहता है तो यह दोनों देशों के साथ ही संपूर्ण विश्व के लिए ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। हाल फिलहाल, जहां तक बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एकाएक सीजफायर की घोषणा की है, तो भारत द्वारा पाकिस्तान व पीओके पर ऑपरेशन सिंदूर के समय में(जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद)भी ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर(युद्ध विराम) के आधिकारिक एलान से पहले ही यह दावा कर दिया था, कि उन्होंने मध्यस्थता करके दोनों देशों(भारत-पाकिस्तान) को इसके लिए सहमत कर लिया है, हालांकि, बाद में भारत ने तुरंत ही मध्यस्थता का खंडन कर दिया था।

बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आनन-फानन में दो देशों के बीच युद्ध विराम की घोषणा तो कर देते हैं, लेकिन इसकी जानकारी उनके अधिकारियों तक को भी नहीं होती है। इससे तो ऐसा ही प्रतीत होता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपने मन में नोबेल शांति पुरस्कार पाने की लालसा पाले हुए हैं। यह ठीक है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता है और किसी भी देश को युद्ध विराम के लिए निश्चित रूप से आगे आकर काम करना चाहिए और शांति स्थापित करने के दिशा में आवश्यक कदम उठाने चाहिए, लेकिन अमेरिका एक तरफ तो ईरान के खिलाफ जंग(ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला) में उतरने का फैसला करते हैं और दूसरे ही पल वह दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा कर डालते हैं, यह बहुत ही आश्चर्यजनक बात है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि ट्रंप की ईरान-इस्राइल के बीच सीजफायर की घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब नोबेल शांति पुरस्कार के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। गौरतलब है कि ट्रंप पहले ही सर्बिया-कोसोवो, मिस्त्र-इथियोपिया और पश्चिम एशिया में अब्राहम समझौते जैसी कूटनीतिक पहलों को नोबेल पुरस्कार से जोड़ चुके हैं।इससे यह साफ संकेत मिलता है कि ट्रंप अपनी ताजा युद्ध विराम की घोषणा को भी नोबेल के लिए मजबूत दावेदारी के रूप में पेश करना चाहते हों। वास्तव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि नोबेल पुरस्कार तात्कालिक उपलधियों के लिए नहीं, बल्कि दीर्घकालिक शांति प्रयासों के लिए दिए जाते हैं। ऐसे में ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए लालायित होना कदापि ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। वैसे भी ट्रंप की सीजफायर की घोषणा के बाद भी ईरान-इस्राइल संघर्ष थमा नहीं है और दोनों ही देश एक दूसरे की जान के दुश्मन बने हुए हैं। वास्तव में किसी भी युद्ध को शांति वार्ता टेबल पर ही खत्म किया जा सकता है, यूं ही आनन-फानन की घोषणाओं(सीजफायर) से कदापि नहीं। किसी भी युद्ध को रोकने के लिए आपसी संवाद और कूटनीतिक प्रयासों की जरूरत होती है, तभी युद्ध विराम संभव हो पाता है। वास्तव में, ट्रंप को यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि पश्चिम एशिया का इतिहास और इस क्षेत्र की भू-राजनीतिक स्थिति काफी जटिल रही है।

यह ठीक है कि ट्रंप के सीजफायर के पीछे उनकी कूटनीतिक महत्वाकांक्षाएं रहीं हैं लेकिन स्वयं अमेरिका ने ईरान को लेकर क्या किया,उसका भी ख्याल अमेरिका को रखना ही चाहिए। अमेरिकी सीजफायर के आह्वान के बावजूद, जिस तरह से ईरान और इस्राइल, दोनों ने ही इसका उल्लंघन किया, यह बहुत ही अफसोसजनक है तथा इसने पश्चिम एशिया में कहीं न कहीं संकट के बादल खड़े कर दिए हैं। ट्रंप भले ही शुरूआत से ही सीजफायर की बात करता आ रहा है लेकिन अमेरिका स्पष्ट रूप से इजराइल के साथ खड़ा नजर आ रहा है, जैसा कि अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर भीषण हमले करके इसकी पुष्टि भी कर दी। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि युद्ध किसी भी देश को बरसों पहले की स्थिति में ले जाते हैं और इससे उबरना इतना आसान नहीं होता है। इसलिए अब जरूरत इस बात की है कि इस बात पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि दोनों देशों के बीच युद्ध स्थाई रूप से कब और कैसे विराम ले। हाल फिलहाल ईरान और इजरायल (ट्रंप की सीजफायर की घोषणा के बाद) एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं और एक-दूसरे को दोषी करार दे रहे हैं, यह ठीक नहीं है।

मजबूत जीडीपी के लिए वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी होगी

शिक्षा और नौकरी के बीच का यह अंतर महिलाओं की क्षमता का प्रतिबिंब नहीं है, बल्कि ऐसे माहौल को दर्शाता करता है, जहां महिलाओं को अपनी प्रोफेशनल यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सपोर्ट नहीं मिलता। एजुकेशनल इंस्टिट्यूट अक्सर अपने यहां बढ़ती स्टूडेंट्स की संख्या का जश्न मनाते हैं, लेकिन उतने उत्साह के साथ शायद ही कन्वर्शन रेट को ट्रैक करते हैं ङ्क यानी उन महिला स्टूडेंट्स का अनुपात जो नौकरी हासिल करती हैं, व्यवसाय शुरू करती हैं, या नेतृत्व की भूमिकाएं निभाती हैं।

(तृप्ति सिंघल सोमानी)

भारत ने जेंडर इक्विटी की दिशा में काफी कुछ किया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देश ने महिला साक्षरता यानी फीमेल लिटरेसी और हायर एजुकेशन में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हालांकि, ये उपलब्धियां अभी तक प्रपोशनल वर्कफोर्स पार्टिसिपेशन में तब्दील नहीं हुई हैं।

हालिया (वुमन एम्पावरमेंट प्रिंसिपल्स) लेबर फोर्स विश्लेषण के अनुसार, 2024 में महिला साक्षरता दर 77 प्रतिशत से अधिक पहुंच गई थी और महिलाएं अब उच्च शिक्षा में करीब 48 प्रतिशत स्टूडेंट्स का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके बावजूद फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 2023-24 में 41.7 प्रतिशत है, जो वैश्विक औसत से काफी नीचे है। यह आंकड़ा शिक्षा और रोजगार के बीच एक बड़े अंतर को उजागर करता है।

यहां गौर करने वाली बात यह है कि भले ही अब पहले से अधिक महिलाएं ग्रेजुएट हो रही हैं, लेकिन फॉर्मल वर्कफोर्स में उनकी भागीदारी अभी भी अपेक्षाकृत कम है। डब्ल्यूईपी डेटा के अनुसार, सभी ग्रेजुएट्स में से लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद केवल 20त्न महिलाएं ही फॉर्मल एम्प्लॉयमेंट या एंटरप्रेन्योरशिप में प्रवेश कर पाती हैं। यहां तक कि ग्रेजुएशन में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालीं महिलाएं भी कभी-कभी वर्कफोर्स का हिस्सा नहीं बन पातीं, यह शिक्षा से रोजगार तक पहुंचने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल की तरह है।

शिक्षा और नौकरी के बीच का यह अंतर महिलाओं की क्षमता का प्रतिबिंब नहीं है, बल्कि ऐसे माहौल को दर्शाता करता है, जहां महिलाओं को अपनी प्रोफेशनल यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सपोर्ट नहीं मिलता। एजुकेशनल इंस्टिट्यूट अक्सर अपने यहां बढ़ती स्टूडेंट्स की संख्या का जश्न मनाते हैं, लेकिन उतने उत्साह के साथ शायद ही कन्वर्शन रेट को ट्रैक करते हैं ङ्क यानी उन महिला स्टूडेंट्स का अनुपात जो नौकरी हासिल करती हैं, व्यवसाय शुरू करती हैं, या नेतृत्व की भूमिकाएं निभाती हैं।

वूमेनोवेटर में हम नीतिगत बदलाव की पुरज़ोर वकालत करते हैं। भारत के नेशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में एक प्रमुख पैरामीटर के रूप में कन्वर्शन रेट को शामिल किया जाना चाहिए। संस्थानों का मूल्यांकन न केवल एकेडमिक प्रदर्शन के आधार पर बल्कि जबकि लीडरशिप पोजीशन में यह आंकड़ा महज 13त्न है।



वूमेनोवेटर में हम इस तस्वीर को बदलने के लिए काम कर रहे हैं। हमारा मेंटर-मेंटी प्रोग्राम पहले ही 1000 से ज्यादा अनुभवी पेशेवरों को विभिन्न क्षेत्रों की महत्वाकांक्षी महिलाओं से महिलाओं को वर्कफोर्स में शामिल करने की उनकी क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए। यदि ऐसा सही तरीके से होता है, तो यह न केवल फीमेल एम्प्लॉयमेंट रेश्यो में सुधार करेगा बल्कि भारत की जीडीपी वृद्धि में भी सार्थक योगदान देगा।

फीमेल वर्कफोर्स पार्टिसिपेशन में हालिया वृद्धि उल्लेखनीय है, लेकिन इसका अधिकांश हिस्सा सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट या अनपेड फैमिली वर्क के कारण है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा ज्यादा देखने को मिलता है। इस तरह की भागीदारी अक्सर वित्तीय स्थिरता और विकास के अवसरों में कमी की वजह बनती है। शहरी क्षेत्रों में, लैंगिक असमानताएं अभी भी मौजूद हैं, एंट्री लेवल की भूमिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी 31त्न हैं, जोड़ चुका है, जिसका सीधा असर 300 से ज्यादा महिलाओं के करियर पर पड़ा है। हमारा मानना है कि वास्तविक सशक्तिकरण कम्युनिटी, मेंटरशिप और सपोर्ट से उत्पन्न होता है, और हम एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं जो सुनिश्चित करता है कि महिलाएं अपनी प्रोफेशनल जर्नी में कभी अकेली न रहें।

जमीनी स्तर पर शिक्षा और नौकरी के इस अंतर को पाटने के लिए, वूमेनोवेटर में हम कॉलेजों में वूमेनोवेटर सेल स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। यह एक तरह का डेडिकेटेड संगठन है, जो मेंटरशिप, करियर काउंसलिंग और एंटरप्रेन्योरियल ट्रेनिंग प्रदान करता है। ये सेल पीयर-टू-पीयर नेटवर्क को बढ़ावा देते हैं और युवा महिलाओं को आत्मविश्वास से वर्कफोर्स में प्रवेश करने और आगे बढ़ने के लिए तैयार करते हैं।

इसके अतिरिक्त, हमने महिलाओं को लीडरशिप और कम्युनिटी-बिल्डिंग स्किल्स से लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक कम्युनिटी डेवलपमेंट एंड लीडरशिप कोर्स भी शुरू किया है। यह कोर्स न केवल प्रतिभागियों को अपनी पहचान विकसित करने में मदद करता है, बल्कि उन्हें दूसरों को ऊपर उठाने में भी सक्षम बनाता है, ताकि सशक्तिकरण का प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों तक महसूस किया जा सके।

भारत जैसे देश में जहां सामाजिक और संरचनात्मक बाधाएं अभी भी महिलाओं की प्रोफेशनल प्रगति को सीमित करती हैं, वूमेनोवेटर एक रिलेवेंट, स्केलेबल और इम्पैक्ट-ड्रिवेन सल्यूशन प्रदान करता है। हमारे प्रयास प्रत्यक्ष तौर पर राष्ट्रीय आर्थिक लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं और क्षमता को भागीदारी में बदलने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

शोध से पता चलता है कि रोजगार में लैंगिक अंतर यानी जेंडर गैप को पाटने से 2025 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 770 अरब डॉलर की वृद्धि हो सकती है। यदि भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है, तो वह महिलाओं के रूप में अपनी आधी प्रतिभावान आबादी को पीछे नहीं छोड़ सकता। महिलाओं को वर्कफोर्स का हिस्सा बनने और लीडरशिप की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना महज एक सामाजिक अनिवार्यता नहीं है- यह एक आर्थिक आवश्यकता भी है।

वूमेनोवेटर केवल बदलाव की वकालत नहीं कर रहा- हम खुद ऐसे रास्ते निर्मित कर रहे हैं जो इसे संभव बनाते हैं। मेंटरशिप, पॉलिसी एडवोकेसी और कम्युनिटी लीडरशिप के माध्यम से, हम वर्कफोर्स में भारतीय महिलाओं की भूमिका को फिर से परिभाषित करने के लिए काम कर रहे हैं। इस अंतर को पाटने का समय अब आ गया है, और इसकी शुरुआत सफलता को मापने के लिए कन्वर्शन रेट को आवश्यक पैमाना बनाने से होती है। (लेखिका सीए है-ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं

संक्षिप्त समाचार

झारखंड ई-रिक्शा -टोटो संघ के प्रधान कार्यालय का हुआ उद्घाटन

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड ई-रिक्शा (टोटो) संघ के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन संरक्षक वैभव सिन्हा के द्वारा किया गया। यह आयोजन संघ के प्रधान कार्यालय, भगीरथी पैलेस, गांधी रोड, धनबाद में



संपन्न हुआ। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, संस्थापक मुन्ना कुशवाहा, महासचिव शैलेश कुमार, रवि साव तथा राजेश राम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। प्रमुख उपस्थितजनों पवन साव, राजा साव, संजय कुमार, सोनू पासवान, सनोज पासवान, राजेश सिंह, सुधांशु झा, बिरेंद्र यादव, अनुप केशरी, धर्मेंद्र भगत, प्रदीप मोदी, विष्णु दास, राजू कर्मकार एवं अन्य सम्मानित सदस्य शामिल रहे।

जन सुराज पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष बनी पूनम प्रकाश

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पटना जन सुराज पार्टी के महानगर जिला कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती जी के द्वारा महिला महानगर जिला अध्यक्ष पूनम प्रकाश को बनाया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग कि उपस्थिति में पूनम प्रकाश ने पद ग्रहण करने के उपरांत सैकड़ों कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं और हमारी महिला टीम अपनी पूरी ताकत से जन सुराज पार्टी को मजबूत कर श्री प्रशांत किशोर जी के नेतृत्व में बिहार में सरकार बना कर बिहार की बदहाली, बेरोजगारी, पलायन, बदहाल शिक्षा व्यवस्था को ठीक कर बिहार को अग्रणी राज्य में लाने का प्रयास करूंगी। पूनम प्रकाश के महिला अध्यक्ष बनाए जाने से महिलाओं में खुशी की लहर है।



श्रीश्री शीतला माता मंदिर परिसर में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। साकची स्थित श्री श्री शीतला माता मंदिर परिसर में 10 दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर 1000 महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। मंदिर से स्वर्णरेखा घाट तक जल भरने के बाद महिलाएं पुनः मंदिर परिसर लौटीं और विधिवत रूप से यज्ञ की शुरूआत की गई।महायज्ञ का उद्देश्य नगर, राज्य व राष्ट्र के नागरिकों की सुख-शांति व समृद्धि की कामना है। मंदिर के पुरोहितों के अनुसार, इस यज्ञ के दौरान प्रतिदिन कथावाचकों द्वारा श्रद्धालुओं को धर्म कथा श्रवण कराई जाएगी। महायज्ञ का समापन अंतिम दिन भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

डेढ़ लाख आबादी को नहीं मिला सप्लाई का पानी

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। डेढ़ लाख से अधिक आबादी को बुधवार को सप्लाई पानी नहीं मिला। जल संकट के कारण लोग परेशान रहे। पेयजल व स्वच्छता विभाग के कॉल सेंटर का कहना है कि मैथन में सात घंटे बिजली गुल रही। इस कारण भेलाटांड़ वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में कम रॉ वाटर पहुंचा, जिससे मनईटांड़, धनसार, मटकुरिया, हीरापुर और पीएमसीएच जलमीनार से आपूर्ति बाधित रही। लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ा। विभाग के जेई डीएन महतो का कहना है कि मैथन में बिजली नहीं रहने के कारण रॉ वाटर कम पहुंचा। इस कारण आपूर्ति बाधित रही। गुरुवार को सभी जलमीनारों से आपूर्ति की जाएगी।

बार एसोसिएशन का चुनाव आज

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धनबाद बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें आसन्न चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं की जनरल बॉडी मीटिंग (आमसभा) बुलाने का निर्णय लिया गया। जनरल बॉडी मीटिंग के लिए 26 जून की तारीख निर्धारित की गई है। आमसभा के माध्यम से चुनाव पदाधिकारियों का चयन कर झारखंड स्टेट बार काउंसिल को भेजा जाएगा। झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने पत्र लिखकर चुनाव कमेटी का नाम तथा वोटर लिस्ट की मांगी थी।

सिस्टा ने किया मनोज अग्रवाल का अभिनंदन

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विशेष संवाददाता कोल इंडिया एससी-एसटी इम्प्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा)की ओर से गुरूवार को बीसीसीएल के नवचयनित सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल को बुके देकर सम्मानित किया गया। स्वागत करने वालों में सिस्टा की ओर से राज कुमार कनौजिया राष्ट्रीय महासचिव,प्रमोद कुमार अध्यक्ष सिस्टा बीसीसीएल जोन,संजय कुमार मरांडी कोषाध्यक्ष,बिंदु देवी राष्ट्रीय संगठन सचिव, मनीष कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

सेमिनार का आयोजन

हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अन्नदा कॉलेज में एलिमिनेशन आफ वाइलेंस अगेंस्ट वूमन विषय पर शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ बंशीधर रुखैयार ने उक्त विषय पर प्रकाश डाला। सेमिनार में संयोजक डॉ मीना श्रीवास्तव, हिंदी विभाग की ओर से अजय वर्मा, डॉ ठाकुर प्रसाद, डॉ रत्ना चटर्जी एवं अंग्रेजी विभाग की ओर से डॉ छाया सिंह समेत शिक्षक - शिक्षिकाएं और छात्र - छात्राएं की उपस्थिति थे। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सेमेस्टर -III प्राणिविज्ञान विभाग के शैली कुमार, सेमेस्टर -कअंग्रेजी विभाग की छात्रा तनिष्का सोनल एवं लोकेश कुमार को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं सांत्वना पुरुस्कार दिया गया ।

आज से हिजरी वर्ष 1447 की शुरूआत

फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रसिद्ध खानकाह मुजीबिया की केंद्रीय चांद देखने वाली समिति ने गुरुवार, 26 जून 2025 को यह घोषणा की है कि मोहर्रम उल हराम 1447 हिजरी का चांद नजर आ गया है. इस घोषणा के साथ ही हिजरी नववर्ष की शुरूआत की पुष्टि हो गई है. इसकी जानकारी खानकाह मुजीबिया फुलवारी शरीफ के प्रबंधक हजरत सैयद शाह मौलाना मिनहाजुद्दीन कादरी ने दी.

सभी के सहयोग से बोकारो को बनाना है नशामुक्त : उपायुक्त

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नशे को ना कहें, जिंदगी को हाँ कहें इसी संकल्प के साथ आज अमृत पार्क फेज 5 नियर गरगा पुल के निकट एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन की ओर से किया गया। इसमें जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मियों के साथ-साथ शहर के गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि ने भी शिरकत किया, स्कूल के बच्चे, आंगनबाड़ी सहायिका, सेविकाएं एवं स्वास्थ्य विभाग की सहिया ने कार्यक्रम में अपनी महती योगदान दिया। सभी को नशा मुक्त समाज बनाने के लिए संकल्पित किया गया। कार्यक्रम को उपायुक्त अजय नाथ झा के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा एवं सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने संबोधित किया। सभी ने नशा मुक्त समाज बनाने हेतु संकल्प को दृढ़ता पूर्वक दोहराया। सभी ने अपने- अपने संबोधन में कहा कि हमें नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सबों का साथ आवश्यक है। जब तक इसकी जन-जन तक स्वीकारोक्ति नहीं होगी तब तक हम नशा मुक्त समाज की कल्पना नहीं



कर सकते। हमें उन समाज विरोधी ताकतों की पहचान करनी होगी और उनके नापाक मनसूबों को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। वैसे सभी संदिग्ध दुकानों, दवा दुकानों एवं स्थलों की पहचान कर लगातार सघन छापेमारी करने की आवश्यकता है ताकि हम इस ड्रग माफियाओं के सप्लाई चेन को तोड़ सके।

ड्रग चैन को तोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करें-

उपायुक्त अजय नाथ झा ने युवाओं से अपील किया कि वे अपना सर्वस्व परिवार एवं समाज के विकास के लिए लगाए, ना की मादक पदार्थों के दलदल में फस कर मानव संसाधन को बर्बाद करें। उन्होंने आगे कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य हैं और इन्हें हर हाल में बचाना है तभी हमारा समाज और राष्ट्र सुरक्षित हो सकता है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध एवं गणमान्य व्यक्तियों से भी अपील की कि वे आगे आकर इसमें बढ़-चलकर भाग ले। साथ ही ड्रग चेन को तोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करें। कोई भी आम नागरिक यदि ड्रग माफियाओं के खिलाफ कोई भी सूचना देते हैं तो उनकी पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी। वे जिला नियंत्रण कक्ष को सूचित कर इन ड्रग माफिया के मंसूबों को तोड़ सकते हैं। उन्होंने नियमित और सघन छापेमारी की बात कही।

ड्रग माफियाओं को चिन्हित कर उनके मंसूबों को नाकाम किया जाएगा-

पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने भी ड्रग के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के बारे में बताया। उन्होंने कहा की ड्रग माफियाओं को चिन्हित कर उनके मंसूबों को नाकाम किया जाएगा। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार एवं अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा ने भी लोगों से ड्रग के खिलाफ अपना शत- प्रतिशत देने की अपील की। निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी समापन समारोह की शुरूआत गुब्बारा छोड़कर किया गया तत्पश्चात शपथ किया गया। उसके बाद अमृत पार्क फेज 5 से गरगा पुल होते हुए सुभाष चौक चास तक कैंडल मार्च निकाला गया फिर वापस सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के पास आकर कैंडल को रखा गया फिर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह सहित सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, गणमान्य व्यक्तियों एवं उपस्थित सभी लोगों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया।

नशापान स्वास्थ्य व परिवार पर डालता है प्रतिकूल प्रभाव, बचने की जरूरत : अनुज सिंह



नशीली दावाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर डीएलएसए पलामू के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

बच्चे चाहे तो बड़ों को नशापान से रोक सकते हैं : शैलेंद्र तिवारी

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नशापान मनुष्य के स्वास्थ्य व उसके परिवार पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इससे हर हाल में बचना है। साथ ही अपने घर परिवार में किसी को भी नशापान करने से रोकना है। उक्त बातें कजरी मोड बटसारा स्थित गुरुकुल स्कूल के अध्यक्ष अनुज सिंह ने कही। वे गुरुवार को नशीली दावाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में गुरुकुल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नशीली पदार्थों का सेवन गलत कार्य है। जानकारी के बावजूद लोग इसके आगोश में आ रहे हैं। दूसरे की देखा-देखी लोग नशा का सेवन करते हैं। देखते ही देखते नशे के आदि हो जाते हैं। इससे बाहर निकलना बहुत ही मुश्किल होता है। नशे की लत से स्वयं का स्वास्थ्य सहित परिवार पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में सभी को नशे की लत से बचने की आवश्यकता है। ऐसे में सभी की जिम्मेवारी है कि लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करें। समाज में यह संदेश फैलना चाहिए कि युवा व अन्य व्यक्ति नशा का सेवन नहीं करें। मौके पर अनुज सिंह ने बच्चों को निषिद्ध मादक पदार्थों के स्वयं को बल्कि समुदाय, परिवार, मित्र को भी नशामुक्त कराने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पीएलवी शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि बच्चे चाहे तो अपने पिता, भाई व अन्य स्वजनों को नशा पान नहीं करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। एक पुत्री या बहन के द्वारा अपने पिता का भाई से नशा छोड़ने के लिए मजबूर करना चाहिए। इससे बेहतर समाज का निर्माण हो सकता है। मौके पर प्राचार्य सहेंद्र साव, शिक्षाविद सीमा श्रीवास्तव, नेहा शुक्ला, विजया लक्ष्मी, अभिलाषा मिश्रा, प्रीति कुमारी साक्षी कुमारी, अनुश्री, शबाना परवीन, रजनी सिंह, सतीश कुमार तिग्गा, वर्षा कुमारी, खुशबू कुमारी, सुरभी सिंह, अंकित गुप्ता गीतांजलि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी अनामिका शर्मा आदि छात्र-छात्रा में शामिल थे।

ब्रह्मर्षि परिवार ने स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि मनाई

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के तत्वाधान में किसानों के मसीहा, युग दृष्टा, जननायक दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि रवींद्रनाथ टैगोर पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी सहजानंद सरस्वती शोध संस्थान पटना से जुड़े बैद्यनाथ प्रसाद शर्मा थे। इस अवसर पर अपने उदगार में उन्होंने कहा कि स्वामी जी आजीवन त्याग और संघर्ष की प्रतिमूर्ति थे स्वामी सहजानंद के रूप में हम एक ऐसे सन्यासी को याद कर रहे हैं जिन्होंने अपना जीवन देश की आजादी और किसानो की भलाई के लिए होम कर दिया ,परमार्थ चिंतन के परंपरागत मूल्यों से एकाकार होते हुए उन्होंने उस समय में भगवान का दर्शन किया जिसे हम किसान कहते हैं। इस अवसर पर आयोजक मंडल के वरीय सदस्य कमलेश राय ने कहा की



सब मानते हैं कि भारत की संस्कृति ऋषि और कृषि प्रधान रही है संयोगवश स्वामी जी भी उस भाव भूमि से आते हैं जहां इन दोनों तत्वों की प्रधानता रही है। गंगा यमुना का मैदानी भाग जितना खेती के लिए उर्वरक रहा है उतने ही साधु संतों और तपस्वियों के आस्था प्रेरणा और साधना का भी केंद्र रहा है इस भाव धरा से स्वामी सहजानंद जी नामक एक ऐसा अंकुर प्रस्फुटित हुआ जिसने अपनी छटा से दिग- दिगंत को आलोकित किया। प्रेम कुमार ने स्वामी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जग नारायण प्रसाद शाही, नरेंद्र कुमार राय, श्याम मनोहर सिंह, दीनदयाल शर्मा, सुधीर कुमार, अनुरंजन शर्मा, साधु शरण, सर्वेश चौधरी, अनिल कुमार पांडे, सुधीर कुमार,सियाराम शर्मा,हरे राम राय, अजीत कुमार पांडे, अशोक कुमार तिवारी,संजय कुमार, संतोष कुमार ,देव नारायण सुधांशु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित सभी जन समान्य के द्वारा स्वामी जी के छवि पर पुष्प अर्पण तथा समापन शांति मंत्र से हुआ। समस्त कार्यक्रम का संचालन देवनारायण सुधांशु तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रेम कुमार ने किया।

शुभांशु शुक्ला का यान पहुंचा ISS, राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में भारत का दूसरा बेटा

शुभांशु शुक्ला का यान सफलतापूर्वक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचा

नई दिल्ली/एजेंसियां। भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। 40 साल बाद किसी भारतीय ने अंतरिक्ष में कदम रखा है। गुरुवार शाम भारतीय वायु सेना के पायलट शुभांशु शुक्ला के स्पेसक्रॉफ्ट ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सफलतापूर्वक कदम रखा। इस तरह शुभांशु आईएसएस में कदम रखने वाले पहले भारतीय बन गए है। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा सोवियत संघ के सल्युत-7 स्पेस स्टेशन पर आठ दिन रहे थे। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु के अलावा पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्रियों ने भी 40 वर्षों से भी अधिक समय बाद आईएसएस में प्रवेश किया है। यह यात्रा अमेरिका की प्राइवेट अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स द्वारा संचालित एक चार्टर्ड मिशन के तहत हुई है।



इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा सोवियत संघ के सल्युत-7 स्पेस स्टेशन पर आठ दिन रहे थे।

शुभांशु ने अंतरिक्ष से भेजा संदेश

आईएसएस पहुंचने से पहले शुभांशु ने अंतरिक्ष से एक संदेश भेजा। उन्होंने माइक्रोग्रैविटी में खुद को ढालने को "एक शिशु की तरह फिर से जीना सीखने" जैसा बताया और अंतरिक्ष में तैरने के अनुभव को "अद्भुत" करार दिया।

Axiom-4 मिशन

इस मिशन की कमान पेगी व्हिटसन के हाथ में है। वह ठअरअ की पूर्व अंतरिक्ष यात्री हैं और अब Axiom Space में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक हैं। अन्य सदस्यों में शुभांशु शुक्ला (भारत), स्लावोश उजनांस्की-विशनेव्स्की (पोलैंड) और तिबोर कापू (हंगरी) शामिल हैं। तीनों देशों भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए यह चार दशकों बाद पहली मानव अंतरिक्ष यात्रा है और क्रर तक इनका पहला मिशन है।

क्रर में गर्मजोशी से स्वागत

28 घंटे की उड़ान के बाद शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम का आईएसएस में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। क्रर में उनका वेलकम इस समय रह रहे सात अंतरिक्ष यात्रियों ने किया। इनमें तीन नाशा से हैं और एक जापान से और तीन रूसी अंतरिक्ष यात्री हैं।

राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में भारत का दूसरा बेटा

39 वर्षीय शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं।

हिमालया मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को एनएमसी की मान्यता : आपके स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पटना के चिक्सी, पलिगंज स्थित हिमालया मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, भारत सरकार से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मान्यता प्राप्त हो गई है। यह मेडिकल कॉलेज एक सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में 900 बेड की क्षमता के साथ कार्यरत है, जहाँ अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों को समर्पित सेवा प्रदान करती है।





संस्थान द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं झ ओपीडी पूर्णतः निःशुल्क है, सभी आवश्यक दवाएं मरीजों को मुफ्त दी जाती हैं, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे पर 75% छूट मिलती है और सीटी स्कैन तथा एमआरआई पर 50% की छूट दी जाती है। साथ ही, आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई है।

इस उपलब्धि पर हिमालया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, पटना के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर ने कहा, "हमारा लक्ष्य सिर्फ एक मेडिकल कॉलेज चलाना नहीं, बल्कि बिहार और देश के आम लोगों तक उत्कृष्ट और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। एनएमसी की मान्यता से हमारी प्रतिबद्धता और भी मजबूत हुई है। हम विश्वास दिलाते हैं कि हिमालया मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मरीजों के स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा के उच्चतम मानकों पर खरा उतरेगा।" यह संस्थान चिकित्सा शिक्षा एवं सेवा दोनों क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है और यह मान्यता उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। विशेष जानकारी के लिए हिमालया मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चिकसी, (SH-69), पालिगंज, पटना में संपर्क कर सकते हैं।

हूल दिवस पर लावा में होंगे कई कार्यक्रम, तैयारी जोरों पर

जमशेदपुर/पटमदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पटमदा के जेबीसी मार्शल माडवा सालबनी की ओर से हर साल की भांति इस साल भी हूल दिवस (30 जून) के अवसर पर लावा टोला सालबनी में कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसकी तैयारियां कमेटी की ओर से जोर शोर से शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष कालीपद सोरेन ने बताया कि सुबह 8 बजे सिदो कान्हु के चित्र पर पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद माल्यार्पण हेतु सिदो कान्हु मोड़ पटमदा तक एक रैली निकाली जाएगी। तीन बजे से बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार खेलकूद प्रतियोगिता व रात 8 बजे से संगीत कार्यक्रम का आयोजन होगा। जबकि रात साढ़े दस बजे से छह टीमों के बीच संथाली ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें पहला पुरस्कार दस हजार, दूसरा 8 हजार, तीसरा व चौथा स्थान प्राप्त करने वाले दोनों टीमों को 66 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया जाएगा। जबकि बाकी दो टीमों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष कालीपद सोरेन, भानु हेंब्रम, सिजेन हेंब्रम, प्रशांत हांसदा, विश्वजीत हेंब्रम, रवींद्र हेंब्रम, हाराधन हेंब्रम, छुटु माझी व गुरुपद हेंब्रम आदि सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

'बदलो बिहार, बदलो सरकार' के नारे के साथ फुलवारीशरीफ में गरजी भाकपा माले, तेज हुआ चुनावी अभियान

आगामी विधानसभा चुनाव मे पुरी ताकत से उतरने को तैयार भाकपा मालेः गोपाल रविदास

फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर भाकपा (माले) ने अपने जनसंपर्क अभियान को धार देना शुरू कर दिया है.पार्टी की "बदलो बिहार, बदलो सरकार" यात्रा गुरुवार को फुलवारी शरीफ प्रखंड के कई गांवों में पहुंची, जहां जनसभाओं के माध्यम से नीतीश सरकार और भाजपा पर तीखे हमले किए गए. पुनपुन के नीमा गांव में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा बघरा रोड होते हुए फुलवारी शरीफ के गंज इलाके में पहुंची, जहां प्रखंड सचिव गुरुदेव दास की अगुवाई में टीम का भव्य स्वागत हुआ. गंज में जनसभा के दौरान अरवल विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा-जदयू की सरकार ने बिहार को पीछे धकेलने का काम किया है. काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि फुलवारी शरीफ को बदनाम करने की साजिश के तहत "आतंक का फुलवारी" कहा गया, जबकि यहां के विधायक गोपाल रविदास ने डटकर जवाब दिया कि "कहां हैं आतंकवादी?" सभा में पटना जिला सचिव अमर, महानगर महासचिव अभ्युदय, विधायक दल के नेता महबूब आलम सहित दर्जनों नेताओं ने भाग लिया. यात्रा अनीसाबाद होते हुए बेऊर मोड़ पहुंची, जहां मुशहरी के समर्थकों ने कार्यकताओं को फूल-मालाओं से सम्मानित किया. इस अभियान में विधायक गोपाल रविदास, रामबली सिंह यादव, महानंद सिंह, फुलवारी प्रखंड अध्यक्ष गुरुदेव दास, एआईपीडब्ल्यूए नेत्री रीता वर्णवाल, वंदना प्रभा, अमीषा कुमारी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए. फुलवारी विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि यात्रा के दौरान लोगों से आह्वान किया गया कि मौजूदा सरकार की विफलताओं के खिलाफ एकजुट हों और बदलाव के लिए भाकपा माले को मजबूत करें. जनता के बीच पार्टी के इस जनसंघर्ष अभियान को व्यापक समर्थन मिलता दिखा, जिससे साफ है कि भाकपा माले इस बार चुनावी समर में पूरी ताकत से उतरने को तैयार है.



अदालती आदेश की अवहेलना कर विवादित जमीन पर तेजी से हो रहा निर्माण

फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सम्पत चक के मनोहरपुर कछुआरा इलाके में एक विवादित जमीन पर अदालती आदेश के बावजूद निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जिससे संबंधित पक्षों में आक्रोश है.इस जमीन पर पहले से ही पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में वाद संख्या 326/2023 विचाराधीन है, जिसमें 2 जून 2025 को माननीय सब-जज 2 ने साफ निर्देश जारी किया था कि खेसरा संख्या 1562, खाता संख्या 282, मौजा निरंदरपुर खिरौनिया की लगभग 2700 वर्गफीट की भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा और यथास्थिति बनाए रखी जाएगी. हालांकि, इसके बावजूद स्थानीय लोगों द्वारा लिए गए फोटो साक्ष्य और जीपीएस लोकेशन से यह साफ हो रहा है कि 25 जून 2025 को उस जमीन पर निर्माण कार्य पूरी रफ्तार से चल रहा था. निर्माण स्थल पर मजदूरों को काम करते हुए देखा गया, जबकि आसपास के लोगों का कहना है कि यह काम



संगीता देवी और उदय सिंह जो सुमन अपार्टमेंट राजीव नगर पटना के निर्देश पर हो रहा है. ये वही नाम हैं जिनके खिलाफ न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया है. न्यायालय के अलावा जिलाधिकारी एसएसपी थाना पुलिस के द्वारा भी उसे जमीन पर तथा स्थिति बनाए रखने एवं किसी भी तरह के निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश है.बावजूद दबंगई से लोग वहां निर्माण कार्य करवा रहे हैं. इस मामले से संबंधित पक्षों का आरोप है कि प्रतिवादी पक्ष ने न्यायालय के आदेश की खुल्लमखुल्ला अवहेलना की है और दबंगई के बल पर निर्माण करवा रहे हैं.इतना ही नहीं, डायरी में दर्ज दस्तावेजों से यह भी सामने आया है कि कुछ



लोग विजय शर्मा नामक एक फर्जी व्यक्ति के नाम से जाली विक्रय पत्र बनाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने की कोशिश भी कर रहे हैं जबकि वास्तविक उत्तराधिकारी पहले ही इस जमीन के बंटवारे का प्रमाण अदालत में प्रस्तुत कर चुके हैं और कुछ हिस्सों की बिक्री भी पहले ही हो चुकी है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लिया जाए और न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो. यदि समय रहते रोक नहीं लगी, तो आने वाले समय में इस जमीन विवाद में और अधिक हिंसा या सामाजिक तनाव की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता.

ईरान-इजरायल युद्धविराम से मार्केट में तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में रौनक रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में लगभग 1 प्रतिशतकी बढ़त देखी गई। ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम होने से दुनिया भर के बाजारों में सकारात्मक माहौल बना। इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 700.40 अंक या 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,755.51 और निफ्टी 200.40 अंक या 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,244.75 पर बंद हुआ। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बाजार में अभी तेजी बनी रहेगी। बाजार में तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.64 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।



इसके अलावा ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया, रियल्टी, इन्फ्रा, फार्मा और सर्विसेज इंडेक्स हरे निशान में थे। निफ्टी के प्राइवेट बैंक और पीएसई इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए।

किनमें तेजी, किनमें गिरावट- सेंसेक्स पैक में टाइटन, एमएंडएम, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, टीसीएस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, इटरनल, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और अडानी पोर्ट्स गेनर्स थे। बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक लूजर्स थे।

दूसरे बाजारों का कैसा रहा हाल- एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट फायदे में रहे, जबकि जापान का निक्की 225 में मामूली गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.01 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

छुट्टियों में लोगों ने जमकर किया क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल, खर्च में 15 प्रतिशतकी भारी उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रेडिट कार्ड मार्केट जो थोड़ा सुस्त था, उसे छुट्टियों की वजह से थोड़ी जान मिली है। मई महीने में कार्ड से होने वाला खर्च 1.9 लाख करोड़ रुपये तक है पहुंच गया। यह पिछले महीने के मुकाबले 3 प्रतिशतऔर पिछले साल से करीब 15 प्रतिशतअधिक है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डेटा के मुताबिक, यह ग्रोथ मई 2024 में दर्ज की गई 17 प्रतिशतकी साल-दर-साल ग्रोथ के बाद आई है। श्वञ्ज के मुताबिक, मई में 7 लाख



60 हजार से ज्यादा नए कार्ड जारी हुए। यह पिछले चार महीनों में सबसे ज्यादा हैं हैं। हालांकि, जितने नए कार्ड इस बार जोड़े गए, वो पिछले साल इसी दौरान जारी हुए कार्ड्स के लगभग बराबर थे। मई में क्रेडिट कार्ड से हुए लेनदेन की संख्या (कितनी बार कार्ड इस्तेमाल हुआ) की संख्या महीने दर महीने 4 प्रतिशतऔर साल-दर-साल करीब 30 प्रतिशतबढ़ी। कुल जितने क्रेडिट कार्ड अभी सर्कुलेशन में हैं, उनकी संख्या 11 करोड़ से अधिक हो गई है। ञ्चछ्ढ के डेटा के मुताबिक, यह मई 2025 में पिछले साल के मुकाबले 8 प्रतिशतकी बढ़ोतरी दिखाता है।

रूस से भारत की प्राइवेट कंपनियां खरीद रहीं सबसे ज्यादा तेल

सरकारी कंपनियों का नाम-ओ-निशान तक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत इस साल रूस से समुद्री रास्ते से आने वाले कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। रूस के सबसे खास तेल ग्रेड का 80 प्रतिशतहिस्सा भारत ने खरीदा है। भारत की दो प्राइवेट रिफाइनरी कंपनियां ये तेल खरीद रही हैं। ये कंपनियां सस्ते दामों पर मिल रहे इस तेल का फायदा उठा रही हैं। इस कच्चे तेल को खरीदने में सरकारी कंपनियों को नाम-ओ-निशान तक नहीं है।

केप्लर नाम की एक डेटा कंपनी के अनुसार, भारत ने इस साल 24 जून तक 23.1 करोड़ बैरल यूरल्स तेल खरीदा है। यूरल्स एक तरह का कच्चा तेल है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और नायरा एनर्जी लिमिटेड ने मिलकर रूस से आने वाले इस तेल का 45 प्रतिशतहिस्सा खरीदा है।

भारत बना सबसे बड़ी खरीदार- भारत यूरल्स तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। साल 2024 में भारत ने इस तेल का 74 प्रतिशतहिस्सा खरीदा था। इससे पता चलता है कि भारत रूस से मिलने वाली ऊर्जा पर कितना निर्भर है। साथ ही, यह भी पता चलता है कि भारत रूस के लिए कितना महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत से रूस को बहुत पैसा मिलता है।



प्राइवेट कंपनियों ने बढ़ाई हिस्सेदारी- पिछले कुछ सालों में भारत की प्राइवेट रिफाइनरी कंपनियों ने यूरल्स तेल की खरीदारी बढ़ा दी है। साल 2025 में तो उन्होंने बहुत ज्यादा तेल खरीदा है। रिलायंस कंपनी ने इस साल 7.7 करोड़ बैरल तेल खरीदा है। अब रिलायंस दुनिया में यूरल्स तेल की सबसे बड़ी खरीदार बन गई है।

रिलायंस ने रूस के साथ की डील- रिलायंस ने रूस के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के अनुसार रिलायंस रूस से हर दिन 5 लाख बैरल तक तेल खरीदेगी। यह

सरकारी कंपनियों की कितनी हिस्सेदारी

भारत की सरकारी रिफाइनरी कंपनियां (जैसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने रूस के साथ कोई समझौता नहीं किया है। इन कंपनियों को तेल खरीदने के लिए कुछ खास तरह की करेंसी का इस्तेमाल करना होता है, जिससे उन्हें तेल खरीदने में दिक्कत होती है। रिलायंस और नायरा के रूस से तेल खरीदने की वजह से यूरल्स तेल की सप्लाई कम हो गई है।

5 दिन से बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रहा यह रेलवे स्टॉक

535 करोड़ का मिला ऑर्डर

नई दिल्ली, एजेंसी। टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग के शेयर 5 दिन से बुलेट ट्रेन बने हुए हैं। इसकी कीमत आज भी शुरुआती कारोबार में 6 प्रतिशत उछल गई। यह लगातार पांचवें दिन कंपनी के शेयर में उछाल देखने को मिला। इसकी मुख्य वजह कैमरून की कंपनी कैमाल्को एस.ए. से मिला 535 करोड़ रुपये का ऑर्डर है। सुबह 9:22 बजे तक, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर टेक्समैको रेल का शेयर 184.65 रुपये पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले भाव से 11.20 रुपये यानी 6.46 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है।



ऑर्डर की खास जानकारी- यह ऑर्डर दो हिस्सों में बंटा है। पहला 560 ओपन टॉप वैगन बनाने और सप्लाई करने का ठेका, जिसकी कुल कीमत 282 करोड़ रुपये (3.27 करोड़ डॉलर) है। इस काम को 24 महीने के भीतर पूरा करना होगा। दूसरा 20 साल की लंबी अवधि के मेंटेनेंस का काट्रैक्ट, जिसका मूल्य 253 करोड़ रुपये (2.94 करोड़ डॉलर) है। इस ऑर्डर के साथ ही अगले 5 साल में 1,040 अतिरिक्त वैगन सप्लाई करने और उनके रखरखाव का विकल्प भी शामिल है।

हाल में मिले अन्य ऑर्डर्स- टेक्समैको को पिछले कुछ दिनों में दो और बड़े ऑर्डर मिले हैं। 10 जून को मुंबई रेलवे विकास निगम ने केंद्रीय रेलवे की तीसरी और चौथी लाइन के लिए ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर व अन्य कामों का 44.04 करोड़ रुपये का ठेका दिया। 3 जून को ही पश्चिमी रेलवे के लिए ऐसे ही कामों का 122.31 करोड़ रुपये का ठेका मिला, जिसे 30 महीने में पूरा करना है।

शेयर की मौजूदा स्थिति- इस समय कंपनी का शेयर अपने 52-हफ्ते के उच्चस्तर (296.60 रुपये) से 37.74 प्रतिशत नीचे चल रहा है, जबकि इसके 52-हफ्ते के निचले स्तर (115.10 रुपये) से 60.43 प्रतिशत ऊपर है। कंपनी का कुल बाजार पूंजीकरण 7,376.16 करोड़ रुपये है।

नोएडा में मिलेंगी छप्परफाड़ नौकरियां

केंद्र सरकार के इस फैसले से छोटी कंपनियों को होगा बड़ा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लिया। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में 417 करोड़ रुपये का एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनेगा। इसका मकसद लोकल इनोवेशन और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि इस क्लस्टर से लगभग 2,500 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। सरकार का दावा है कि इस प्रोजेक्ट से वर्ल्ड-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर बनेगा और 15,000 नौकरियां पैदा होंगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, इस प्रोजेक्ट से वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा और 15,000 नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने यह




भी कहा कि सरकार देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने पर ध्यान दे रही है। यह प्रोजेक्ट उसी दिशा में एक कदम है। यह क्लस्टर कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने में मदद करेगा। इनमें कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स (टीवी, फ्रिज आदि), ऑटोमोटिव और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स (गाड़ियों और उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स), मेडिकल डिवाइस, कंप्यूटर हार्डवेयर और कम्युनिकेशन इक्विपमेंट (मोबाइल, टावर आदि) शामिल हैं।

86,000 नौकरियां

यह क्लस्टर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इससे देश में नई टेक्नोलॉजी आएगी और लोगों को रोजगार मिलेगा। यह सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। ईएमसी के तहत लगभग 30,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। ईएमसी ने 520 कंपनियों को आकर्षित किया है, जिससे 86,000 से ज्यादा नौकरियां पैदा हुई हैं। यह आंकड़ा सरकार की तरफ से जारी किया गया है।

राजस्थान में पावर सप्लाई के लिए एक्मे सीकर सोल ने की डील

नई दिल्ली, एजेंसी। एक्मे सोलर होल्डिंग्स की यूनिट एक्मे सीकर सोलर ने राजस्थान में 300 मेगावाट की सौर परियोजना से बिजली की आपूर्ति के लिए भारतीय सौर ऊर्जा निगम के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि यह समझौता एक्मे सीकर द्वारा 23 जून को अपनी 300 मेगावाट क्षमता चालू करने के बाद हुआ है। कंपनी के शेयर आज बुधवार को 247.85 रुपये पर बंद हुए। कारोबार के दौरान इसमें मामूली तेजी देखी गई थी। बता दें कि इस डील के बाद कल गुरुवार को यह शेयर फोकस में रह सकते हैं।



क्या है डिटेल

बयान के अनुसार, एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी एक्मे सीकर सोलर प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान में 300 मेगावाट क्षमता के लिए 3.05 रुपये प्रति किलोवाट घंटा की निश्चित दर पर भारतीय सौर ऊर्जा निगम (सेकी) के साथ 25 वर्ष का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) किया है। समझौते के अनुसार, कंपनी को 30 जून, 2025 तक या उससे पहले बिजली की आपूर्ति करनी होगी।

बीएसई ने नियमों का किया उल्लंघन, सेबी ने लगाया 25 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई पर बड़ी कार्रवाई की है। बाजार नियामक ने बीएसई पर नियम उल्लंघन को लेकर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरोप है कि बीएसई हितधारकों को कॉरपोरेट खुलासे तक समान पहुंच प्रदान करने में विफल रहा और कारोबार के दौरान लगातार संशोधन करने वाले ब्रोकरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। सेबी ने फरवरी, 2021 और सितंबर, 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया।

सेबी ने क्या निष्कर्ष निकाला

इसके बाद सेबी ने निष्कर्ष निकाला कि बीएसई प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) एसईसीसी (स्टॉक एक्सचेंज और क्लियरिंग कॉरपोरेशन) विनियम, 2018 के विनियमन 39 (3) का अनुपालन करने में विफल रहा, जो शेयर बाजार को सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने का आदेश देता है। इसने यह भी पाया कि बीएसई ने वास्तव में सरल सिंडिकेशन (आरएसएस) फीड स्थापित नहीं किया।

क्या कहा गया है सेबी के आदेश में- सेबी ने 45 पन्नों के अपने आदेश में कहा कि बीएसई की प्रणाली ढांचे ने इसके भुगतान करने वाले ग्राहकों और आंतरिक सूचीबद्धता अनुपालन निगरानी (एलसीएम) टीम को कॉरपोरेट घोषणाओं तक वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक होने से पहले पहुंच प्रदान की, जिससे मानदंडों का उल्लंघन हुआ। नियामक ने यह भी देखा कि डेटा प्रसार प्रक्रिया में सभी हितधारकों के लिए एक साथ और समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की कमी थी।

24 घंटे में 48 हजार करोड़ रुपये की कमाई!

एलीट क्लब की दहलीज पर पहुंचे जेन्सेन हुआंग, कंपनी ने बनाया रेकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। एनवीडिया कंपनी के को-फाउंडर और सीईओ जेन्सेन हुआंग पर पैसों की बारिश हो गई है। इन्होंने मात्र 24 घंटे में 5.54 अरब डॉलर (करीब 48 हजार करोड़ रुपये) की कमाई कर ली है। इस कमाई के साथ ही यह अमीरों के खास एलीट क्लब में शामिल होने की दहलीज पर पहुंच गए हैं। जेन्सेन की नेटवर्थ में तेजी का कारण कंपनी के शेयरों में आई तेजी रही। बुधवार को एनवीडिया के शेयर आसमान छू गए थे। इससे कंपनी ने भी नया रेकॉर्ड बना दिया।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक 24 घंटे में 5.54 अरब



डॉलर की कमाई के साथ जेन्सेन की कुल संपत्ति 135 अरब डॉलर हो गई है। इतनी संपत्ति के साथ यह दुनिया अमीरों की लिस्ट में 11वें स्थान पर आ गए हैं। अमीरों के एलीट क्लब यानी टॉप 10 में शामिल होने से वह मात्र एक कदम की दूरी पर हैं। 10वें नंबर पर सर्गी ब्रिन हैं। उनकी नेटवर्थ 146 अरब डॉलर है।

नई ऊंचाई पर पहुंचे शेयर- एनवीडिया के शेयर में बुधवार को जबरदस्त तेजी आई। इसने जनवरी के पिछले रेकॉर्ड को भी तोड़ दिया। बुधवार को कारोबार की शुरुआत में एनवीडिया का शेयर 2.6 प्रतिशतसे ज्यादा बढ़ गया। इसने जनवरी में बनाए गए पिछले रेकॉर्ड 149.43 डॉलर को भी पार कर लिया। यह 149.28 डॉलर पर खुला और 154.31 डॉलर के नए स्तर पर बंद हुआ। इसमें 4 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई।

कंपनी ने बनाया नया रेकॉर्ड- शेयरों में तेजी से एनवीडिया ने भी रेकॉर्ड बना दिया। एनवीडिया अब दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है।

क्यों आई तेजी

एनवीडिया के शेयर में जो तेजी आई उसका एक बड़ा कारण माइक्रोन की तिमाही कमाई की रिपोर्ट है। माइक्रोन हाई-बैंडविड्थ मेमोरी चिप्स बनाती है। ये चिप्स एनवीडिया के एआई एक्सीलरेटर में इस्तेमाल होती हैं। अगर माइक्रोन के नतीजे अच्छे आते हैं तो ये एआई हार्डवेयर की मांग के लिए हरी झंडी होगी। इससे एनवीडिया सहित पूरे एआई सप्लाई चेन में अच्छी ग्रोथ की उम्मीद है।

पापड़ बेचने का पुश्तैनी कारोबार संभाला और 100 करोड़ की हो गई कंपनी, रोज 10000 पैकेट बनाते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी। पापड़ बेलना थोड़ा मुश्किल जरूर है, लेकिन आप इसके पीछे पड़ जाइए तो संभव है कि आप भी बीकानेर के जय अग्रवाल बन सकते हैं। जी हां, जय अग्रवाल ने कॉलेज की पढ़ाई पूरी होते ही पापड़-बड़ी बनाने के पुश्तैनी काम में हाथ बंटाने लगे। आज उनका पापड़ देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बिकता है। उनकी कंपनी का इस समय 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का वैल्यूएशन हो गया है। सक्सेस स्टोरी की आज की श्रृंखला में हम पापड़मल जी बीकानेरी पापड़ के फाउंडर की कहानी बताते हैं।



कैसे हुई शुरुआत- बीकानेर के जय अग्रवाल के पिता दाऊ लाल अग्रवाल ने सन 1962 में घर से ही पापड़-नमकीन का कारोबार शुरू किया था। बाद में काम आगे बढ़ा तो स्थानीय बाजार में ही विशाल पापड़-नमकीन भंडार के नाम से दुकान खोल ली। वह अपनी गति से चल रही थी। जय अग्रवाल जब बड़े हो रहे थे तो वह घर के काम में रुचि लेते थे। 12वीं करने के बाद वह इसमें ही छोटा-मोटा काम करने लगे। वह बी.कॉम की पढ़ाई बीकानेर से ही कर रहे थे, इसलिए इस काम को सीखने के लिए पर्याप्त वक्त निकल जाता था। पढ़ाई पूरी करने के बाद बाद वह पुश्तैनी कारोबार से जुड़ कर पूरी लगन से काम सीखने लगे।

पापड़ की बिक्री दूसरे राज्यों में भी- पहले वह अपनी दुकान के लिए ही पापड़-बड़ियां और नमकीन बनाते थे। जब जय अग्रवाल इस धंधे में आए तो फिर उन्होंने बीकानेर के अलावा राजस्थान के अन्य हिस्सों में इसकी सप्लाई शुरू की। इसके अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि जगहों में भी अपना माल भेजने लगे। इससे उनका कारोबार तो बढ़ा ही आमदनी भी बढ़ी।

स्टेट ऑफ दि आर्ट प्लांट लगा- जब काम बढ़ने लगा तो उन्होंने गृह उद्योग से निकल कर लघु उद्योग के रूप में अपना काम आगे बढ़ाना शुरू किया।

6000 करोड़ का फंड जुटा रहा यूनियन बैंक, बाजार में तेजी के बीच शेयर बेचते दिखे निवेशक

नई दिल्ली, एजेंसी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बड़े फंड जुटाने की तैयारी कर ली है। बैंक ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने इक्विटी और डेट के जरिए 6000 करोड़ तक की पूंजी जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय 25 जून, 2025 को आयोजित बोर्ड की बैठक में लिया गया।



क्या है बैंक का प्लान- स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र का यह बैंक एक या अधिक किस्तों में इक्विटी पूंजी के माध्यम से 3000 करोड़ तक जुटाएगा। प्रस्तावित तरीकों में आगे सार्वजनिक पेशकश (एफपीओ), राइट्स इश्यू, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट (क्यूआईपी), तरजीही आवंटन या इनका संयोजन शामिल है। इक्विटी के अलावा, बैंक को ऋण साधनों के माध्यम से 3,000 करोड़ तक जुटाने की भी मंजूरी मिली है। इसमें बेसल -अनुपालन वाले अतिरिक्त टियर 1 बॉन्ड के माध्यम से 2000 करोड़ और टियर 2 बॉन्ड के माध्यम से 1,000 करोड़ शामिल हैं। बैंक ने कहा कि ऋण साधन विदेशी मुद्रा में भी जारी किए जा सकते हैं।

बिकवाली मोड में शेयर- सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को इस सरकारी बैंक के शेयर 1.7 प्रतिशतकी गिरावट के साथ बंद हुए। यह गिरावट ऐसे समय में आई जब शेयर बाजार में तेजी का माहौल था।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 26-06-2025 21:35 Page 1

आपातकाल की 50वीं वर्षी पर भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस

▶ आपातकाल में प्रेस पर सेंसरशिप लगाकर प्रेस की आजादी का गला घोटा गया था :डॉ रविंद्र राय ▶ जो देश अपने इतिहास एवं संस्कृति को भूल जाता है, वह देश कभी विकास नहीं कर सकता : मनीष जायसवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। आपातकाल की 50वीं वर्ष पर भाजपाइयों द्वारा काला दिवस को संविधान हत्या दिवस के रूप में ,पैराडाइज रिसार्ट में, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई ।

मंच का संचालन प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन कुणाल किशोर दुबे ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सांसद डॉ रविंद्र राय, अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद मनीष जायसवाल, प्रदेश, उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ,विधायक रोशन लाल चौधरी उपस्थित हुए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा अपने मुखारविंद से किया गया एवं विषय प्रवेश कार्यक्रम के संयोजक सुदेश चंद्रवंशी द्वारा कराई गई।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा की आज आपातकाल की 50वीं वर्षी पर, आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ।

आपातकाल कांग्रेस की सता भूख की अन्यायकाल थी। 25 जून 1975 का दिन याद था, याद है और याद रहेगा। स्वतंत्र भारत का वह काला अध्याय जब कांग्रेस ने आपातकाल थोपकर लोकतंत्र की आत्मा का घोटा था गला। 25 जून को लगे आपातकाल में देशवासियों ने जो पीड़ा और यातना सही ,उसे नई पीढ़ी जान सके इसी उद्देश्य से मोदी सरकार ने इस दिन को संविधान हत्या दिवस का नाम दिया है।

आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था ।प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई





न्यायपालिका के हाथ बांध दिए गए और समाजिक कार्यकताओं को जेल में डाल दिया गया ।

देशवासियों ने सिंहासन खाली करो का शंखनाद किया और तानाशाही कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा होते ही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 36, 37, 38 ,39, 40 और 42 में सूचीबद्ध सभी मौलिक अधिकार निर्लंबित कर दिए गए। आपातकाल का तत्कालीन कारण यह था की, इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसला में बताया गया था की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनाव प्रचार अभियान में कदाचार का दोषी करार पाया गया। जिससे उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। आपातकाल के दौरान अटल बिहारी वाजपेई ,लाल कृष्ण आडवाणी ,जयप्रकाश नारायण जैसे बड़े विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। विपक्षी नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस के भी वैसे सभी नेताओं को जेल में चुन चुन कर डाल दिया गया था ,जो इंदिरा गांधी के विरोधी थे ।ऐसा माना जाता है कि भारत के आजादी में जितने नेताओं को जेल में डाला गया था, उससे कई गुना राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया था और भारत के किसी भी जेल में कोई जगह खाली नहीं थी। ऐसा माना जाता है की लगभग डेढ़ लाख राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकताओं को आपातकाल में जेल में डाला गया था। स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा की जो देश अपने इतिहास एवं संस्कृति को भूल जाता है, वह देश कभी विकास नहीं कर सकता।

11 वर्ष के शासनकाल में मोदी जी द्वारा किसी भी चुनी हुई सरकार को 356 के तहत हटाने का काम नहीं किया ।

जबकि कांग्रेस शासनकाल में 356 का उपयोग करनाआम बात थी। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव दिनेश सिंह राठौर ,अशोक यादवने भी संबोधित किया।

मंच पर बतौर अतिथि प्रदेश का समिति सदस्य अनिल मिश्रा, केपी ओझा, टुन्नू गोप ,कउमअहमद, रेणुका साहू रमेश ठाकुर दामोदर सिंह भानुमति पासवान सुमन कुमार जय नारायण प्रसाद मंचासीन थे। आपातकाल दिवस कार्यक्रम के उपरांत माननीय मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा मीडिया के बंधुओं को भी संबोधित किया गया ।जिसमें विस्तार से आपातकाल में घटी घटनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज गिरी ,कुंवर मनोज सिंह, टोनी जैन ,मुकुट धारी महतो, नारायण यादव राजकरण पांडे ,महेंद्र बिहारी ,इंद्र नारायण तनवीर अहमद ,,मनोरमा राणा अजीत चंद्रवंशी, मनमीत अकेला, सत्येंद्र नारायण सिंह,आरती सिंह ,रेनू तिर्की, अर्चना सिंह ,रेनू झा ,रूबी देवी, लक्ष्मी देवी, आशा लकड़ा, रूपा देवी, सोनी देवी ,नेहा आलम, रूबी खान, सत्यभामा ,ज्योत्सना ,प्रियंका कुमारी ,पूनम मिश्रा, अर्चना सिंह ,विनीता देवी ,सोनी खत्री, से फाली गुप्ता, रीमा देवी, गुड़िया देवी ,रानी कक्षप , मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा,अनिल मेहता,बाबूलाल मेहता, अजीत बक्शी,विवेक बैरियर, खेमलाल महतो ,कृष्णा मेहता, कैलाशपति सिंह, रणधीर पांडे, मुखलाल मेहता ,मनमीत अकेला, राजेश गुप्ता ,जीतन राम, कुलदीप कृष्णा ,राजेश चंद्रवंशी, के साथ-साथ 1975 के आंदोलनकारी जो कार्यक्रम में उपस्थित थे, जिन्हें सम्मानित किया गया, कृष्ण मोहन केसरी, गंगाधर दुबे, ज्ञानचंद मेहता, गायत्री राणा, प्रोफेसर अरविंद सहाय, शांति अग्रवाल, शंभू नाथ अग्रवाल ,विनोद कुमार विगन ,मुकुट धारी महतो, श्याम किशोर सिंह आदि उपस्थित थे।

उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा की गई। मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम के तहत नकली सांसद गठित कर संसद की कार्रवाई से रूबरू आम जनता एवं छात्रों को संसद की गतिविधियों से कराया गया। इसमें सत्ता और विपक्ष की ओर से तीखी नोक झोक भी देखा गया। मॉक पार्लियामेंट में बतौर अध्यक्ष कोडरमा की विधायक नीरा यादव थी।

रथयात्रा आज

भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा जायेंगे मौसी बाड़ी

लगाया गया छप्पन भोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़कागांव, हजारीबाग। प्रखंड के विख्यात राम जानकी मंदिर में 74वीं वर्ष की रथयात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को विशेष स्नान, ध्यान एवं नए आकर्षक वस्त्र पहनाए गए। पुजारी चिंतामण महतो द्वारा पूजा-अर्चना कर छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसमें चिरायता का शरबत, दूध, दही, फल, मिठाई, पूड़ी, खीर, चना, साग, पनीर समेत 56 प्रकार के भोग शामिल रहे। बाद में श्रद्धालुओं को यह प्रसाद वितरित किया गया।

आज शुक्रवार को तीनों देवताओं को रथ पर विराजमान कर क्षेत्र भ्रमण कराया जाएगा, तत्पश्चात उन्हें 9 दिनों के लिए मौसी बाड़ी (रेंज ऑफिस प्रेम नगर) ले जाया जाएगा।

ऐतिहासिक संदर्भ- बड़कागांव में रथयात्रा की यह परंपरा वर्ष 1951 में आरंभ हुई थी और तब से 74 वर्षों से



लगातार ग्रामीणों की श्रद्धा और सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन होता आ रहा है। श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है और आज प्रखंड के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में भक्तगण मंदिर पहुंचेंगे, भगवान के दर्शन व पूजा-अर्चना करेंगे।

प्रमुख उपस्थित श्रद्धालु एवं समिति सदस्य- पुजारी चिंतामण महतो, रथ पूजा अध्यक्ष पिटू गुप्ता, सचिव पवन कुमार, इंग्लेश सोनी, रविंद्र लाल, सरजू भुइयां, हरि महतो, आनंद कुमार, डोमन महतो, हरीनाथ राम, प्रेमचंद महतो, कीर्तन महतो, दर्शन महतो, अंतू महतो, वीरेंद्र महतो, अवध किशोर यादव, बंधन महतो, प्रीतम महतो, ठाकुर दयाल महतो, मदन महतो समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

लोगों ने बाजार बंद कर जताया विरोध

लोगों एकजुट होकर एनटीपीसी के खिलाफ प्रदर्शनात्मक बैठक की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़कागांव, हजारीबाग। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बादाम पंचायत के साहू समाज सभा भवन में गुरुवार को एनटीपीसी बादाम कोल कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शनात्मक बैठक की। विरोधस्वरूप गुरुवार सुबह से गांव की सभी दुकानें बंद लगभग 4 से 5 घंटे तक बंद रहीं।



बैठक में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और एकमत होकर निर्णय लिया कि वे किसी भी स्थिति में अपनी जमीन कंपनी को नहीं देंगे। ग्रामीणों ने कहा, हम दादा-परदादा के समय से इस भूमि पर चार फसल उगाकर जीवनयापन कर रहे हैं। हमें किसी लालच या मुआवजे की आवश्यकता नहीं है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत से कंपनी जबरन जमीन हथियाने की कोशिश कर रही है, लेकिन वे किसी भी हालत में यह नहीं होने देंगे।

बैठक के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय स्कूलों में जाकर शिक्षकों, बच्चों और ग्रामीणों को समझाया कि एनटीपीसी कंपनी से किसी प्रकार का सामान या लाभ नहीं लेना है और उसके बहकावे में नहीं आना है। ग्रामीणों ने कंपनी के समर्थन में कार्य कर रहे लोगों के घर जाकर भी समझाइश दी, और समाज की एकजुटता बनाए रखने की अपील की।

अब लीज पर मिलेगा आवास

धनबाद। झरिया मास्टर प्लान के तहत पहले चरण में बीसीसीएल के आठ हजार आवास लीगल टाइटल होल्डर को आवंटित किया जाएगा। यह आवंटन 99 साल के लिए होगा। लीगल टाइटल होल्डर के साथ-साथ गैर लीगल टाइटल होल्डर परिवारों को जियो-टैगिंग भी किया जाएगा। जिससे जहां रह रहे है वहां से शिफ्ट कर जहां भेजा जा रहा है। उसका पूरा ब्यौरा होगा। इससे किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। झरिया पुनर्वास और विस्थापन की उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने भी लोगों को की परेशानियों को देखते हुए, 99 साल के लीज पर आवास आवंटन करने की सिफारिश की है। इसके साथ ही बीसीसीएल विस्थापितों के बसाने के लिए झरिया पुनर्वास व विकास प्राधिकार के साथ तालमेल मिलकर काम करेगी। इसके साथ ही सभी लीगल टाइटल होल्डर के साथ-साथ गैर लीगल टाइटल होल्डर परिवारों के चिन्हित परिवारों की सूची अटैच की जाएगी। जिसमें उनके पूरे रिकॉर्ड, दस्तावेजों, जियो-टैगिंग और उनके वर्तमान घरों की तस्वीरों भी शामिल होंगी।

ग्रामीण विकास मंत्री से मिले न्यास बोर्ड के अध्यक्ष

सड़क और जलजमाव समाधान की रखी मांगें



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय से उनके आवासीय कार्यालय में भेंट की और एक मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में झुमरा एनएच-522 से देवरिया, पुनाई होते हुए सड़क निर्माण की आवश्यकता जताई गई, जो क्षेत्र की घनी आबादी व धार्मिक पर्यटन के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी है। यह सड़क पुनाई मंदिर से सूर्यकुंड मंदिर को जोड़ती है। इसके अलावा, ग्राम नावाडीह (कटकमदाग) में सड़क निर्माण के कारण उत्पन्न जलजमाव की समस्या के निराकरण की भी मांग की गई। मंत्री ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्य अभियंता को सड़क निर्माण का निर्देश दिया और हजारीबाग उपायुक्त को जलजमाव की समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर शिष्टमंडल में वरिष्ठ कांग्रेसी वीरेंद्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, सुनील ओझा, कैलाश पति देव आदि उपस्थित थे। यह जानकारी जिला कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने दी।

उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने चना-दाल, चीनी, नमक वितरण, अंत्योदय योजना, सफेद एवं ग्रीन राशन कार्ड के अंतर्गत लाभान्वित लाभुकों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों को समयबद्ध ढंग से योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जाए।

बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को अपने लॉगिन में लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अग्रसारित करने का



निर्देश दिया। उन्होंने पात्र लाभुकों के आवेदन को शीघ्र स्वीकृत करने तथा अपात्र, मृत अथवा राशन कार्ड सरेंडर किए गए मामलों को डिलीट करने के निर्देश भी दिए।

उपायुक्त ने कैंसर पीड़ित एवं अत्यंत निर्धन व्यक्तियों के आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने एवं कैंसर पीड़ित लाभुकों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डोर स्टेप डिलीवरी प्रणाली की वर्तमान स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने इसे और सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्यान्न उठाव से संबंधित विवरण को रियल टाइम में पोर्टल पर प्रविष्ट करने एवं उसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु डीएसओ को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी मानिटरिंग ऑफिसर, बीएसओ सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

जेएसएससी पर चला कानून का डंडा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के पेपर लीक करने के मामले में आरोपित कंपनी विंसेस टेक्नोलॉजी को ब्लैक लिस्ट करने के झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के आदेश को खारिज कर दिया है।

गुरुवार को अदालत ने फैसला सुनाते हुए जेएसएससी के ब्लैक लिस्ट करने के आदेश को खारिज करते हुए जेएसएससी पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कंपनी की बैंक गारंटी 41 लाख और 2.90 करोड़ के बिल को सात प्रतिशत ब्याज के साथ चार सप्ताह में देने का निर्देश दिया है।

अदालत ने कहा कि सिर्फ पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर किसी कंपनी को आजीवन ब्लैक लिस्ट नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में परीक्षा लेने वाली एजेंसी विंसेंस टेक्नोलॉजी ने खंडपीठ में अपील याचिका दाखिल की थी। याचिका में जेएसएससी के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें डिप्लोमा संयुक्त परीक्षा 2020-21 को आयोग ने पेपर लीक मामले में कंपनी को डिबार करते हुए काली सूची में डाल दिया है।

कर्मचारी चयन आयोग ने अदालत को बताया था कि पुलिस की रिपोर्ट को देखते हुए कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया है।

पुलिस रिपोर्ट में कंपनी की संलिप्तता की आशंका जताई गई थी। कंपनी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और विकल्प गुप्ता ने अदालत को बताया कि एजेंसी ने सीलबंद पेपर सभी सेंटर पर पहुंचाया था ऐसे पेपर लीक मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है।

पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन अभी तक चार्जशीट भी दाखिल नहीं किया है। पुलिस ने 2024 में रिपोर्ट दी, जिसमें यह लिखा है कि कंपनी के खिलाफ जो आरोप लगा था, उसमें सत्यता नहीं है। जेएसएससी कंपनी के बिल का भुगतान भी नहीं कर रहा है।

हजारीबाग में बढ़ते अपराध पर सांसद मनीष जायसवाल गंभीर

एसपी से मुलाकात कर जताई चिंता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से मुलाकात की। यह भेंट एसपी कोठी स्थित कार्यालय में हुई, जहां सांसद ने पिछले 15 महीनों से जिले में बिगड़ी कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए और सुधार की अपेक्षा जताई।

सांसद ने बीते चार दिनों में हुई चार बड़ी आपराधिक घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि 22 जून को सांसद आवास से 100 गज दूर स्वर्ण व्यवसायी के प्रतिष्ठान में हुई सरेआम गोलीबारी, 25 जून को केरेडारी में दो सूकर व्यवसायियों पर गोलीबारी,बड़कागांव के जोराकाट में मशीनों और वाहनों में आगजनी, इन सभी घटनाओं ने आम लोगों में भय और असुरक्षा की भावना भर दी है। सांसद ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्य भी बाधित हो रहे हैं, क्योंकि संवेदक और व्यवसायी खौफ के माहौल में काम नहीं कर पा रहे हैं।

सांसद ने एसपी से साफ शब्दों में कहा कि पिछले 15 महीनों से जिले की पुलिसिंग व्यवस्था चरमराई हुई है, और आम जनता को बेहतर कानून व्यवस्था की उम्मीद



है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से निभाती है, तो जनप्रतिनिधि और जनता दोनों उसका भरपूर सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने केरेडारी प्रखंड के चट्टी पगार ओपी में हुई घटना की जांच की प्रगति पर ध्यान देने और उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया।

पुलिस अधीक्षक ने सांसद को आश्वस्त किया कि विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए रणनीतिक कार्य हो रहे हैं, और आने वाले समय में उसका सकारात्मक असर जनता को दिखेगा। मौके पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, भाजपा नेता मूलचंद साव सहित कई व्यक्ति उपस्थित थे।

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की सराहनीय पहल

मे आई हेल्प यू काउंटर सक्रिय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर मरीजों एवं उनके परिजनों की सहायता के लिए एक नई और सराहनीय पहल की गई है। अस्पताल प्रशासन द्वारा मे आई हेल्प यू टी-शर्ट पहने विशेष स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम तैनात की गई है, जो ओपीडी, इमरजेंसी एवं अन्य विभागों में आने वाले मरीजों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान कर रही है।

इस पहल का उद्देश्य मरीजों को अस्पताल परिसर में उचित जानकारी उपलब्ध कराना, विभागों तक पहुँच सुनिश्चित करना तथा बुजुर्ग, दिव्यांग एवं असहाय मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर मदद देना है। टीम न केवल मरीजों का मार्गदर्शन कर रही है, बल्कि उन्हें पंजीयन, जांच, दवा वितरण एवं विभिन्न विभागों के संचालन प्रक्रिया में सहयोग भी प्रदान कर रही है।

अस्पताल प्रशासन ने बताया कि यह पहल मरीजों की सुविधा और अस्पताल सेवा प्रणाली को और बेहतर एवं संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टीम के सदस्यों को विशेष प्रशिक्षण देकर तैनात किया गया है ताकि वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार कर सकें। जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस मानवीय और सुलभ सेवा को भविष्य में और विस्तारित करने की योजना बनाई जा रही है।

उप विकास आयुक्त ने की मनरेगा व ग्रामीण आवास के प्रगति की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू के उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन गुरुवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित सभागार में मनरेगा व ग्रामीण आवास की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। अबुआ आवास योजना के कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त के भुगतान होने के पश्चात 60 या उससे अधिक दिनों से लम्बित प्लींथ, लिंटर व पूर्ण आवास का जियो टैग अधिक से अधिक संख्या में करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वित्तीय वर्ष 2024 -25 अंतर्गत 1370 लंबित स्वीकृति गैप को 02 दिनों के अंदर समाप्त करने को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2016-22 पीएम- जनमन, अबुआ आवास योजना वित्तीय वर्ष 2023- 24 व 2024-25 की गहन समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना



की समीक्षा के क्रम में फेज 1 अंतर्गत चयनित ग्राम का वीडीपी संशोधन करने का निर्देश दिया। साथ ही फेज 2 अंतर्गत चयनित ग्राम का सर्वे, प्रपत्र की प्रविष्टि करते हुए अविलंब वीडीपी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला औसत से कम मानव दिवस सृजन करने वाले प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्धारित मानव दिवस को पूरा करने का निर्देश दिया। मनरेगा से आवास योजनआ में कम मास्टर रोल निर्गत होने की स्थिति में आवास की योजनाओं में मास्टर रोल निर्गत करते हुए मजदूर को कार्य आवंटित करने का निर्देश दिया। मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण कराते हुए एमआईएस में बंद करने का निर्देश दिया।

उप विकास आयुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप चयनित आम बागवानी की योजना में शत प्रतिशत गड्ढा खुदाई एक सप्ताह में पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बिरसा सिंचाई कूप अंतर्गत जिन कूपों में जोड़ाई का कार्य किया जा रहा है, उसे द्रुत गति से कराते हुए जोड़ाई कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बारिश के मद्देनजर जिन कूपों की खुदाई अब तक नहीं की गई है, वैसे कूप में अब गड्ढा खुदाई की कार्य नहीं करने का निर्देश दिया।

वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना को अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी योजना अंतर्गत जिन आंगनबाड़ी में अबतक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, वैसे 31 आंगनबाड़ी को चिन्हित करते हुए अविलंब कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। भूमि विवाद की स्थिति में प्रखंड विकास पदाधिकारी को अविलंब निष्पादन कराते हुए कार्य आरम्भ कराने का निर्देश दिया।

बैठक में मनरेगा के परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक, जिला प्रशिक्षण समन्वयक, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, आवास के प्रखण्ड समन्वयक, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के प्रखण्ड समन्वयक आदि उपस्थित थे।

हूल दिवस पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड में 30 जून को मनाए जाने वाले हूल दिवस से पहले संथाल परगना की राजनीति में जबरदस्त गरमाहट देखने को मिल रही है। ऐतिहासिक संथाल विद्रोह की 170वीं वर्षगांठ के मौके पर भोगनाडीह में आयोजित होने वाले सरकारी कार्यक्रम के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस की सक्रियता ने क्षेत्र में सियासी माहौल को और गर्म कर दिया है।

इस बार हूल दिवस न केवल आदिवासी गौरव का प्रतीक है, बल्कि यह संथाल परगना में राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का भी मंच बनता दिख रहा है। हूल दिवस 30 जून 1855 को सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के नेतृत्व में हुए संथाल विद्रोह की याद में मनाया जाता है। इस विद्रोह ने अंग्रेजी हुकूमत और जमींदारों के खिलाफ आदिवासियों के साहस और एकता को प्रदर्शित किया था।

प्रत्येक वर्ष भोगनाडीह में आयोजित होने वाला मुख्य समारोह इस बार भी झारखंड सरकार की ओर से भव्य रूप से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं भोगनाडीह में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वे कई सरकारी योजनाओं की घोषणा कर सकते हैं। हूल दिवस के अवसर पर आदिवासी अस्मिता, जमीन के अधिकार और विकास जैसे मुद्दे फिर से चर्चा में हैं।

झामुमो और कांग्रेस जहां आदिवासी हितों की रक्षा का दावा कर रहे हैं, वहीं भाजपा घुसपैठ और जनसांख्यिकी बदलाव जैसे मुद्दों को उठाकर सियासी लाभ लेने की कोशिश में है। भोगनाडीह में होने वाले समारोह और विभिन्न दलों की गतिविधियां इस बात का संकेत हैं कि संथाल परगना में हूल दिवस केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का भी मंच बन चुका है।

आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग

पंत ने टेस्ट करियर की बेस्ट रैंक हासिल की

दुबई, एजेंसी। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत हेडिंग्ले टेस्ट में खेली गई शतकीय पारियों के बाद आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इंग्लैंड के लिए पहले टेस्ट की दोनों इनिंग में शतक लगाया था और ऐसा करने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से आज जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार पंत जहां 800 रेटिंग अंक के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए है जिससे उन्होंने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। पंत 800 रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारत के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भले ही 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन पंत अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में कामयाब रहे। उन्होंने पहली पारी में 178 गेंदों पर 12 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 134 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पंत का स्ट्राइक रेट 75.28 था जबकि दूसरी पारी में यह बढ़कर 84.29 रहा। इसके अलावा आईसीसी ताजा टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भी शतकीय पारी के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार किया। डकेट पांच पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर आ गए हैं। इसके आलवा शुभमन गिल और अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। जबकि जो रूट 889 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर, हैरी ब्रूक 874 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है, केन विलियमसन तीसरे और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जासवाल 851 रेटिंग अंक के साथ चौथे पायदान पर है।



भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

बर्मिंघम टेस्ट से पहले हर्षित टीम से बाहर

लीड्स, एजेंसी। तेज गेंदबाज हर्षित राणा इंग्लैंड दौरे पर अब भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि राणा को भारतीय टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह लीड्स से ही भारत लौटेंगे। भारतीय टीम दूसरे टेस्ट के लिए बर्मिंघम पहुंच चुकी है। हर्षित राणा को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट से ठीक पहले भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह लीड्स टेस्ट की अंतिम 11 में जगह नहीं बना सके थे। इंग्लैंड ने यह टेस्ट आखिरी दिन 371 रन के लक्ष्य पीछा कर पांच विकेट से जीता था। मिली जानकारी के मुताबिक, भारतीय टीम के एक तेज गेंदबाज को परेशानी थी। ऐसे में प्रबंधन ऐसे तेज गेंदबाज को बैकअप के रूप में रखना चाहता था, जो बाउंसर का सही इस्तेमाल करता हो। राणा सही विकल्प थे और इसी वजह से उन्हें टीम से जोड़ा गया था। लेकिन, अब सब कुछ ठीक है। इसलिए राणा को अब रिलीज कर दिया गया है। हर्षित राणा ने पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट डेब्यू किया था। वह दो टेस्ट खेले थे, जिसमें चार विकेट उनके नाम हैं। पर्थ में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3-48 रहा था। इंग्लैंड में, राणा को कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए पहला मैच खेलने का मौका मिला। इस मैच में भी उनका प्रदर्शन साधारण रहा था। उन्होंने 99 रन देकर एक विकेट लिए थे।साधारण प्रदर्शन के बावजूद इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए हर्षित राणा को टीम में जगह देने की आलोचना भी हुई थी। क्रिकेट विशेषज्ञ अंशुल कंबोज को बेहतर विकल्प मान रहे थे, जो गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम में बेहतरीन बल्लेबाजी भी करते हैं और भारत ए की तरफ से उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा था।



चेस

कार्लसन के साथ 9 साल के आरित ने ड्रॉ खेला



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के 19 साल के गुकेश के बाद अब 9 साल के आरित कपिल ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ ड्रॉ खेला है। दिल्ली के आरित ने कार्लसन को ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूसडे' में ड्रॉ पर रोक दिया। आरित ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन के हर मूव का शानदार जवाब दिया और उन्हें पूरी तरह हार की स्थिति में पहुंचा दिया था। हालांकि, मैच के आखिरी पलों में आरित के पास समय बहुत कम बचा था। सिर्फ कुछ सेकंड बचे होने के कारण वह अपनी बढ़त को जीत में नहीं बदल सके और मुकाबला ड्रॉ हो गया। यह मैच रूक बनाम दो माइनर पीसेज के एंडगेम में खत्म हुआ। गुकेश से हारने के बाद कार्लसन ने चेस बोर्ड पर गुस्सा उतारा था हाल ही में डी गुकेश का सामना करते हुए जब मैग्नस कार्लसन को हार मिली थी, तो उन्होंने अपनी झल्लाहट को खेल की मेज पर दिखाया था। हाथ पटककर उन्होंने सारे मोहरे गिरा दिए और चेस रूम से बाहर चले गए। वहीं, आर प्रागननंदा 16 वर्ष की उम्र में कार्लसन का हरा चुके हैं। नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में गुकेश से हारने के बाद वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने बोर्ड पर मुक्का मारा। कार्लसन के खिलाफ ड्रॉ- एक बड़ी उपलब्धि कार्लसन को शतरंज इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। वे 2013 से 2023 तक वह वर्ल्ड चैंपियन रहे हैं। उन्होंने क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज तीनों फॉर्मेट में वर्ल्ड खिताब जीते हैं।

एआईसीएफ ने खिलाड़ियों के लिए वजीफा योजना शुरू की



नई दिल्ली, एजेंसी। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग की इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करना है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को शीर्ष राष्ट्रीय खिलाड़ी वजीफा योजना (टीएनपीएसएस) शुरू करने की घोषणा की जो प्रतिभा विकास में मदद करने के लिए एक वित्तीय सहायता पहल है। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग की इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करना है। एआईसीएफ शीर्ष युवा शतरंज प्रतिभाओं के खातों में 60 हजार रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की पहली तिमाही वजीफा राशि तुरंत भेज रहा है। अप्रैल से जून के महीनों के लिए कुल 42.30 लाख रुपये वितरित किए जाएंगे। नारंग ने कहा, ''यह सिर्फ एक योजना नहीं है। यह दर्शाता है कि हम भारत के हर युवा शतरंज खिलाड़ी पर कितना गहरा विश्वास करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारे इतिहास में पहली बार हम 39 लड़कियों और 39 लड़कों के भविष्य में सीधे निवेश कर रहे हैं। उन्हें अपनी प्रतिभा को सफलता में बदलने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।''

वेस्टइंडीज ने निकाली कंगारुओं की हेकड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के पहले दिन बुधवार (26 जून) को पहली पारी में ऑस्ट्रेलया को 180 रन पर आउट कर दिया। बारबाडोस के ब्रिजटाउन में तेज गेंदबाज जायडन सील्स और शमार जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 9 विकेट चटकाए। सील्स ने 5 और जोसेफ ने 9 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के केवल 4 बल्लेबाज ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, ब्यू वेबस्टर और पैट कमिंस दहाई का आंकड़ा पार कर पाए। ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 59 रन बनाए। इसके अलावा उस्मान ख्वाजा ने 47, पैट कमिंस ने 28 और ब्यू वेबस्टर ने 11 रन बनाए। ओपनर सैम कोनस्टास ने 3, कैमरन ग्रीन ने 3, जोश इंग्लिस ने 5, एलेक्स कैरी ने 8, मिचेल स्टार्क ने 0 और जोश हेजलवुड 4 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा नाथन लियोन 9 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने 5 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। सील्स और जोसेफ के अलावा जस्टिन ग्रेव्स सफल रहे।

किसने किसको किया आउट

जस्टिन ग्रेव्स ने 1 विकेट लिया। उन्होंने ट्रेविस हेड को पवेलियन भेजा। जायडन सील्स ने जोश इंगलिस, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड का विकेट लिया। शमार जोसेफ ने सैम कोनस्टास, उस्मान ख्वाजा, कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर का विकेट लिया।

कैरेबियाई सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया का पहला टेस्ट

ऑस्ट्रेलिया की टीम 10 साल बाद कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट मैच खेल रही है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ब्रेंडन किंग ने वेस्टइंडीज के लिए डेब्यू किया। वेस्टइंडीज के कप्तान के तौर पर रस्टन चेज का पहला मैच है। उन्होंने दो साल बाद वेस्टइंडीज की टीम में वापसी की। यह उनका 50 वां टेस्ट है।

वेस्टइंडीज की प्लेइंग 11

क्रेग ब्रैथवेट, जॉन कैंपबेल, कीसी कार्टी, ब्रैंडन किंग, रोस्टन चेस (कप्तान), शाई होप (विकेट कीपर), जस्टिन ग्रीव्स, जोमेल वारिकन, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, जेडन सील्स

ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11

उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, कैमरून ग्रीन, जोश इंगलिस, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड

जायडन सील्स-शमार जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया को 180 पर निपटाया



शिखर बने लेखक, लिखी किताब, धोनी से जुड़ा किस्सा किया साझा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर के बारे में कहा, 'क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढ़ाव और खामोश पल भी रहे। इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है। प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा, 'पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई द वन शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है।



न्यूजीलैंड-जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। रासी वैन डेर डुसेन को न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में होने वाली टी20 त्रिकोणीय सीरीज में साउथ अफ्रीका टीम की अगुआई करेंगे। वैन डेर डुसेन को कप्तान एडेन मार्करम की अनुपस्थिति में कप्तान नियुक्त किया गया है। कुछ अन्य नियमित खिलाड़ियों को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। 'बेबी एबी' डेवाल्ड ब्रेविस लगभग दो साल से साउथ अफ्रीका के लिए नहीं खेले हैं।इस साल एसए 20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ओपनर बल्लेबाज लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को पहली बार टीम में चुना गया है। पहले से ही वनडे और टेस्ट में खेल चुके कोर्बिन बॉश को टी20 में पदार्पण का मौका मिलेगा। एसए 20 में प्रभावित करने वाले एक अन्य खिलाड़ी रुबिन हरमन और राष्ट्रीय टीम के लिए अन्य दो प्रारूपों में खेलने वाले सेनुरन मुथुसामी इस सीरीज के लिए चुने गए अनकैप्ड खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं।तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी की वापसी से भी साउथ अफ्रीका को मजबूती मिली है। दोनों तेज गेंदबाज लंबे समय से चोट से उबर रहे हैं, लेकिन फिलहाल एमएलसी में खेल रहे हैं। शुकरी कॉनराड की कोचिंग में यह पहली टी20 सीरीज होगी। त्रिकोणीय सीरीज की शुरुआत 14 जुलाई को साउथ अफ्रीका और मेजबान जिम्बाब्वे के बीच होने वाले मैच से होगी। फाइनल 26 जुलाई को खेला जाएगा।





सांसद से सगाई के बाद रिंकू सिंह बनेंगे सरकारी अफसर, धोनी हैं कर्नल तो सिराज हैं DSP

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह सरकारी अफसर बनने जा रहे हैं. जी हां, सांसद प्रिया सरोज से सगाई के कुछ ही दिनों बाद उत्तर प्रदेश सरकार रिंकू सिंह को तोहफा देने वाली है. उन्हें अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के तहत रिंकू सिंह को बेसिक सिक्षा अधिकारी बनाने का फैसला लिया गया है. बता दें कि इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक ने आदेश भी जारी कर दिया है.

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले एथलीट्स के लिए नई नीति लागू की थी. रिंकू सिंह को भी इसी नीति के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का पद दिया जा रहा है. अभी कुछ दिन पहले ही भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने 8 जून को समाजवादी पार्टी से सांसद प्रिया सरोज से सगाई की है. लखनऊ में हुए सगाई समारोह में अखिलेश यादव और जया बच्चन समेत कई गेस्ट पधारे थे.

सूर्यकुमार यादव की हुई हर्निया सर्जरी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह जर्मनी के म्यूनिख में अपने पेट के निचले दाहिने हिस्से में हर्निया की सर्जरी करवाने के बाद ठीक होने की राह पर हैं। आईपीएल 2025 और मुंबई टी20 लीग में खेलने के बाद, सूर्यकुमार हर्निया के ऑपरेशन के लिए म्यूनिख जाने से पहले अपनी पत्नी देविशा के साथ यूरोप में थे। सूर्यकुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, जीवन अपडेट- पेट के निचले दाहिने हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एक आसान सर्जरी के बाद, मैं पहले से ही ठीक होने की राह पर हूं। वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यह दूसरी बार है जब सूर्यकुमार ने स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी करवाई है - 17 जनवरी, 2024 को म्यूनिख में उनके कमर में इसी तरह की हर्निया की समस्या के लिए उनका ऑपरेशन किया गया था। यह दिसंबर 2023 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के लिए सर्जरी करवाने के कुछ समय बाद हुआ था। सूर्यकुमार ने आखिरी बार भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेला था, जिसे मेजबान टीम ने इस साल की शुरुआत में 4-1 के अंतर से जीता था। 34 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस साल आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए 16 पारियों में 717 रन बनाए और आईपीएल 2025 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

हालांकि मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 नहीं जीत पाई, लेकिन आईपीएल के एक संस्करण में गैर-ओपनिंग बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक रन बनाने के लिए सूर्यकुमार को सीजन का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया। कुछ सप्ताह बाद, सूर्यकुमार बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर फॉर एक्सीलेंस (सीओई) में अपना रिकवरी और रिहैब कार्यक्रम शुरू करेंगे।



संक्षिप्त समाचार

पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा दिल्ली का क्लर्क गिरफ्तार, प्रिया शर्मा को दे रहा था खुफिया सूचनाएं

नईदिल्ली, एजेंसी। राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन के एक अपर डिविजन क्लर्क (यूडीसी) को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी-सुरक्षा) विष्णु कांत गुप्ता ने बुधवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यूडीसी विशाल यादव को बुधवार 25 जून को शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत गिरफ्तार किया गया। वह पुनसिका रेवाड़ी (हरियाणा) का रहने वाला है।

गुप्ता ने बताया कि पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों द्वारा की जाने वाली जासूसी गतिविधियों पर राजस्थान पुलिस की 'सीआईडी-इंटेलिजेंस' लगातार निगरानी रख रही थी। उन्होंने कहा, 'यह जानकारी सामने आई कि नौसेना भवन दिल्ली में 'डायरेक्टरेट ऑफ डॉकयार्ड' में कार्यरत विशाल यादव सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की एक महिला हैंडलर के निरंतर संपर्क में था। यह महिला जिसका छद्म नाम प्रिया शर्मा बताया जा रहा है, विशाल को पैसों का लालच देकर नौसेना भवन से सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं निकालने के लिए उकसा रही थी।' गुप्ता ने कहा, 'प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि विशाल यादव ऑनलाइन गेम खेलने का आदी था और अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए उसने पाकिस्तान की महिला हैंडलर के जाल में फंसकर उसको संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध करानी शुरू कर दीं। वह अपने क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग खाते में 'यूएसडीटी' और सीधे अपने बैंक खातों में धनराशि प्राप्त कर रहा था।' अधिकारी ने बताया, 'संदिग्ध के मोबाइल से मिली चैट और दस्तावेजों से पता चला है कि विशाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' अभियान के दौरान भी नौसेना और अन्य रक्षा संबंधी गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तानी महिला को उपलब्ध कराई थीं।' उन्होंने बताया कि विभिन्न खुफिया एजेंसियों द्वारा जयपुर के केंद्रीय पूछताछ केंद्र पर विशाल से संयुक्त रूप से पूछताछ की जा रही है।

टिकट रिफंड के नाम पर लोगों को ठगने वाले गिरोह का खुलासा, दिल्ली पुलिस ने मुख्य आरोपी को धर दबोचा

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने फर्जी एयर टिकट रिफंड स्कीम के नाम पर विदेशी नागरिकों को ठगने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक शख्स को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी की पहचान 40 वर्षीय अक्षय शर्मा के रूप में हुई है, जो कि एक फर्जी कॉल सेंटर के जरिए इस पूरे नेटवर्क को चला रहा था। मामले की जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों द्वारा इस फेक कॉल सेंटर के जरिए फर्जी एयरलाइन टिकट रिफंड स्कीम के नाम पर विदेशी नागरिकों को ठगा जाता था।

अधिकारी ने बताया कि गिरोह का सरगना अक्षय शर्मा पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर में एवीएस हॉलिडेज नाम की ट्रैवल कंपनी चला रहा था। पुलिस के अनुसार, वह और उसके साथी वैध फ्लाइट बुकिंग और कैंसिलेशन सर्विस के नाम पर अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के नागरिकों को ठगते थे।

पुलिस ने बताया कि एयरलाइन कंपनी से टिकट का रिफंड पाने के लिए यह गिरोह पीड़ितों के मेडिकल और मृत्यु प्रमाण पत्र में हेराफेरी करने लगा। उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में पीड़ितों को फर्जी कटौतियों के बाद आंशिक राशि वापस की गई, जबकि ज्यादातर मामलों में तो पैसा वापस ही नहीं किया गया।

अधिकारी ने बताया कि इस केस के सिलसिले में भारतीय न्याय संहिता और आईटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ठगी के शिकार बने लोगों तक पहुंचने के लिए शर्मा ने ऑनलाइन विज्ञापनों और सर्च इंजन में हेराफेरी का इस्तेमाल किया। वह कार्ड नंबर और सीवीवी जैसे निजी वित्तीय विवरण मांगता था और फिर खुद ग्राहक बनकर रिफंड प्रक्रिया शुरू करता था।

विशेष खुफिया इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, स्पेशल सेल की IFSO (इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस) यूनिट ने 24 जून को छापेमारी की और शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान आरोपी के पास से 36 लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, चार बाहरी हार्ड ड्राइव और कई जाली दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान, शर्मा ने बीते कई सालों से इस फर्जीवाड़े को करने की बात कबूल की है।

अब दिल्ली से जयपुर पहुंचना हुआ और आसान

बन गया नया हाइवे, वक्त और दूरी दोनों कम



नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बांदीकुई से जयपुर तक चार लेन का हाईवे बनकर तैयार हो गया है। सुरक्षा जांच के बाद इसे अगले महीने यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इसके शुरू होने पर दिल्ली से जयपुर कम समय में पहुंच सकेंगे।

67 किमी का हाईवे बना

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 67 किलोमीटर लंबे हाईवे का निर्माण किया है। अभी दिल्ली से जयपुर जाने के लिए एक रास्ता जयपुर हाइवे है तो दूसरा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से होते हुए जयपुर की तरफ जाता है। मुंबई एक्सप्रेसवे से जयपुर जाने में करीब चार घंटे लगते हैं। जयपुर जाने वाले लोगों को राजस्थान के जिला दौसा के बांधरेज टोल प्लाजा पर मुंबई एक्सप्रेसवेसे बाहर निकलकर जयपुर-आगरा हाईवे (एनएच-44) पर जाना पड़ता है।

12 किमी तक कम हो जाएगा सफर

भीड़भाड़ अधिक होने से इस हाइवे को पार करने में करीब डेढ़ घंटे का समय लग जाता है। वाहन चालकों की असुविधा को देखते हुए एनएचएआई ने नया हाइवे तैयार किया है।

इस हाइवे के शुरू होने के बाद 12 किलोमीटर सफर कम जाएगा। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप अत्री ने बताया कि इससे दिल्ली से जयपुर तीन से सवा तीन घंटे में पहुंच सकेंगे।

केजरीवाल के दिमाग में उप्र ! पूर्व सीएम की जुबान पर जब आया लखनऊ, खुद भी हंसने लगे

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में विधानसभा चुनाव की हार के बाद निराश आम आदमी पार्टी (आप) को गुजरात और पंजाब में उपचुनाव की दो सीटों पर जीत ने दोबारा जोश में ला दिया है। पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल भी लंबे समय बाद हंसते-मुस्कुराते और ठहाके लगाते नजर आए। विजेता उम्मीदवारों का स्वागत करने के बाद दिल्ली के पूर्व सीएम ने इसे सेमीफाइनल बताते हुए 2027 में दोनों राज्यों में सरकार बनाने का भरोसा जताया। अरविंद केजरीवाल बात भले ही पंजाब और गुजरात की कर रहे थे, लेकिन उनकी जुबान पर लखनऊ भी आ गया। कार्यक्रम में ठहाके लगे, लोगों को अचरज भी हुआ कि केजरीवाल को लुधियाना को लखनऊ क्यों बोल गए। लेकिन असल में इसके पीछे एक ठोस वजह भी है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री आज पंजाब में आम आदमी पार्टी की ईमानदार सरकार है। पंजाब के लोगों को नशे के खिलाफ कार्रवाई पंसद आ रही है। उन्होंने कहा, पंजाब के लोगों को यह पंसद आ रहा है जो लोगों ने लखनऊ पश्चिम की सीट से जिताकर बताया है। ध्यान दिलाए



जाने पर अरविंद केजरीवाल को गलती का अहसास हुआ और उन्होंने कहा, सॉरी लुधियाना पश्चिम सीट से। फिर किसी ने कहा कि लखनऊ भी जीत जाएंगे तो केजरीवाल ठहाके लगाकर हंसने लगे। वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे।

हो सकता है कि आपको भी अचरच हुआ हो कि कहां लुधियाना और कहां लखनऊ, क्यों अचानक दिल्ली के पूर्व सीएम की जुबान पर यूपी की राजधानी का नाम आ गया। क्या उनके दिमाग में यूपी को लेकर कोई प्लान चल रहा है। जी हां, केजरीवाल की जुबान पर लखनऊ का नाम यूं ही नहीं आया है। असल में आम आदमी पार्टी अपनी विस्तार योजना के तहत यूपी में जोरशोर से संगठन मजबूत करने में जुटी हुई है। पार्टी अगले साल यूपी में प्रस्तावित पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गई है। पार्टी के कई बड़े नेता इन दिनों लखनऊ समेत यूपी के अन्य हिस्सों में संगठन को मजबूती देने में जुटे हैं।

आम आदमी पार्टी ने यूपी में हर घर संपर्क अभियान चलाने का फैसला किया है। बुधवार को ही प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह, प्रदेश सहप्रभारी दिलीप पांडेय के साथ लखनऊ में 101 संगठन प्रभारियों के साथ अहम बैठ कर रहे थे। पांडेय ने बताया कि हर घर संपर्क अभियान आम आदमी पार्टी का सबसे बड़ा संगठन निर्माण का अभियान है, जिसके तहत 75 जिलों में, 403 विधानसभाओं में, 826 ब्लॉक में, लगभग 8000 न्याय पंचायतों में और 57000 ग्राम पंचायतों में आम आदमी पार्टी की झाड़ू, आम आदमी पार्टी का झंडा और आम आदमी पार्टी की टोपी लगाएं, आम आदमी पंचायत के चुनाव में बदलाव करने को तैयार हो ऐसी रुपरेखा बनाई गई है।

दिल्ली के अस्पताल में भर्ती महिला मरीज के साथ यौन उत्पीड़न, मौत के बाद मच गया हड़कंप; आरोपी गिरफ्तार

नईदिल्ली, एजेंसी। किसी देश की राजधानी दुनिया की सबसे सुरक्षित जगहों में से एक होती है। और राजधानी के अस्पतालों की सुरक्षा और कड़ी होती है। लेकिन दिल्ली में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सबको हिलाकर रख दिया है। यहां के एक अस्पताल में बेहोशी और नशे की हालत में एक महिला को भर्ती करवाया गया था। अस्पताल में भर्ती महिला के साथ उसी वार्ड में भर्ती दूसरे पुरुष मरीज ने यौन उत्पीड़न किया। बुधवार को इलाज के दौरान पीड़ित महिला की मौत हो गई। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली का है। यहां एक लड़की अकेली ही रहती है। एक दिन वो बेहोशी और नशे की हालत में मिली। स्थानीय लोगों ने उसे इलाके के सरकार अस्पताल जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां उसे भर्ती करने के बाद स्थानीय लोग वापस चले गए। जिस वार्ड में वो युवती भर्ती थी, उसी में फैज नाम का एक युवक भी भर्ती था। फैज पर आरोप है कि उसने यहां भर्ती युवती के साथ यौन उत्पीड़न किया है। फैज द्वारा यौन उत्पीड़ने के बाद युवती की मौत हो गई है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यौन उत्पीड़न से मौत का संबंध नहीं लग रहा है।

इस मामले पर जानकारी देते हुए नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि युवती की मौत के बाद अस्पताल के स्टाफ ने बताया था कि उसी वार्ड में भर्ती एक पुरुष मरीज ने युवती के साथ मारपीट की थी और उसके साथ यौन उत्पीड़न भी किया था। इसके बाद युवती को जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया गया था।

इस मामले पर ऐक्शन लेते हुए पुलिस ने मोहम्मद फैज नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फैज कच्ची खजूरी का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि वो युवती के पोस्टमार्टम का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद युवती की मौत का सही कारण पता लग जाएगा, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हिमाचल से गुजरात तक भारी बारिश का कहर

नईदिल्ली, एजेंसी। देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है और कई राज्यों को अभी भी मानसून के आने का इंतजार है। मानसून से पहले प्री मानसून की वजह से देश के कई हिस्सों में उमस बढ़ गई है। बात करें दिल्ली-ह्यूस्ट्रक की तो, यहां मंगलवार रात हुई बारिश के बाद उमस काफी ज्यादा बढ़ गई है। दूसरी तरफ, पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से आफत आ गई है। केदारनाथ, बद्रीनाथ और गंगोत्री में लगातार हो रही बारिश की वजह से कई जगहों पर लैंडस्लाइड हुई है। इसके साथ ही, यूपी-बिहार में बारिश होने की वजह से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।



दिल्ली मेट्रो को बड़ी कामयाबी, डीएमआरसी ने गोल्डन लाइन पर बना ली यह सुरंग

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने बुधवार को अपने फेज 4 विस्तार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। डीएमआरसी को आगामी गोल्डन लाइन पर किशनगढ़ और वसंत कुंज स्टेशनों के बीच 1.5 किलोमीटर लंबे हिस्से में सुरंग बनाने में सफलता मिली है। डीएमआरसी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि 91 मीटर लंबी एक टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ने निर्माणाधीन वसंत कुंज मेट्रो स्टेशन पर यह सफलता हासिल की। डीएमआरसी ने बुधवार को कहा कि उसने चौथे चरण के तुगलकाबाद-एरोसिटी कॉरिडोर पर किशनगढ़ और वसंत कुंज स्टेशन के बीच भूमिगत टनल के निर्माण का काम पूरा कर लिया। 1550 मीटर लंबी सुरंग खोदने के बाद टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) बुधवार को सुबह वसंत कुंज मेट्रो स्टेशन पर बाहर निकली। इस काम के लिए 91 मीटर लंबी विशाल टीबीएम का इस्तेमाल किया गया। एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर के हिस्से के रूप में इस खंड के अप लाइन और डाउन लाइन पर आवाजाही के लिए दो समानांतर सुरंगों का निर्माण किया गया है। दूसरी समानांतर टनल का काम इसी साल मार्च के महीने में पूरा किया गया था। सुरंग निर्माण के दौरान सभी जरूरी सुरक्षा सावधानियां बरती गईं। चौथे चरण के निर्माण कार्यों में 40.109 किमी की भूमिगत लाइनों का निर्माण किया जा रहा है। एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर में कुल 19.343 किमी भूमिगत खंड हैं।

नीदरलैंड्स में ट्रम्प से मिले जेलेंस्की, ट्रम्प बोले- पुतिन से जंग खत्म करने पर बात करूंगा

एम्स्टर्डम, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने नीदरलैंड्स में नाटो समिट के दौरान बुधवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से करीब 50 मिनट तक बातचीत की। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प से वास्तविक शांति और यूक्रेनी जनता की सुरक्षा पर चर्चा की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने हथियारों की सप्लाई, ड्रोन बनाने और रूस के खिलाफ प्रतिबंध पर बात की। ट्रम्प ने कहा कि वे जल्द ही पुतिन से युद्ध खत्म करने की बात करेंगे। वहीं, जेलेंस्की ने बताया कि रूस अभी युद्धविराम के मूड में नहीं है।



नाटो प्रमुख मार्क रुटे ने कहा कि चीन, ईरान और उत्तर कोरिया के समर्थन से रूस तेजी से हथियार बना रहा है, जो नाटो के लिए चुनौती है। उन्होंने पुतिन पर भरोसा न होने की बात भी कही। नाटो ने 2035 तक रक्षा खर्च को जीडीपी का 5 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है, जो ट्रम्प की मांग और रूस के खतरे के जवाब में है।

पुतिन ब्राजील नहीं जाएंगे: रूस के राष्ट्रपति पुतिन अगले हफ्ते ब्राजील में होने वाले ब्रिक्स समिट में नहीं जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने 2023 में जबरदस्ती यूक्रेनी बच्चों को रूस ले जाने के वॉर क्राइम के आरोप में पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। रूस ने इन आरोपों को खारिज किया है, लेकिन पुतिन आईसीसी सदस्य देशों में गिरफ्तारी के डर से जाने से सावधानी बरतते हैं।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव को भूमि हेराफेरी मामले में जमानत

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल की एक अदालत ने बुधवार को पतंजलि योगपीठ से जुड़े भूमि गबन के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल को 3.5 मिलियन नेपाली रुपये की जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत समाजवादी) के अध्यक्ष माधव भूमि गबन के मामले से संबंधित अपनी दलीलें पेश करने के लिए विशेष अदालत में उपस्थित थे। एक अधिकारी ने बताया कि अदालत ने आदेश दिया कि वह 3.5 मिलियन नेपाली रुपये की जमानत राशि जमा करने के बाद जा सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में प्राधिकरण के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) ने पतंजलि भूमि सौदा मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए उनके और 93 अन्य के खिलाफ एक विशेष अदालत में मामला दर्ज किया था। सीआईएए ने आरोप लगाया कि भारतीय समूह पतंजलि योगपीठ ने भूमि सीलिंग छूट के तहत कावरेपालनचोक जिले में जमीन खरीदी थी। हालांकि, सरकारी रियायत के तहत अधिग्रहित भूमि को 2009 में माधव के प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान कैबिनेट स्तर की मंजूरी के साथ बेचा गया था। एक बयान में पतंजलि ने कहा, उसने नेपाल के कानूनों के अनुसार उचित प्रक्रिया से भूमि खरीदी थी।

ट्रंप ने न्यूयॉर्क के भारतीय मूल के मेयर उम्मीदवार को लेकर जताई नाराजगी

वॉशिंगटन, एजेंसी। न्यूयॉर्क मेयर का डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने जीत लिया है। इसके बाद अब नवंबर में होने वाले मुख्य चुनाव में ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से मेयर पद के उम्मीदवार होंगे। ममदानी की जीत पर राष्ट्रपति ट्रंप ने नाराजगी जताई और ममदानी को वामपंथी बेवकूफ बता दिया। ट्रंप ने ममदानी का समर्थन करने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के शीर्ष नेताओं की भी आलोचना की।

ट्रंप ने ममदानी की जीत पर जताई नाराजगी: ट्रंप ने जोहरान ममदानी की जीत के बाद ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ये आखिरकार हो ही गया, डेमोक्रेट्स ने सीमा पार कर दी है। जोहरान ममदानी एक सौ फीसदी वामपंथी बेवकूफ हैं, उन्होंने अभी डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव जीता है और वे न्यूयॉर्क के अगले मेयर बनने की राह पर हैं। हमने पहले भी चरमपंथी वामपंथी देखे हैं, लेकिन ये बिल्कुल बेतुका है।

ममदानी पर निजी हमला बोला: ममदानी पर ट्रंप ने निजी हमले भी किए और लिखा कि ममदानी देखने में अजीब लगते हैं और उनकी आवाज भी बहुत कर्कश है। वे बहुत समझदार भी नहीं हैं और कई वरिष्ठ डेमोक्रेटिक नेता उनका समर्थन कर रहे हैं, जिनमें हमारे महान फलस्तीनी सीनेटर चक शूमर भी शामिल हैं। यह हमारे देश के इतिहास की बड़ी घटना है।

सीजफायर के बाद भी खौफ में ईरान ! सुप्रीम लीडर के लिए नई चुनौती खड़ी

अब आंतरिक विद्रोह का डर

तेल अवीवी, एजेंसी। 12 दिन के खूनी संघर्ष के बाद भले ही इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष थमा हो, लेकिन अब ईरान के भीतर हालात और भी अस्थिर होते नजर आ रहे हैं। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को डर है कि इस युद्ध के बाद देश में व्यापक विरोध या विद्रोह की लहर उठ सकती है, जिसे रोकने के लिए उन्होंने बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। 12 दिन चले भीषण संघर्ष के बाद इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर तो लागू हो गया है, लेकिन इसके बाद ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई के लिए नई चुनौती खड़ी हो गई है आंतरिक विद्रोह का डर। माना जा रहा है कि इस युद्ध ने ईरान की जनता, खासकर अल्पसंख्यक समुदायों में असंतोष और विद्रोह की संभावनाएं बढ़ा दी हैं।


ईरान सरकार ने युद्धविराम के तुरंत बाद सुरक्षा बलों को अलर्ट पर डाल दिया है। कई अशांत क्षेत्रों विशेष रूप से कुर्द और बलूच बहुल इलाकों में सेना की तैनाती बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि 705 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कई लोगों पर इजरायल के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया है। कई क्षेत्रों में घर-घर तलाशी और सख्त निगरानी अभियान चलाए जा रहे हैं। ईरानी अधिकारियों को आशंका है कि इजरायल द्वारा किए गए हमलों के बाद जनता का गुस्सा इस्लामिक शासन के खिलाफ फूट सकता है।

यही कारण है कि खामेनेई ने अभी से कड़े कदम उठाकर संभावित विद्रोह को कुचलने की रणनीति अपनाई है। ईरान में लंबे समय से कुर्द और बलूच सुन्नी मुस्लिम अल्पसंख्यक शासक फारसी शिया सरकार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। युद्ध के बाद इन्हीं समुदायों में असंतोष सबसे अधिक देखा जा रहा है। यही कारण है कि सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां इन इलाकों से की गई हैं। खुफिया एजेंसियां और सेना इन क्षेत्रों में कड़ी नजर रखे हुए हैं।



पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. वीवी गिरि को दी गयी श्रद्धांजलि

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो के विद्यार्थी कंप्यूटर परिसर में भारत के चौथे राष्ट्रपति, स्वतंत्रता सेनानी, और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. वराहगिरि वेंकट गिरि (वी. वी. गिरि) की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आज बोकारो में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें राजनेताओं, सामाजिक कार्यकताओं और आम नागरिकों ने उनकी राष्ट्रसेवा और श्रमिक हितों के लिए किए गए कार्यों को याद किया। डॉ. वी. वी. गिरि का जन्म 10 अगस्त 1894 को ओडिशा के बेरहमपुर में एक तेलुगु ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उन्होंने न केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किया। वे भारत के पहले स्वतंत्र उम्मीदवार थे, जिन्होंने 1969 में राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता, जो भारतीय इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। बोकारो में में आयोजित एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने डॉ. गिरि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "डॉ. वी. वी. गिरि का जीवन सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और श्रमिक कल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनका योगदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। विद्यार्थी कंप्यूटर के संचालक नन्द किशोर विद्यार्थी ने कहा कि "डॉ. वी. वी. गिरि एक सच्चे देशभक्त और श्रमिकों के हितों के प्रहरी थे। उनकी सादगी और समर्पण हमें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।"डॉ. गिरि ने अपने कार्यकाल के दौरान मजदूरों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने 'औद्योगिक संबंध' और 'भारतीय उद्योग में श्रम समस्याएं' जैसी पुस्तकें लिखकर श्रमिक मुद्दों पर अपनी गहरी समझ का परिचय दिया। 1975 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था। बोकारो में विभिन्न सामाजिक संगठनों और ट्रेड यूनियनों ने डॉ. गिरि की स्मृति में श्रमिक कल्याण से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए। अनिमेष गिरि ने कहा कि डॉ. गिरि के 'गिरि दृष्टिकोण' ने, जो गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित था, श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस दृष्टिकोण ने भारतीय श्रम नीतियों को नई दिशा दी।आज के दिन, देश ने न केवल एक



महान नेता को याद किया, बल्कि उनके आदर्शों को अपनाने और सामाजिक न्याय के लिए कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। डॉ. वी. वी. गिरि का जीवन और उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। आज भारत ने अपने चौथे राष्ट्रपति, स्वतंत्रता सेनानी, और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. वराहगिरि वेंकट गिरि (वी. वी. गिरि) की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। 24 जून 1980 को चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें राजनेताओं, सामाजिक कार्यकताओं और आम नागरिकों ने उनकी राष्ट्रसेवा और श्रमिक हितों के लिए किए गए कार्यों को याद किया।डॉकार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय ने डॉ. गिरि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर व्यवसाई राजेश भारती ने कहा कि "डॉ. वी. वी. गिरि का जन्म 10 अगस्त 1894 को ओडिशा के बेरहमपुर में एक तेलुगु ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उन्होंने न केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किया। वे भारत के पहले स्वतंत्र उम्मीदवार थे, जिन्होंने 1969 में राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता, जो भारतीय इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। अधिवक्ता भानु गिरि ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि "डॉ. वी. वी. गिरि एक सच्चे देशभक्त और श्रमिकों के हितों के प्रहरी थे। उनकी सादगी और समर्पण हमें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।"डॉ. गिरि ने अपने कार्यकाल के दौरान मजदूरों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। डॉक्टर पूर्णेंदु गोस्वामी ने कहा कि डॉ गिरि 'औद्योगिक संबंध' और 'भारतीय उद्योग में श्रम समस्याएं' जैसी पुस्तकें लिखकर श्रमिक मुद्दों पर अपनी गहरी समझ का परिचय दिया। 1975 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था।वक्ताओं ने उनके स्वतंत्रता संग्राम और श्रम आंदोलन में योगदान को याद किया । कवि अशोक पारस ने कहा कि डॉ. गिरि के 'गिरि दृष्टिकोण' ने, जो गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित था, श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस दृष्टिकोण ने भारतीय श्रम नीतियों को नई दिशा दी।आज के दिन, देश ने न केवल एक महान नेता को याद किया, बल्कि उनके आदर्शों को अपनाने और सामाजिक न्याय के लिए कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। डॉ. वी. वी. गिरि का जीवन और उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। इस अवसर पर नंद किशोर विद्यार्थी, राजेश गिरि, राजेश भारती, मनोज भारती, शारदा गिरि, अरविंद गिरि, बाला गिरि, मिथलेश गिरि, अभय गिरि, श्रीराम गिरि, जितेश गिरि, कृष्ण मुरारी गिरि, ज्योति मणि गिरि, राम बारिश गिरि, राजेंद्र गिरि, मनीष गोस्वामी, डॉ पूर्णेंदु गोस्वामी, अशोक पारस, सरजू गोस्वामी, सतीश गिरि, रामराज गिरि, ब्रह्मेश्वर गिरि, बच्चा पर्वत गोस्वामी, भानु गिरि समेत सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

अधिकारी संवेदनशीलता के साथ सड़क सुरक्षा को करें सुनिश्चित : उपायुक्त

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त -सह -अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में पिछली बैठक की कार्यवाही पर कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर बोकारो विधायक श्वेता सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट मुकेश मछुआ, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, परियोजना निदेशक, एनएचएआई अमित कुमार, उत्पाद आयुक्त , पुलिस उपाधीक्षक यातायात विद्या शंकर, स्वास्थ्य विभाग से डॉ संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा के संबंध में दिए गए निर्देश को गंभीरता से पालन करें-

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि सड़क सुरक्षा आम जन के जीवन से जुड़ा हुआ है और यह अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय है। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे में सड़क सुरक्षा के संबंध में दिए गए निर्देश को गंभीरता से पालन करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेंगी। उन्होंने सभी ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक साइनेज लगाने का निर्देश दिया तथा जहां-जहां आवश्यक हो स्पीड लिमिट के साइनेज भी लगाने हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि बोकारो जिला के सभी प्रवेश सीमा क्षेत्र में स्पष्ट सांकेतिक होर्डिंग्स लगे हो कि आप बोकारो जिला के सीमा क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं । वहीं, बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर की ओर से जानकारी दी गई कि सड़क दुर्घटनाएं शाम 6:00 बजे से रात्रि के 9:00 बजे तक होती हैं, ऐसे में इस समय ट्रैफिक पुलिस एवं अन्य सड़क सुरक्षा में लगे एजेंसीज बेहतर समन्वय के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने तलगड़िया मोड़ पर लगे कैमरे से लगातार यात्रियों की निगरानी की जा रही



है, ऐसे में आम जनों से अपील की गई है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन न करें, उन पर कैमरे से सघन निगरानी की जा रही है। सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने पर सड़क सुरक्षा नियम के अनुकूल उन पर कार्रवाई एवं अर्थदंड दोनों अधिरोपित किये जा सकते हैं। उन्होंने 108 एम्बुलेंस के संदर्भ में कहा गया कि इसका रिस्पांस टाइम कम करें ताकि लोगों को दुर्घटना से बचाया जा सके।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा के दौरान दुर्घटना की स्थिति में टॉल फ्री नंबर 1033 पर कॉल कर प्राप्त करे सेवाएं-

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार की ओर से जानकारी दी गई की राजमार्गों पर होने वाले सड़क दुर्घटना में लोगों को न्यूनतम समय में अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस सभी टोल प्लाजा के पास मौजूद रहते हैं। सड़क दुर्घटना की स्थिति में 1033 पर कॉल करके एम्बुलेंस मंगाया जा सकता हैं तथा समय पर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को अस्पताल तक पहुंचा जा सकता है। उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि लगातार समय अंतराल पर चालकों का नेत्र जांच शिविर लगाए ताकि किसी भी चालक के नेत्र गड़बड़ी को पहचाना जा सके और उनके ड्राइविंग करने पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया जा सके।

वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश-

उपायुक्त अजय नाथ झा ने वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया ताकि लोगों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति गंभीरता हो सके और सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह निश्चित समय अंतराल पर लगातार बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा नियमों के संदर्भ में कार्यशाला एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रम संचालित करें। इसके लिए एक कैलेंडर बनाए और उस कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रमों का संचालन करें।

नगर निगम लगातार अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाएं-

नगर निगम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा ने ब्लैक स्पॉट को जीरो एक्सीडेंट जॉन बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं एवं जो भी सुरक्षात्मक उपाय किए जा सकते हों, उसे सुनिश्चित करें

ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षात्मक उपायों की व्यवस्था के लिए संयुक्त जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करें-

उपायुक्त अजय नाथ झा ने ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुरक्षात्मक व्यवस्था सुनिश्चित करने की दृष्टिकोण से जिला परिवहन पदाधिकारी, ट्रैफिक डीएसपी, अनुमंडल दंडाधिकारी एवं नेशनल हाईवे अथॉरिटीज को संयुक्त रूप से ऐसे ब्लैक स्पॉट के क्षेत्र का भ्रमण कर आवश्यक मेजर लेने का निर्देश दिया गया।

तय राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करें : अजय नाथ झा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा में दाखिल खारिज, राजस्व न्यायालय, पीएमजी पोर्टल पर संधारित परियोजनाएं, जन आवेदन, दाखिल खारिज अपील, लंबित भू-हस्तांतरण के मामले, खनन, उत्पाद, नगर निगम, नगर पंचायत, अवर निबंधक, श्रम सहित अन्य विभागों द्वारा किए गए राजस्व संग्रहण की मासिक प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त अजय नाथ झा ने संबंधित विभागों से उनके वार्षिक लक्ष्य एवं विगत माह के प्रदर्शन की जानकारी ली गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने लक्ष्य निर्धारित वार्षिक राजस्व संग्रहण लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल करने की दिशा में ठोस प्रयास सुनिश्चित करें। उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा सभी राजस्व पदाधिकारी को विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला खनन पदाधिकारी श्री रवि कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी तेनुघाट श्री मुकेश मछुआ, भूमि सुधार उप समाहर्ता चास प्रभास दत्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा वंदना सेजवलकर, सहायक उत्पाद आयुक्त उमाशंकर सिंह, सभी अंचलाधिकारी बोकारो जिला एवं अन्य उपस्थित थे।



प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें -

उपायुक्त अजय नाथ झा के द्वारा राजस्व विभाग की समीक्षात्मक बैठक में दाखिल खारिज एवं दाखिल खारिज अपीलवाद को ससमय निष्पादन हेतु सभी संबंधित अंचल अधिकारियों एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता चास एवं बेरमो (तेनुघाट) को निर्देश दिया। साथ ही कोई भी मामला निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित न हो। प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

राजस्व न्यायालय में लंबित वाद, लंबित भू हस्तांतरण के मामले का ससमय निष्पादन करें -

उपायुक्त अजय नाथ झा के द्वारा समीक्षात्मक बैठक में राजस्व न्यायालय में लंबित वाद, लंबित भू हस्तांतरण के मामले, विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जन आवेदन इत्यादि का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे सकसेशन म्यूटेशन परिशोधन ग्रीवास, सर्टिफिकेट केस, अवैध जमाबंदी समेत अन्य की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

हमें नशे के खिलाफ केवल बोलना नहीं, बल्कि उदाहरण बनकर है दिखाना : न्यायाधीश



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस एवं अवैध तस्करी के खिलाफ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न पंचायत , लीगल लिटरेसी स्कूल एवं कॉलेज में एलएडीसीएस, डालसा के अधिकार मित्र, पैनल अधिवक्ता, द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया इस मौके पर मीडिया से बात करते जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता रैली, काउंसलिंग शिविर, और नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इस कड़ी में नालसा नई दिल्ली द्वारा जारी वीडियो क्लिप को छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण को दिखाया गया. लोगों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश मयंक ने कहा कि यह दिवस हमें नशे के खतरों के प्रति जागरूक करने और समाज में फैली इस बुराई के खिलाफ एकजुट होने की प्रेरणा देता है.नशा एक धीमा जहर है। यह न केवल शरीर को खोखला करता है, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी बर्बाद कर देता है। दुख की बात है कि आजकल युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। यह लत उन्हें पढ़ाई से दूर कर रही है, अपराध की ओर धकेल रही है और उनके सपनों को चकनाचूर कर रही है। यदि समय रहते इन्हें रोका न गया, तो हमारे राष्ट्र का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने लोगों से आवाहन करते हुए कहा कि। हमें नशे के खिलाफ केवल बोलना नहीं है, बल्कि उदाहरण बनकर दिखाना है। समाज में जागरूकता अभियान चलाकर, नशे से दूर रहने का संदेश फैलाना चाहिए। अगर हमारा कोई साथी या पड़ोसी इस रास्ते पर चल रहा हो, तो प्यार और समझदारी से उसे सही रास्ता दिखाने की कोशिश करनी चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान

कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते हुए एसीबी ने किया गिरफ्तार

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो धनबाद ने गुरुवार को डीसीएलआर कार्यालय में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को पंद्रह हजार की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।एसीबी की इस कार्रवाई से कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया और अन्य कर्मी सकते में आ गए।एसीबी के पुलिस अधीक्षक बिनोद कुमार ने बताया कि वादी वीर बहादुर सिंह की शिकायत पर कार्रवाई की गई।वादी का म्यूटेशन (दखिल-खारिज) आवेदन अंचल कार्यालय से रिजेक्ट हो गया था जिसके खिलाफ उन्होंने डीसीएलआर कार्यालय में अपील की थी। शिकायत में आरोप था कि अपील से जुड़ी फाइल को आगे बढ़ाने और आदेश पारित कराने के एवज में कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार पंद्रह हजार की रिश्वत की मांग की है।शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाए गए जिसके बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप ऑपरेशन चलाया और आरोपी को उसके कार्यालय में रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। उन्होंने यह भी बताया कि मामले में किसी वरिष्ठ अधिकारी की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।



सरकारी जमीन को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल द्वारा सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को बुलडोजर लगाकर अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है । इस संबंध में अंचल अधिकारी ने बताया कि शंकरडीह के ग्रामीणों ने आवेदन दिया था की शंकरडीह मोजे के खाता नंबर 83 प्लॉट नंबर 764 रकवा 1.16 एकड़ पर किसी के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। अंचल अधिकारी ने इसे तुरंत संज्ञान में लेते हुए प्रभारी अंचल निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह राजस्व उप निरीक्षक विजय कुमार, अंचल अमीन राजकुमार आदि अपने पूरे दल बल के साथ प्लॉट पर पहुंचकर बुलडोजर लगाकर प्लॉट को मुक्त किया। वही अंचल अधिकारी ने पूर्वी टुंडी अंचल वासियों को यह निर्देश दिया की कोई भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं करे नहीं तो उस पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।



आस्था ज्वेलर्स लूटकांड में शामिल छह लुटेरे पटना से गिरफ्तार

जेवर और नकद बरामद, अन्य कई घटनाओं का खुलासा



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो के व्यस्त बाजार स्थित आस्था ज्वेलर्स में 23 जून के सरेशाम हुई डेढ़ करोड़ रुपए के जेवरात की लूट मामले का बोकारो पुलिस ने खुलासा किया है। चास सीडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने पटना एसटीएफ के सहयोग से लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पटना से 6 लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जिसमें रोशन सिंह, राहुल पटेल ,नितेश कुमार, प्रिंस कुमार आदित्य राज और मुसाफिर हवारी शामिल है। इनके पास से पुलिस ने दुकान से लूट गया सोने की 23 पीस अंगूठी 6 गले का हर एक ब्रेसलेट नकद 13820 रुपया, इस लूट कांड में इस्तेमाल किया गया स्विफ्ट डिजायर कार और एक होंडा सिटी 350 मोटरसाइकिल को जप्त किया गया है। एसपी ने बताया कि इस लूट कांड का मास्टरमाइंड पटना बेऊर जेल में बंद कुख्यात अपराधी अविनाश श्रीवास्तव है जो जेल से ही इस घटना को अंजाम दिलवाने का काम किया है। इस गिरोह के सदस्य प्रिंस कुमार और राहुल पटेल ने 19 जून की शाम पेटरवार थाना क्षेत्र के सरकारी शराब दुकान में भी 50 हजार की लूट की घटना को अंजाम दिया था। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि इस लूट कांड में शामिल करण उर्फ. देवा राहुल पटेल और वीरू उर्फ गोलू उर्फ रोनित ने 12 और 13 जून को चास एवं अन्य स्थान पर रिकी एवं प्लानिंग करने का काम किया। यह लोग पुरुलिया जिला के बाढ़ ग्राम के सिंह होटल में रुकने का काम किए थे। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि घटना के बाद सीसीटीवी और सभी जिलों के सपा और पटना एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से इस घटना में शामिल 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस लूट कांड में अन्य अपराधी अभी फरार हैं ।इनके पास से 7 लाख का जेवरात बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि लोकल लिंक को भी तलाशने का काम किया जा रहा है। जल्द ही अन्य अपराधी भी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में इस्पात संयंत्र के विद्युत प्रणाली के बारे में एलइओ कार्यशाला का आयोजन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। दिनाँक 26 जून को सेल की विभिन्न इकाईयों तथा इस्पात उत्पादन से जुड़ी निजी संगठन के द्वारा विद्युत प्रणाली के बारे में अपनी जानकारी को एक दूसरे के साथ साझाकरने के उद्देश्य से स्टील प्लांट में पावर सिस्टम पर लियो कार्यशाला विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. कार्यशाला के उद्घटान सत्र में बीएस एल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) पी के बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) डी सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) बी के सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (पावर) डी के भांजा, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल) लक्ष्मी दास तथा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा उपस्थित थी. कार्यशाला के प्रारम्भ में सभी ने निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ सुरक्षा शपथ ली, तत्पश्चात महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) डी आर टोप्पो ने सभी अतिथियों एव प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा इसप्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी. इसके बाद मुख्य महाप्रबंधक (पावर) डी के भांजा ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की. इस कार्यशाला में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों सहित भिलाई स्टील प्लांट, दुगार्पुर स्टील प्लांट,राउरकेला स्टील प्लांट, इस्को, मेकॉन, टाटा मैटेलिक, ए बी बी इंडिया लिमिटेड, सीमेंस, एम एन दस्तूर लिमिटेड,स्नाइडर लिमिटेड के प्रतिभागियों ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विद्युत प्रणाली के बारे में जानकारी साझा की. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस कार्यशाला को उपयोगी बनाने के लिए यह आवश्यक है कि कार्यशाला से निकले परिणाम को हम अपने संयंत्र में आवश्यकतानुसार अमल में लायें. निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार





तिवारी ने इस कार्यशाला की उपयोगिता और महत्व के बारे में कहा कि स्टील उत्पादन एक ऊर्जा गहन प्रक्रिया है और विद्युत ऊर्जा प्रणाली के बिना ब्लास्ट फर्नेस से लेकर रोलिंग मिल, क्रेन और अन्य सभी यूनिट्स अर्थात इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया संभव नहीं है. इस्पात संयंत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए विद्युत ऊर्जा का इष्टतम उपयोग और नियंत्रण की आवश्यकता है.

कार्यशाला के सुचारु संचालन में महाप्रबंधक(डी एन डब्लू) संजय कुमार, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की महाप्रबंधक डी आर टोप्पो, सहायक महाप्रबंधक मंजरी श्रीवास्तव, प्रबंधक जय नारायण यादव एव कनीय प्रबंधक एस के डी भौमिक, राकेश कुमार सिंह, अर्जुन बाउरी, कौशल प्रताप सिंह, नवनीत कुमार सिंह तथा भीम प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (डी एन डब्लू) संजय कुमार के द्वारा किया गया.

बेसिक ऑफ इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रो-हाइड्रोलिक्स विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में "बेसिक ऑफ इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रो-हाइड्रोलिक्स" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र के विशेषज्ञ और अनुभवी फैकल्टी के सपोर्ट द्वारा किया जा रहा है. कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स-फॉउन्ड्री), जे वी शेखर, मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास), नीता बा, महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) देवश्री रानी टोप्पो, तथा संकाय के रूप में सी आर एम-III विभाग के श्री विशांत कुमार (वरीय प्रबंधक) उपस्थित थे. सर्वप्रथम प्रबन्धक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री जय नारायण यादव ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी. मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स-फॉउन्ड्री), जे वी शेखर ने इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि रेक्सरोथ हाइड्रोलिक्स प्रशिक्षण किट ऊर्जा कुशल हाइड्रोलिक प्रणाली है जो शक्ति को अनुकूलित करने के लिए सिंट्रोनिक्स परिवर्तनीय गति ड्राइव और गतिज बफरिंग को नियोजित करती है. यह ऊर्जा के उपयोग को 50-70% तक कम करती है और ध्वनि प्रदूषण भी कम करती है. उन्होंने सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया. मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास), सुश्री नीता बा ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजिटल नियंत्रण और कनेक्टिविटी, दूरस्थ निदान, स्थिति निगरानी और प्रक्रिया अंतर्दृष्टि के साथ उद्योग 4.0 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक है. महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती देवश्री रानी टोप्पो ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रतिभागियो को सैधांतिक ज्ञान के अलावा हाइड्रोलिक ट्रेनिंग किट और सिम्युलेटर के माध्यम से प्रयोगात्मक अध्ययन करने का अवसर मिलेगा. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के प्रबंधक श्री जय नारायण यादव ने किया. कार्यक्रम के आयोजन मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ऑपरेटर श्री नवनीत कुमार सिंह तथा ओ सी टी टी श्री भीम प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com